
उत्तर पश्चिम रेलवे
North Western Railway
प्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# माननीय सांसदों के साथ मण्डलीय समिति की द्वितीय बैठक

माननीय सांसदों द्वारा उठाये गये मदों पर टिप्पणी

## AGENDA WITH REMARKS

प्रधान कार्यालय, जयपुर
दिनांक 05.05.2018



# मण्डलीय समिति के माननीय सदस्यों की सूची

| क्रम. सं. | माननीय सदस्य | |
|---|---|---|
| 1. | श्रीमति हरसिमरत कौर बादल | केन्द्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री |
| 2. | श्री अर्जुन राम मेघवाल | केन्द्रीय राज्य मंत्री, जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण एवं संसदीय कार्य मंत्रालय |
| 3. | श्री सी. आर. चौधरी | केन्द्रीय राज्य मंत्री, उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय |
| 4. | श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत | केन्द्रीय राज्य मंत्री, कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय |
| 5. | श्री हरिभाई पारथीभाई चौधरी | केन्द्रीय राज्य मंत्री, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उध्यम मंत्रालय |
| 6. | श्री के. जे. अल्फोन्स | केन्द्रीय राज्य मंत्री पर्यटन मंत्रालय (स्वतंत्र प्रभार), और इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय |
| 7. | श्री पी. पी. चौधरी | केन्द्रीय राज्य मंत्री, कानून और न्याय, कॉर्पोरेट मामलात मंत्रालय |
| 8. | श्री राव इन्द्रजीत सिंह | केन्द्रीय राज्य मंत्री योजना मंत्रालय (स्वतंत्र प्रभार), और रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय |
| 9. | कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ | केन्द्रीय राज्य मंत्री, युवा मामले और खेल मंत्रालय(स्वतंत्र प्रभार) एवं सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय |
| 10. | श्री विजय गोयल | केन्द्रीय राज्य मंत्री, संसदीय मामलों के मंत्रालय; सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय |
| 11. | श्री अर्जुन लाल मीना | माननीय सांसद |
| 12. | श्री भूपेन्द्र यादव | माननीय सांसद |
| 13. | श्री चन्द्र प्रकाश जोशी | माननीय सांसद |
| 14. | श्री चरणजीत सिंह रोरी | माननीय सांसद |
| 15. | श्री देव जी एम. पटेल | माननीय सांसद |
| 16. | श्री दीपेन्द्र सिंह हुड्डा | माननीय सांसद |
| 17. | श्री दिपसिंह शंकरसिंह राठौड | माननीय सांसद |
| 18. | श्री धर्मबीर | माननीय सांसद |
| 19. | श्री दुष्यन्त चौटाला | माननीय सांसद |
| 20. | श्री हरिओम सिंह राठौड़ | माननीय सांसद |
| 21. | श्री हरीश चन्द्र मीना | माननीय सांसद |
| 22. | श्री हर्षवर्धन सिंह डूंगरपुर | माननीय सांसद |
| 23. | डॉ. करण सिंह यादव | माननीय सांसद |
| 24. | डॉ. किरोड़ी लाल मीना | माननीय सांसद |
| 25. | श्री मदन लाल सैनी | माननीय सांसद |
| 26. | श्री मधुसूदन देवराम मिस्त्री | माननीय सांसद |
| 27. | श्री मानशंकर निनामा | माननीय सांसद |
| 28. | श्री नारायण लाल पंचारिया | माननीय सांसद |
| 29. | श्री निहाल चन्द | माननीय सांसद |
| 30. | श्री ओमप्रकाश माथुर | माननीय सांसद |
| 31. | डॉ. रघु शर्मा | माननीय सांसद |
| 32. | श्री राहुल कस्वां | माननीय सांसद |
| 33. | श्री रामचरण बोहरा | माननीय सांसद |
| 34. | श्री रामकुमार वर्मा | माननीय सांसद |
| 35. | श्री रामनारायण डूडी | माननीय सांसद |
| 36. | श्रीमति संतोष अहलावत | माननीय सांसद |
| 37. | कर्नल सोना राम | माननीय सांसद |
| 38. | डॉ. सुभाष चन्द्र | माननीय सांसद |
| 39. | श्री सुभाष चन्द्र बहेड़िया | माननीय सांसद |
| 40. | श्री सुखबीर सिंह जौनापुरिया | माननीय सांसद |
| 41. | श्री सुमेधा नन्द सरस्वती | माननीय सांसद |

# माननीय सदस्यों द्वारा प्रस्तावित मदों की सूची


| क्रम. सं. | माननीय सदस्य | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| 1. | श्रीमति हरसिमरत कौर बादल | 1—1 |
| 2. | श्री सी. आर. चौधरी | 2—9 |
| 3. | कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ | 10—13 |
| 4. | श्री धर्मबीर | 14—22 |
| 5. | श्री दिपसिंह शंकरसिंह राठौड़ | 23—24 |
| 6. | श्री हरिओम सिंह राठौड़ | 25—31 |
| 7. | श्री हर्षवर्धन सिंह डूंगरपुर | 32—32 |
| 8. | डॉ. करण सिंह यादव | 33—41 |
| 9. | श्री मदन लाल सैनी | 42—43 |
| 10. | श्री मानशंकर निनामा | 44—44 |
| 11. | श्री निहाल चन्द | 45—47 |
| 12. | श्री राहुल कस्वां | 48—51 |
| 13. | श्रीमति संतोष अहलावत | 52—53 |
| 14. | श्री सुभाष चन्द्र बहेड़िया | 54—58 |

| 1. श्रीमती हरसिमरत कौर बादल | |
|---|---|
| 1. | Rail Over Bridge (ROB) to be constructed at Railway crossing C-19, near the historical Gurudwara of Chheharta Sahib. |
| | रिमार्क्सः–<br>यह मद उत्तर रेलवे से संबंधित है। उत्तर रेलवे को संदर्भित किया जा रहा हैं। |
| 2. | Request for upgradation of Nanaksar Railway Station.<br>1. Nanaksar Railway Station needs double line at the station to make it a crossing station. Difficulties are being faced by the pilgrims in Single line.<br>2. Providing covered shed, water coolers & benches.<br>3. Height of the platform to be raised for the convenience of the passengers as it is of a very low height at present. |
| | रिमार्क्सः–<br>वर्णित स्टेशन नानकसर (Nanaksar) एवं गोनियाना (Gonean) स्टेशन उत्तर रेलवे के फिरोजपुर मण्डल के अन्तर्गत आते हैं। उत्तर पश्चिम रेलवे के क्षेत्राधिकार में नहीं हैं। उत्तर रेलवे को प्रकरण संदर्भित किया जा रहा है। |
| 3. | Stoppage of Delhi-Sriganganagar Inter City Express at Budhlada. |
| | रिमार्क्सः–<br>बुधलाडा रेलवे स्टेशन उत्तर रेलवे के स्वामित्व का स्टेशन है। अतः उक्त स्टेशन पर ठहराव देना उत्तर रेलवे के क्षेत्राधिकार में है। इस हेतु उत्तर रेलवे को पत्र विचारार्थ भेज दिया गया है। |
| 4. | Extension of Train No. 12555 & 12556 – Goradhdam Express (currently running between Gorakhpur & Hisar) to be extended up to Bathinda. |
| | रिमार्क्सः–<br>गाड़ी सं. 12555/12556 गोरखपुर – हिसार गोरखधाम एक्सप्रेस का हिसार स्टेशन पर सीमित लाई ओवर ( 06.25 घण्टे) होने के कारण इस गाड़ी का बठिंडा तक बिना अतिरिक्त रेक के विस्तारण करना संभव नहीं है। यहाँ भी उल्लेखनीय है कि बठिंडा स्टेशन उत्तर रेलवे का है अतः सुझाव पुनः उत्तर रेलवे एवं रेलवे बोर्ड को विचारार्थ भेजा जायेगा। |
| 5. | To construct a Culvert (Pulli) below the Railway Line km 248/7-8 near Culvert Number 317 so that the irrigation water from the irrigation outlet No. 43836 can reach these villages. Difficulties being faced in irrigation of agricultural land. |
| | रिमार्क्सः–<br>ये मद उत्तर पश्चिम रेलवे से संबंधित नहीं है। उत्तर रेलवे को संदर्भित किया जा रहा है। |
| 6. | Foot Over bridge at Goniana Railway Station. |
| | रिमार्क्सः–<br>वर्णित स्टेशन गोनियाना (Goniana) स्टेशन उत्तर रेलवे के फिरोजपुर मण्डल के अन्तर्गत आता है। उत्तर पश्चिम रेलवे के क्षेत्राधिकार में नहीं है। सुझाव उत्तर रेलवे को संदर्भित किया जा रहा है। |

| 2. श्री सी.आर. चौधरी | |
|---|---|
| 1. | मेड़तारोड–मेड़तासिटी के मध्य डेमू ट्रेन का संचालन किया जाए:– वर्तमान में मेड़तारोड़–मेड़तासिटी के मध्य रेल बस का संचालन किया जा रहा है। जो अपर्याप्त है। रेल बस यात्रियों से खचाखच भरी जाने के साथ आए दिन खराब रहती है। इसके चलते यात्री परेशान रहते हैं। पहले यहां नियमित ट्रेन का संचालन होता था। मगर उक्त ट्रेन का संचालन बंद होने के बाद रेल बस सुविधा की बजाय यात्रियों के लिये असुविधा बनी हुई है। अतः मेड़तारोड़–मेड़तासिटी के मध्य रेल बस को बंद कर डेमू ट्रेन का संचालन करवाया जाए। |
| | **रिमार्क्स:–**<br>वर्तमान में 09 जोड़ी रेल बस एवं एक जोड़ी डेमू सर्विस दी जा रही है। उत्तर पश्चिम रेलवे को सीमित मात्रा में डेमू रेक आवंन्टित हैं। अतिरिक्त रेकों की माँग रेलवे बोर्ड से की गई है, रेलवे बोर्ड से अतिरिक्त रेकों की आपूर्ति प्राप्त होने पर ही अन्य सुझावित रेलखण्डों सहित मेड़ता रोड़–मेड़ता सिटी के मध्य रेल बसों की सर्विस डी.ई.एम.यू. से बदलना संभव होगा। |
| 2. | मेड़तारोड़–रतनगढ़ के मध्य डेमू ट्रेन के स्थान पर स्थाई रेल सेवा संचालन किया जाए:– मेड़तारोड़–रतनगढ़ के बीच यात्री सुविधाओं के मद्देनजर डेमू ट्रेन के स्थान पर स्थाई रेल सेवा का संचालन किया जाना आवश्यक है। |
| | **रिमार्क्स:–**<br>रेलवे बोर्ड द्वारा निर्धारित पॉलिसी के अनुसार कन्वेशनल स्टॉक को डेमू/मेमू स्टॉक से बदला जा रहा है। तदानुसार उत्तर पश्चिम रेलवे पर प्राप्त कुल 10 डेमू रेक से 34 गाड़ियाँ चलाई जा रही हैं। जिनका कि प्राथमिक अनुरक्षण मेड़ता रोड स्टेशन पर किया जा रहा है। इन सभी गाड़ियों को पुनः परम्रागत कोचिंग स्टॉक में बदला जाना रेलवे बोर्ड द्वारा जारी पॉलिसी का उल्लंघन होगा। |
| 3. | बीकानेर–कोलकाता (प्रताप एक्सप्रेस) का ठहराव मकराना जंक्शन पर किया जाए:– बीकानेर–कोलकाता ट्रेन का ठहराव वर्तमान में मकराना जंक्शन पर नहीं हो रहा है। मकराना मार्बल नगरी के नाम से प्रसिद्ध है। जहां देशभर के व्यवसायियों का आना जाना रहता है। अतः उक्त ट्रेन का ठहराव मकराना जंक्शन पर किया जाए। |
| | **रिमार्क्स:–**<br>वर्तमान में मकराना स्टेशन पर यात्री यातायात को देखते हुए 20 जोड़ी एक्सप्रेस तथा 02 जोड़ी सवारी गाड़ियों का ठहराव दिया हुआ है। इस के अतिरिक्त गाड़ी संख्या 12308 जोधपुर हावड़ा सुपरफास्ट का ठहराव मकराना स्टेशन पर दिया गया है। कोलकाता/हावड़ा के लिए यात्रा करने वाले यात्री इस गाड़ी की सुविधा का लाभ उठा सकते हैं। मकराना स्टेशन पर औसत प्रतिदिन प्रतिगाड़ी यात्री व आय रेलवे बोर्ड द्वारा निर्धारित मापदंडों से अत्यंत कम है। अतः गाड़ी संख्या 12495/12496 बीकानेर कोलकाता बीकानेर (साप्ताहिक) प्रताप एक्सप्रेस के ठहराव का वाणिज्यिक औचित्य नहीं है। |
| 4. | नागौर रेलवे स्टेशन का सौन्दर्यकरणः– नागौर जिला मुख्यालय के रेलवे स्टेशन पर सुविधाओं का अभाव है ऐसे में यहां सुविधा का विस्तार एवं सौन्दर्यकरण किया जाना आवश्यक है। नागौर रेलवे स्टेशन को डबल ए क्लास का दर्जा दिलाकर सुविधाओं का विस्तार करवाया जाये। |
| | **रिमार्क्स:–**<br>यात्री यातायात अनुसार नागौर स्टेशन "ए" श्रेणी का स्टेशन है एवं रेलवे बोर्ड की नीति के अनुरूप सभी न्यूनतम आवश्यक यात्री सुविधाएं उपलब्ध हैं। वर्तमान में दूसरा ऊपरी पैदल पुल |

| | |
|---|---|
| | एवं ऐस्केलेटर के कार्य स्वीकृत है, जिन्हे वित्तीय वर्ष 2018–19 में शीघ्र पूर्ण किया जायेगा। सौन्दर्यकरण के लिए चित्रकारी का कार्य मण्डल रेल प्रबंधक के शक्ति अधिकार में कराया जायेगा। |
| 5. | मेड़ता सिटी से पुष्कर नई रेलवे लाईन की स्वीकृति दिलाई जाएः– वर्तमान में मेड़ता सिटी, मेड़ता रोड़ से रेल लाईन से जुड़ा है उधर पुष्कर, अजमेर से जुड़ा है। पुष्कर, अजमेर और मेड़ता तीनों ही अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के धार्मिक स्थल हैं ऐसे में मेड़ता–पुष्कर नई लाईन की स्वीकृती आवश्यक है। |
| | **रिमार्क्सः–**<br>जोधपुर मण्डल में पुष्कर से मेड़तासिटी नई रेल लाईन का प्रस्तावित कार्य वर्ष 2013–14 में स्वीकृत हो चुका है। इस परियोजना की कुल लागत रूपये 323 करोड़ है एवं गेज 1676 एम. एम. रखा गया है। इस परियोजना को चालू करने के लिए CCEA की अनुमति रेल मंत्रालय से प्रतीक्षित है। रेलवे बोर्ड को पुनः अनुरोध किया जा रहा है। |
| 6. | बीकानेर दिल्ली सम्पर्क क्रांति का प्रतिदिन संचालन किया जाएः– वर्तमान में बीकानेर दिल्ली सम्पर्क क्रांति का संचालन सप्ताह में तीन दिन होता है इसका संचालन प्रतिदिन किये जाने से फायदा होगा। |
| | **रिमार्क्सः–**<br>गाड़ी सं. 22463/22464, 12463/12464 बीकानेर/जोधपुर–दिल्ली सराय रोहिल्ला राजस्थान सम्पर्क क्रांती एक्सप्रेस वर्तमान में त्रिसाप्ताहिक संचालित की जा रही है। हाल ही में जोधपुर जं. से दिल्ली स. रोहिल्ला के मध्य गाड़ी संख्या 22481/82 जोधपुर– दिल्ली सराय रोहिल्ला सु.फा. एक्सप्रेस की बारम्बारता द्विसाप्ताहिक से बढ़ाकर प्रतिदिन कर दी गई है एवं यह गाड़ी जोधपुर/ बीकानेर मंडल से गुजरती है। जोधपुर/ बीकानेर स्टेशनों पर सीमित अनुरक्षण सुविधाओं के मध्यनजर गाड़ी सं. 12463/64 तथा 22463/64 बीकानेर/ जोधपुर–दिल्ली सराय रोहिल्ला राजस्थान संपर्क क्रांति की बारम्बारता बढ़ाये जाना परिचालनिक रूप से रेलखण्ड की उपयोगिता एवं दिल्ली सराय रोहिल्ला में वर्तमान में सीमित मात्रा में टर्मिनल क्षमता उपलब्ध है। जोधपुर से दिल्ली के मध्य वर्तमान सात जोड़ी मेल/एक्सप्रेस तथा बीकानेर से दिल्ली के लिए छः जोड़ी मेल/एक्सप्रेस गाड़ियों की सुविधा उपलब्ध है, फिर भी आपका सुझाव उत्तर रेलवे एवं रेलवे बोर्ड को विचारार्थ भेजा जा रहा है। |
| 7. | खुनखुना रेलवे स्टेशन पर जोधपुर दिल्ली मेल, सालासर धाम एक्सप्रेस व ब्रान्द्रा जम्मूतवी (विवेक एक्सप्रेस) तीनों ट्रेनों का ठहराव सुनिश्चित किया जाये। |
| | **रिमार्क्सः–**<br>खुनखुना रेलवे स्टेशन पर प्रति दिन प्रति गाड़ी यात्री भार 48 यात्री है एवं आय 1429/ रू है। रेलवे बोर्ड के पत्र संख्या 2004/कोचिंग–II/13/ठहराव नीति दिनांक 07.12.2015 के अनुसार प्रतिगाड़ी प्रति दिन यात्री आय 12716/रू से 24506/रू होना आवश्यक है। यहाँ पर वर्तमान यात्री यातायात को देखते हुए दो जोड़ी सवारी गाड़ियों का ठहराव है। फिर भी गाड़ी सं. 22421/22422 का इस स्टेशन पर ठहराव प्रायोगिक आधार पर दिनांक 27.01.2017 से दिया गया है। अतः खुनखुना स्टेशन पर अतिरिक्त गाड़ियों का ठहराव का वाणिज्यिक औचित्य नहीं है। |

| | |
|---|---|
| 8. | बीकानेर सिकन्दराबाद ट्रेन का संचालन प्रतिदिन किया जाए:– बीकानेर सिकन्दराबाद ट्रेन का संचालन प्रतिदिन किया जाये। |
| | **रिमार्क्स:–**<br>गाड़ी सं. 17038/17037 बीकानेर – सिकन्दराबाद (द्वि–साप्ता.) एक्सप्रेस दक्षिण मध्य रेलवे के स्वामित्व की गाड़ी है। सम्बंधित रेलवे की सहमति प्राप्त कर उक्त सेवा की बारम्बारता बढ़ाना दक्षिण मध्य रेलवे एवं रेलवे बोर्ड के क्षेत्राधिकार का विषय है, आपका सुझाव दक्षिण मध्य रेलवे एवं रेलवे बोर्ड को विचारार्थ भेजा जा रहा है। |
| 9. | बीकानेर–चैन्नई साप्ताहिक को सप्ताह में तीन दिन संचालन किया जाए:– बीकानेर–चैन्नई ए.सी. साप्ताहिक ट्रेन वर्तमान में सप्ताह में एक दिन चलती है। इसे सप्ताह में तीन दिन चलाया जाये। |
| | **रिमार्क्स:–**<br>बीकानेर से चैन्नई के लिए गाड़ी संख्या 22631/22632 चैन्नई–बीकानेर वातानुकूलित अणुव्रत एक्सप्रेस दक्षिण रेलवे के स्वामित्व की गाड़ी है। उक्त सेवा की बारम्बारता बढ़ाना दक्षिण रेलवे एवं रेलवे बोर्ड के क्षेत्राधिकार का विषय है। आपके सुझाव को आवश्यक कार्यवाही हेतु दक्षिण रेलवे एवं रेलवे बोर्ड को अग्रेषित किया जा रहा है। |
| 10. | दादर–बीकानेर सुपरफास्ट का मेड़ता रोड़ में ठहराव:– दादर–बीकानेर सुपरफास्ट रेल का मेड़ता रोड़ जंक्शन पर ठहराव सुनिश्चित किया जाये। |
| | **रिमार्क्स:–**<br>वर्तमान में मेड़ता रोड़ स्टेशन से मुम्बई तथा मुम्बई होकर जाने वाली 7 जोड़ी मेल/एक्सप्रेस गाड़ियाँ उपलब्ध हैं। जाँच करने पर मेड़ता रोड़ स्टेशन पर औसत प्रतिदिन प्रति गाड़ी यात्री व आय रेलवे बोर्ड द्वारा निर्धारित मापदण्डो से अत्यन्त कम पाया गया है। मेड़ता रोड़ जं. स्टेशन पर गाड़ी संख्या 12489/12490 बीकानेर–दादर एक्सप्रेस (द्वि–साप्ता.) का ठहराव देना रेलवे बोर्ड द्वारा निर्धारित किया जाता है। पुनः जाँच कर वाणिज्यिक औचित्य के आधार पर सुझाव पर विचार किया जायेगा। |
| 11. | फुलेरा से जोधपुर रेलवे लाईन का दोहरीकरण:– वर्तमान में जयपुर–फुलेरा दोहरी लाईन है मगर फुलेरा से जोधपुर सिंगल लाईन है। जयपुर–जोधपुर की उक्त सिंगल लाईन पर रेलों के आवागमन के चलते यह लाईन व्यस्त रहती है। इसके चलते ट्रेनें लेट होती रहती हैं, अनेक ट्रेनों को क्रासिंग पर खड़ा करना पड़ता है। ऐसे में फुलेरा–जोधपुर रेल लाईन का दोहरीकरण किया जाना आवश्यक है। |
| | **रिमार्क्स:–**<br>जोधपुर मण्डल में फुलेरा से डेगाना के मध्य रेलवे लाईन का दोहरीकरण का कार्य प्रगति पर है। डेगाना से जोधपुर दोहरीकरण के कार्य की डीपीआर रेल मंत्रालय में स्वीकृति हेतु भेजी गई है। स्वीकृत करने की प्रक्रिया जारी है । |
| 12. | गंगानगर से त्रिची हमसफर ट्रेन का ठहराव नागौर जिला मुख्यालय पर किया जाये। |
| | **रिमार्क्स:–**<br>गाड़ी संख्या 22497/22498 श्रीगंगानगर त्रिचन्नापल्ली हमसफर सुपरफास्ट गाड़ी का अतिरिक्त ठहराव रेलवे बोर्ड द्वारा निर्धारित किया जाता है। औसत गति 55 किमी बनाये रखने के लिये प्रस्तावित करने पर भी परिचालनिक दृष्टि से संभव नहीं हो सका। |

| | |
|---|---|
| 13. | मेड़ता रोड़ बीकानेर डबल लाईनः— सम्भव हो तो मेड़ता रोड़—बीकानेर डबल लाईन की भी स्वीकृति दिलायी जावे। मेड़ता रोड़ बाईपास पर प्लेटफार्म बनाया जाये एंव एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव सुनिश्चित किया जाये। |
| | **रिमार्क्सः—**<br>मेड़तारोड—बीकानेर के मध्य रेलवे लाईन के दोहरीकरण का कार्य रेल मंत्रालय से स्वीकृत नहीं है।<br>मेड़ता रोड़ बाईपास पर मीडियम लेवल प्लेटफार्म बनाने का कार्य वर्ष 2017—18 में स्वीकृत है। कार्य शीघ्र किया जायेगा। मेड़ता बाईपास पर यात्री सुविधाओं की उपलब्धता होने के पश्चात् मेल/एक्सप्रेस गाड़ियों का ठहराव दिया जाना संभव हो सकेगा। |
| 14. | बाड़मेर—कालका एक्सप्रेस का मूण्डवा में ठहराव किया जाये। |
| | **रिमार्क्सः—**<br>वर्तमान में मारवाड़ मूण्डवा स्टेशन पर तीन जोड़ी दैनिक एक्सप्रेस तथा दो जोड़ी दैनिक सवारी गाड़ियों के ठहराव हैं, मारवाड़ मूण्डवा स्टेशन पर औसत प्रतिदिन प्रति गाड़ी यात्री व आय रेलवे बोर्ड द्वारा निर्धारित मापदण्डो से अत्यन्त कम है। मारवाड़ मूण्डवा से बीकानेर की ओर अग्रिम स्टेशन मात्र 18किमी की दूरी पर स्थित जिला मुख्यालय नागौर पर सभी लम्बी दूरी की गाड़ियों का ठहराव है, जिससे यात्री सुझावित गाड़ियों की सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं। मारवाड़ मूण्डवा से जिला मुख्यालय नागौर सड़क मार्ग से सीधा जुड़ा हुआ है। |
| 15. | हावड़ा बीकानेर का मूण्डवा में ठहराव किया जाये। |
| | **रिमार्क्सः—**<br>वर्तमान में मारवाड़ मूण्डवा स्टेशन पर तीन जोड़ी दैनिक एक्सप्रेस तथा दो जोड़ी दैनिक सवारी गाड़ियों के ठहराव हैं, मारवाड़ मूण्डवा स्टेशन पर औसत प्रतिदिन प्रति गाड़ी यात्री व आय रेलवे बोर्ड द्वारा निर्धारित मापदण्डो से अत्यन्त कम है। मारवाड़ मूण्डवा से बीकानेर की ओर अग्रिम स्टेशन मात्र 18किमी की दूरी पर स्थित जिला मुख्यालय नागौर पर सभी लम्बी दूरी की गाड़ियों का ठहराव है, जिससे यात्री सुझावित गाड़ियों की सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं। मारवाड़ मूण्डवा से जिला मुख्यालय नागौर सड़क मार्ग से सीधा जुड़ा हुआ है। |
| 16. | डीडवाना रेलवे स्टेशन का नवीनीकरण एवं लाईन सं. 03 बनवाने बाबत्। |
| | **रिमार्क्सः—**<br>लाईन संख्या 03 पर हाई लेवल प्लेटफार्म के निर्माण का कार्य जारी है। वर्तमान में डीडवाना स्टेशन यात्री यातायात के दृष्टीगत "ई" श्रेणी का स्टेशन है, जिसके अनुरूप सभी न्यूनतम आवश्यक यात्री सुविधाएं उपलब्ध हैं। |
| 17. | खुनखुना कम्प्यूटीकृत आरक्षण खिड़की स्वीकृत करायी जाये। |
| | **रिमार्क्सः—**<br>खुनखुना स्टेशन पर यूटीएस कम पीआरएस की सुविधा पहले से ही उपलब्ध है। यहाँ औसतन प्रतिदिन दो आरक्षित यात्री बुक होते हैं। अतः वर्तमान यात्री भार को देखते हुए कम्प्यूटीकृत आरक्षण खिड़की खोलने का औचित्य नहीं है। यहाँ यह भी संज्ञान में लाया जाता है कि भारतीय रेल में अधिकांशतः आरक्षण टिकट इन्टरनेट पर बनाये जा रहे हैं जिसकी सुविधा लगभग हर जगह उपलब्ध है। |

| | |
|---|---|
| 18. | बीकानेर–डेगाना वाया रतनगढ़–डीडवाना सवारी गाड़ी ट्रेन का संचालन किया जाये। |
| | **रिमार्क्सः–**<br>बीकानेर से डेगाना वाया रतनगढ़ अतिरिक्त नई सीधी सेवा संचालन हेतु डेमू रैक की आवश्यकता होगी। उत्तर पश्चिम रेलवे पर डी.एम.यू. रेक सीमित संख्या में उपलब्ध है तथा उत्तर पश्चिम रेलवे द्वारा रेलवे बोर्ड से अतिरिक्त डी.एम.यू. रेक की माँग की गई है। डी.एम.यू. रेक की उपलब्धता होने पर उक्त सेवा के संचालन पर विचार किया जा सकेगा। |
| 19. | मकराना रेलवे स्टेशन का फुट ओवरब्रिज का निर्माण किया जाये। |
| | **रिमार्क्सः–**<br>मकराना रेलवे स्टेशन पर पहले से ही फुट ओवरब्रिज उपलब्ध है। जो पर्याप्त है। |
| 20. | मकराना रेलवे स्टेशन पर एक अतिरिक्त टिकट खिड़की खुलवायी जाये। |
| | **रिमार्क्सः–**<br>मकराना स्टेशन पर एक आरक्षण टिकटों और दो अनारक्षित टिकटों के लिये खिड़की के अतिरिक्त दो स्वचलित टिकट मशीन भी उपलब्ध है, जो वर्तमान यात्री यातायात को देखते हुए पर्याप्त है। यहाँ यह भी संज्ञान में लाया जाता है कि भारतीय रेल में अधिकांशतः आरक्षण टिकट इन्टरनेट पर बनाये जा रहे हैं जिसकी सुविधा लगभग हर जगह उपलब्ध है। |
| 21. | बीकानेर सियालदाह साप्ताहिक ट्रेन का ठहराव मकराना में किया जाये। |
| | **रिमार्क्सः–**<br>वर्तमान में बीकानेर–सियालदाह जैसी किसी भी गाड़ी का संचालन नहीं किया जा रहा है। वर्तमान में गाड़ी संख्या 12307/12308 जोधपुर/बीकानेर–हावड़ा (दैनिक) सुपरफास्ट एक्सप्रेस का मकराना स्टेशन पर ठहराव प्रदान किया हुआ है। गाड़ी संख्या 12495/12496 बीकानेर–कोलकता (साप्ताहिक) प्रताप एक्सप्रेस का ठहराव मकराना स्टेशन पर दिया जाना रेलवे बोर्ड के क्षेत्राधिकार का विषय है। |
| 22. | जोधपुर–रेवाड़ी पेसेंजर वाया मेड़ता रोड़, मकराना, फुलेरा, रींगस चलायी जाये। |
| | **रिमार्क्सः–**<br>वर्तमान में जोधपुर से रेवाड़ी के मध्य सवारी गाड़ियाँ वाया डेगाना, रतनगढ़, चुरू, सादुलपुर संचलित होती हैं। वर्तमान रेलमार्ग पर लोकप्रिय सेवा है। उक्त सेवाओं को वाया फुलेरा, रींगस संचालन पर वर्तमान मार्गस्थ यात्रियों को इस सेवा से वंचित होना पड़ेगा, जिससे यात्रियों में असंतोष की भावना व्याप्त होगी, साथ ही फुलेरा–रेवाड़ी (वाया रींगस) रेलमार्ग पर माल गाड़ियों का बहुतायात से संचालन होता है। डी.एफ.सी. का कार्य पूर्ण होने के बाद इस रेलमार्ग पर नई सवारी गाड़ी का संचालन संभव है। साथ ही अतिरिक्त नई गाड़ी संचालन करना रेलवे बोर्ड के क्षेत्राधिकार का विषय है। |
| 23. | बान्द्रा–जोधपुर सूर्यनगरी एक्सप्रेस का संचालन सुजानगढ़ तक किया जाये। |
| | **रिमार्क्सः–**<br>गाड़ी संख्या 12479/12480 जोधपुर–बान्द्रा–जोधपुर सूर्यनगरी एक्सप्रेस का प्राथमिक अनुरक्षण जोधपुर स्टेशन पर किया जाता है, इस गाड़ी का रेक गाड़ी संख्या 12461/12462 जोधपुर–दिल्ली मण्डोर एक्सप्रेस के साथ अन्तर्बद्व कर संचालन किया जाता है, इसलिए तकनीकी कारणों से विस्तार वर्तमान परिपेक्ष्य में संभव नहीं है दूसरा सुजानगढ़ स्टेशन पर प्राथमिक अनुरक्षण सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं। |

| | |
|---|---|
| 24. | खुनखुना के रेलवे गेट सं सी–79 को 50 मीटर दूर करवाया जाए एवं खुनखुना में ओव स्वीकृत कराया जाये। |
| | **रिमार्क्स:–**<br>खुनखुना रेलवे स्टेशन पर आउट ऑफ टर्न के तहत फुट ओवर ब्रिज एवं अतिरिक्त प्ले का कार्य स्वीकृत है। ठेका दे दिया गया है। गेट नं. 79 को शिफ्टिंग हेतु प्रस्ताव सरकार से आने पर यदि जमीन की व्यवस्था हो जाती है, तो इसे शिफ्ट करवा जाएगा। |
| 25. | बान्द्रा–हिसार वाया जोधपुर, मेड़ता रोड़, डीडवाना, रतनगढ़ का संचालन साप्ताहिक के पर प्रतिदिन किया जाये। |
| | **रिमार्क्स:–**<br>गाड़ी संख्या 22915/22916 बान्द्रा टर्मिनस–हिसार पश्चिम रेलवे के स्वामित्व की गा उक्त सेवा की बारम्बारता बढ़ाने का सुझाव सम्बधित रेलवे एवं रेलवे बोर्ड को अग्रेषित जा रहा है। |
| 26. | गच्छीपुरा (मकराना) में फुट ओवर ब्रिज का निर्माण करवाया जावे यह ओवर ब्रिज आवश्यक है इस रूट पर मालगाड़ियों का क्रासिंग अधिकतर इसी स्टेशन पर होता है। |
| | **रिमार्क्स:–**<br>गच्छीपुरा स्टेशन पर फुलेरा–डेगाना खंड का दौहरीकरण के दौरान ऊपरी पैदल पुल उ करा दिया जायेगा, इस खंड के दौहरीकरण का कार्य पहले से ही स्वीकृत है। |
| 27. | अलाय से पीपासर (मुकाम) रास्ते पर बने अण्डर ब्रिज की चौड़ाई व उंचाई बढ़ाई जावे। |
| | **रिमार्क्स:–**<br>रेलवे बोर्ड के निर्देशानुसार/पालिसी के तहत सभी मानव रहित समपारों LHS/Under Pass बनाना है। इस संबंध में जिला मजिस्ट्रेट, नागौर से अनापत्ति प्रमाण प्राप्त कर अलाय से पीपासर (मुकाम) रास्ते पर कि.मी. 554/8–9 पर ब्रिज सं. 46 ब गया था। इस ब्रिज की साईज 5.0 X 4.5 M है इस अण्डर ब्रिज से ट्रेक्टर, ट्रक, बस, व मवेशी आदि यातायात आसानी से पार हो सकते हैं।<br>फिर भी इस अण्डर ब्रिज की चौडाई व उँचाई बढ़ाई जाना ही आवश्यक प्रतीत होता राज्य सरकार से विधिवत प्रस्ताव पर डिपोजिट फण्ड से ही बनाया जा सकता है और इ पूरा खर्चा राज्य सरकार को देना होगा। |
| 28. | देशवाल स्टेशन के प्लेटफार्म की उंचाई बढ़ाई जावे। |
| | **रिमार्क्स:–**<br>देशवाल एक हाल्ट स्टेशन है जहां पर रेल लेवल प्लेटफार्म दिये जाने का प्रावधान है पहले से ही उपलब्ध है। |
| 29. | बाड़मेर से हावड़ा वाया जोधपुर, मेड़ता, डेगाना, डीडवाना, लाडनू (जैन टूरिज्म) नई ट्रे संचालन किया जावे। |
| | **रिमार्क्स:–**<br>बीकानेर हावड़ा वाया जोधपुर, मेड़ता, डेगाना, लाडनू व रतनगढ़ नई गाड़ी के संचाल प्रस्ताव रेलवे बोर्ड को भेजा गया लेकिन मार्गस्थ रेलवे की सहमति नहीं होने के कारण बोर्ड की स्वीकृति नहीं मिल सकी। |

| | |
|---|---|
| 30. | हिसार–रामेश्वरम् वाया रतनगढ़, लाडनू (जैन टूरिज्म), डीडवाना, डेगाना, जोधपुर नई ट्रेन का संचालन किया जावे। |
| | **रिमार्क्सः–**<br>हिसार–रामेश्वरम् नई सेवा प्रस्ताव अन्तर रेलवे समय सारणी बैठक–2018 में प्रस्तावित किया गया था, लेकिन रेलवे बोर्ड से अंतिम स्वीकृति प्राप्त नहीं हुई। |
| 31. | हरिद्वार–जोधपुर साप्ताहिक को नियमतिकरण कराया जावे। |
| | **रिमार्क्सः–**<br>वर्तमान में जोधपुर–हरिद्वार समय समय पर होली डे विशेष सेवा के रूप में संचालित की जाती है। उक्त सेवा का नियमितकरण का प्रस्ताव अन्तर रेलवे समय सारणी बैठक–2018 में रखा गया था, लेकिन रेलवे बोर्ड से अंतिम स्वीकृति प्राप्त नहीं हुई। |
| 32. | कोटा–हनुमानगढ़ पेसेंजर का ठहराव मूण्डवा में कराया जावे। |
| | **रिमार्क्सः–**<br>मारवाड मूंडवॉ स्टेशन पर प्रति दिन प्रति गाड़ी यात्री भार 47.32 एवं आय 2453.82 है, जो रेलवे बोर्ड द्वारा निर्धारित मानक से कम है तथा गाड़ी सं. 22981/22982 का मारवाड मूंडवॉ से पासिंग समय 01.56/01.00 है, जो यात्रियों के अनुकूल प्रतीत नहीं होता है। तथा इसमें यातायात मिलने की संभावना भी कम है। |
| 33. | मूण्डवा में आरक्षण खिड़की पर स्थाई कर्मचारी लगाया जावे। |
| | **रिमार्क्सः–**<br>मारवाड मूण्डवा स्टेशन पर यूटीएस कम पीआरएस की सुविधा पहले से ही उपलब्ध है। जहां पर प्रतिदिन 08 आरक्षण पर्चियों पर आरक्षण दिया जा रहा है, यह कार्य स्टेशन मास्टर द्वारा संपादित हो रहा है, जो कि वर्तमान यात्री यातायात के अनुसार उचित व्यवस्था है। किसी भी स्टेशन पर एक बुकिंग स्टॉफ देने के लिए न्यूनतम 800 टिकट प्रति पारी का होना आवश्यक है। अतः वर्तमान यात्री यातायात अनुसार अतिरिक्त बुकिंग स्टाफ की नियुक्ति का औचित्य नहीं है। |
| 34. | नावां रेलवे स्टेशन औद्योगिक क्षेत्र के बीच है अतः इस स्टेशन की श्रेणी (बी से ड़ी) में बदलाव किया जावे। |
| | **रिमार्क्सः–**<br>वर्तमान में नावा स्टेशन "डी" श्रेणी का स्टेशन है। स्टेशन की श्रेणी में परिवर्तन उस स्टेशन की आय के आधार पर रेलवे बोर्ड द्वारा किया जाता है। |
| 35. | नागौर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म पर द्वितीय फुट ओवरब्रिज (स्वसंचालित लिफ्ट सहित) का निर्माण कराया जावे। |
| | **रिमार्क्सः–**<br>नागौर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म पर $2^{nd}$ फुट ओवर ब्रिज बनाने एवं नागौर के दोनों प्लेटफार्म पर एस्केलेटर (2) का कार्य स्वीकृत है। कार्य को शीघ्र किया जायेगा। |
| 36. | गाड़ी संख्या 22481/22482 जो कि दिल्ली सराय रोहिल्ला से जोधपुर के बीच सप्ताह में पहले दो दिन चलती थी। इस गाड़ी की बारम्बारता प्रतिदिन किए जाने के बाद यह गाड़ी निर्धारित समय से 3–4 घंटे लेट चलती है। क्योंकि इस गाड़ी का रैक 12401/12402 नई दिल्ली–इस्लामपुर के साथ इंटीग्रेट करके चलाई जाती है। अतः इस गाड़ी को जोधपुर–हरिद्वार के बीच जोधपुर दिल्ली के बीच नियमित चलाया जाए ताकि यह गाड़ी अपने निर्धारित समय पर चल सके एवं गाड़ी संख्या 12401/12402 मगध एक्सप्रेस से डिसइंटीग्रेट किया जाए। |

| | |
|---|---|
| | **रिमार्क्स:–**<br>उक्त गाड़ी को डी इंट्रीग्रेट किये जाने हेतु रेलवे बोर्ड द्वारा सैद्धान्तिक स्वीकृति प्रदान कर गई है, जो शीघ्र ही उत्तर रेलवे की सहमति मिलने पर लागू किया जा सकेगा। उक्त को हरिद्वार तक विस्तारण का सुझाव उत्तर रेलवे एवं रेलवे बोर्ड को अग्रेषित किया जा है। |
| 37. | बान्द्रा जम्मूतवी (विवेक एक्सप्रेस) साप्ताहिक को नियमित किया जाए। |
| | **रिमार्क्स:–**<br>गाड़ी संख्या 19027/19028 बान्द्रा–जम्मूतवी (साप्ताहिक) एक्सप्रेस की बारम्बाता बढ़ाये जा हेतु सुझाव पश्चिम रेलवे एवं रेलवे बोर्ड को अग्रेषित किया जा रहा है। |

(30)

| 3. कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ | |
|---|---|
| **PHULERA** | |
| 1. | Extension of Passenger Train No. 59716 Rewari-Phulera to Ajmer. |
| | रिमार्क्सः– गाड़ी सं. 59716 रेवाड़ी – फुलेरा सवारी गाड़ी का आगमन 10.45 बजे है। तथा गाड़ी सं. 59719 फुलेरा – रेवाड़ी सवारी गाड़ी 11.30 बजे प्रस्थान करती है। इसी प्रकार गाड़ी सं. 59720 रेवाड़ी – फुलेरा सवारी गाड़ी का आगमन 14.25 बजे है तथा गाड़ी सं. 59717 फुलेरा – रेवाड़ी सवारी गाड़ी 17.15 बजे प्रस्थान करती है। उक्त गाड़ियों का सीमित लाई ओवर 00.55 व 03.00 घण्टे होने के कारण अजमेर तक विस्तारण करना संभव नहीं है। |
| 2. | Setting up of DEMU maintenance facility to be expedited. |
| | रिमार्क्सः– वर्तमान में फुलेरा में डेमू अनुरक्षण सुविधा की कोई योजना नहीं है। |
| 3. | Operation of DEMU services on JP-Rewari route. |
| | रिमार्क्सः– वर्तमान मे जयपुर से रेवाड़ी के मध्य 24 जोड़ी मेल/एक्सप्रेस 2 जोड़ी सवारी गाड़ियाँ संचालन में है। यात्री यातायात व यात्रियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुयें सभी महत्वपूर्ण स्टेशनों पर यात्री सुविधानुसार ठहराव प्रदान किये हुये हैं। उत्तर पश्चिम रेलवे पर डी.एम.यू. रेक सीमित संख्या में उपलब्ध हैं तथा उत्तर पश्चिम रेलवे द्वारा रेलवे बोर्ड से अतिरिक्त डी.एम.यू. रेक की माँग की गई है। डी.एम.यू. रेक की उपलब्धता होने पर उक्त सेवा के संचालन पर विचार किया जा सकेगा। |
| 4. | Requesting for more Benches at Phulera Station. |
| | रिमार्क्सः– वर्तमान में फुलेरा स्टेशन पर 720 यात्रियों के बैठने की व्यवस्था उपलब्ध है जो रेलवे बोर्ड की नीति–2012 के मानदण्डों अनुसार पर्याप्त है। यदि निजी पार्टियों द्वारा अतिरिक्त बैंच लगवाने हेतु प्रस्ताव दिया जाता है तो तदानुसार कार्यवाही की जा सकती है । |
| 5. | Providing R.O. plant at Phulera for drinking water. |
| | रिमार्क्सः– वर्तमान में फुलेरा स्टेशन के प्रत्येक प्लेटफार्म पर वाटर कूलर उपलब्ध हैं। आईआरसीटीसी के द्वारा 3 आर ओ वाटर वेंडिंग मशीन उपलब्ध कराया जाना प्रस्तावित है। इसके अतिरिक्त निजी पार्टियों/संस्थाओं द्वारा सीएसआर के तहत प्रस्ताव प्राप्त होने पर भी विचार किया जा सकता है। |
| 6. | Providing FOB connecting between Railway Colony and Market area beyond yard. |
| | रिमार्क्सः– फुलेरा स्टेशन पर एफओबी उपलब्ध है जो रेलवे कॉलोनी और बाजार की तरफ स्टेशन परिसर तक है। स्टेशन यार्ड के अन्दर फाटक संख्या 152 है जिस पर आरयूबी बनाने का कार्य पूर्ण हो चुका है एवं उक्त आरयूबी रेलवे कॉलोनी एवं मार्कट एरिया को जोड़ता है। |
| 7. | Wire mesh to be provided on existing FOB at Phulera station. |
| | रिमार्क्सः– फुलेरा स्टेशन पर उपलब्ध वर्तमान एफओबी में सुरक्षा की दृष्टि से तार की जाली लगाये जाने का कार्य माह मार्च 2018 में पूर्ण हो गया है। |

| | |
|---|---|
| 8. | Requesting for Morchery near GRP Thana. |
| | रिमार्क्सः— <br> रेलवे बोर्ड के निर्देशानुसार केवल मण्डलीय अस्पतालों में वातानुकूलित मुर्दाघरों का प्र किया जाना चाहिए। |
| 9. | Requesting for Coach Display Board at Phulera Station. |
| | रिमार्क्सः— <br> फुलेरा स्टेशन पर ट्रेन कोच इंडिकेशन बोर्ड का कार्य स्वीकृत हो गया है निविदा शीघ्र जायेगी। |
| 10. | Requesting for Delux Toilet Facility at Phulera Station Circulating Area. |
| | रिमार्क्सः— <br> इस हेतु प्रस्ताव नगर पालिका से प्राप्त हुआ है एवं जयपुर मंडल द्वारा इसकी सहमति रही है। |
| **NARAINA** | |
| 11. | Extension of PF shelters at PF-1 & PF-2 |
| | रिमार्क्सः— <br> नरेना स्टेशन के प्लेटफार्म नं0 1 व 2 पर वर्तमान में 300 वर्गमीटर का कवर्ड शेड उपल जो कि रेलवे बोर्ड द्वारा जारी यात्री सुविधा नीति–2012 के अनुसार प्रति प्लेटफा वर्गमीटर कवर्ड शेड से अधिक है। |
| 12. | R.O. Plant for Drinking water for Passenger. |
| | रिमार्क्सः— <br> वर्तमान में नरेना स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या 01 पर वाटर कूलर उपलब्ध है । प्रचलित अनुसार "ई" श्रेणी के स्टेशन पर आरओ की सुविधा देय नहीं है, फिर भी यदि इस सं कोई निजी पार्टियों द्वारा प्रस्ताव दिया जाता है तो तदानुसार कार्यवाही की जा सकती है |
| 13. | Providing more Benches on both Platforms |
| | रिमार्क्सः— <br> नरेना "ई" श्रेणी का स्टेशन है। रेलवे बोर्ड की नीति–2012 के मानदण्डानुसार "ई" श्रे स्टेशनों पर 10 यात्रियों को बैठने की व्यवस्था होनी चाहिए। वर्तमान में नरेना स्टेशन प यात्रियों के बैठने की व्यवस्था उपलब्ध है, जो वर्तमान यात्री भार को देखते हुए पर्याप्त फिर भी निजी पार्टियों द्वारा अतिरिक्त बैंच लगवाने हेतु प्रस्ताव दिया जाता है तो तद कार्यवाही की जा सकती है। |
| 14. | Additional train stoppage. Extension of Train no. 59716 RE-FL to AII and bac |
| | रिमार्क्सः— <br> गाड़ी सं. 59716 रेवाड़ी–फुलेरा सवारी गाड़ी का आगमन 10.45 बजे है। तथा गा 59719 फुलेरा–रेवाड़ी सवारी गाड़ी 11.30 बजे प्रस्थान करती है। इसी प्रकार गाड़ी सं. रेवाड़ी–फुलेरा सवारी गाड़ी का आगमन 14.25 बजे है तथा गाड़ी सं. 59717 फुलेरा– सवारी गाड़ी 17.25 बजे प्रस्थान करती है। उक्त गाड़ियों का सीमित लाई ओवर 00.55 00 घंण्टे होने के कारण अजमेर तक विस्तारण करना संभव नहीं है। |

| | |
|---|---|
| 15. | Problem of approach to station after DFCCIL track is laid to be immediately addressed by expediting subway to be made by DFCCIL. |
| | रिमार्क्सः– DFCCIL द्वारा FOB का कार्य प्रगति पर है। इसे जल्द पूरा कराया जायेगा व दूसरे छोर (जयपुर की तरफ) आरयूबी बना दिया गया है। |
| 16. | Request for one additional toilet block for passengers. |
| | रिमार्क्सः– रेलवे बोर्ड की यात्री सुविधा नीति 2012 अनुसार "ई" श्रेणी के स्टेशनो पर 01 मूत्रालय एवं 01 शौचालय का प्रावधान है जो इस स्टेशन पर प्लेटफार्म नं. 1 पर पहले से उपलब्ध है। प्लेटफार्म नं. 2 पर भी दो अतिरिक्त टॉयलेट बनाये गये हैं। |
| **RENWAL** | |
| 17. | Prepare and proposal moved for providing Extension of Shed at PF-1. |
| | रिमार्क्सः– प्लेटफार्म संख्या 01 व 2 पर शैड़ उपलब्ध करवा दिया गया है। |
| 18. | Providing High Level Platform and Kota Stone. |
| | रिमार्क्सः– हाई लेवल प्लेटफार्म उपलब्ध करवा दिया गया है। कोटा स्टोन का कार्य एफओबी की लॉचिंग के पश्चात् किया जायेगा। |
| 19. | Providing work of waiting hall extension at platform. |
| 20. | Providing construction of Foot Over Bridge. |
| 21. | Providing Toilets for Gents and Ladies on both UP & DN side of station building. |
| | रिमार्क्सः– मद 19 से 21 रेनवाल स्टेशन पर शेड बढ़ाने, प्लेटफार्म नं. 2 पर कवर्ड शेड, एफओबी, वेटिंग हॉल, रिजर्वेशन काउन्टर एवं सर्क्यूलेटिंग एरिया का कार्य प्रगति पर है। |
| 22. | Providing R.O. Plant for Drinking Water. |
| | रिमार्क्सः– "ई" श्रेणी के स्टेशनों पर आर ओ की सुविधा देय नही हैं। वर्तमान में रेनवाल स्टेशन के प्लेटफार्म 1 पर वाटर कूलर उपलब्ध है, जो वर्तमान यात्री भार के अनुसार पर्याप्त है। इसके अतिरिक्त निजी पार्टियों/संस्थाओं द्वारा प्रस्ताव प्राप्त होने पर भी विचार किया जा सकता है। |
| 23. | Reservation Counter to be provided at Renwal Station. |
| | रिमार्क्सः– रेनवाल स्टेशन पर एसटीबीए स्वीकृत है। वर्तमान में उपलब्ध आरक्षित यात्री भार को देखते हुए आरक्षण खिड़की दिया जाना औचित्य पूर्ण नहीं है । |
| 24. | Providing more Benches on both Platforms. |
| | रिमार्क्सः– वर्तमान में रेनवाल स्टेशन पर 116 यात्रियों के बैठने की व्यवस्था उपलब्ध है जो रेलवे बोर्ड की नीति–2012 के मानदण्ड अनुसार पर्याप्त है। यदि निजी पार्टियों द्वारा अतिरिक्त बैंच लगवाने हेतु प्रस्ताव दिया जाता है तो तदानुसार कार्यवाही की जा सकती है। |
| 25. | Providing of Parking for vehicles of Passengers. |
| | रिमार्क्सः– नयी पार्किंग बना दी गयी है तथा सौन्दर्यीकरण का कार्य जारी है। रेनवाल स्टेशन पर समुचित पार्किंग स्थान उपलब्ध है। |

| | |
|---|---|
| 26. | Catering Stall to be Provided. |
| | रिमार्क्सः– <br> स्टेशन पर कैटरिंग स्टॉल आवंटन हेतु कार्यवाही की जा रही है । |
| 27. | Providing Drainage System underpass at Gate Nos. 116 & 117. |
| | रिमार्क्सः– कार्य आवंटित कर दिया गया है। शीघ्र ही पूर्ण कर दिया जायेगा। |
| **ASALPUR** | |
| 28. | Request for Over Bridge at Railway Station Asalpur. |
| | रिमार्क्सः– <br> वर्तमान में आसलपुर जोबनेर स्टेशन पर एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लेटफार्म पर आवागमन फुट ओवर ब्रिज उपलब्ध है। आरओबी के लिए राज्य सरकार के साथ संयुक्त उपयु अध्ययन (Joint Feasibility study) का कार्य प्रगति पर है। |
| **Additional points need to be discussed in the meeting on 5th May 2018** | |
| 29. | Multipurpose Community Hall of around 1000 seating capacity should be buil Phulera which can be available for local residents as well on reasonable rates. |
| | रिमार्क्सः– <br> फुलेरा में पहले से ही एक कम्यूनिटी हॉल बैठक क्षमता लगभग 400 तथा ओपन ऐरिया एक रेलवे इन्स्टीट्यूट बैठक क्षमता लगभग 100 तथा ओपन ऐरिया उपलब्ध है जि उपयोग रेल कर्मचारियों द्वारा तथा स्थानीय नागरिकों द्वारा किया जाता है। गत चार (जनवरी, फरवरी, मार्च, अप्रैल 2018) में कम्यूनिटी हॉल कुल 19 ( 18 रेलवे + 01 ब व्यक्ति) बार बुक हुआ है तथा रेलवे इन्स्टीट्यूट भी कुल 19 (18 रेलवे + 01 बाहरी व्यि बार बुक हुआ है। |
| 30. | Foot Over bridge between Platform no 1 and 2 at Naraina Railway Station. |
| | रिमार्क्सः– <br> डीएफसीसीआईएल के द्वारा लाईन बिछाने के बाद बाहर से प्लेटफार्म नं. तक फुट अ ब्रिज डीएफसीसीआईएल द्वारा बनाया जायेगा व प्लेटफार्म नं. 1 एवं 2 के बीच में फुट अ ब्रिज का कार्य स्वीकृत किया जायेगा। |
| 31. | Update on the development work done at Sambhar Railway Station so far (De of funds Sanctioned for the development at Sambhar Railway Station and w done till date) |
| | रिमार्क्सः– <br> सांभर स्टेशन पर नये पुरूष व महिला शौचालय का निर्माण करवा दिया गया है, जिनके ओवर हेड वाटर टैंक, पानी सप्लाई के लिए लगवाया गया है। प्लेटफार्म पर बिटुमेन स बिछा दी गयी है। सरक्यूलेटिंग एरिया में भी बिटुमेन सरफेस बिछा दी गयी है। |

| | |
|---|---|
| | **4. श्री धर्मबीर** |
| 1. | गाड़ी संख्या 12065/66 अजमेर से दिल्ली जन शताब्दी जो अभी 2 दिन चलती है। यह गाड़ी 22 जून से 5 दिन चलनी शुरू हो जाएगी, यह नोटिफिकेशन रेलवे बोर्ड द्वारा जारी कर दिया गया है। इस गाड़ी की 3 दिन के फेरे बढ़ने का आधिकारिक उद्घाटन समारोह दिल्ली की तरफ से मेरे लोकसभा क्षेत्र के पहले स्टेशन अटेली (AEL) पर करना चाहता हूँ, परन्तु अटेली पर इस गाड़ी का ठहराव अभी तक सुनिश्चित नहीं हुआ है। इस बारे में पहले भी कई बार पत्र व्यवहार किया गया है। कृपया 22 जून 2018 आधिकारिक उद्घोषणा की तारीख से पहले इस गाड़ी का अटेली पर ठहराव सुनिश्चित करवाएं। |
| | **रिमार्क्सः–**<br>अटेली स्टेशन पर प्रति दिन, प्रति गाड़ी यात्री भार 78.2 एवं आय 1668.02 है, जो रेलवे बोर्ड द्वारा निर्धारित मानक से कम है। फिर भी गाड़ी सं. 12065/12066 अजमेर–दिल्ली सराय रोहिल्ला जन शताब्दी एक्सप्रेस का अटेली स्टेशन पर ठहराव हेतु प्रस्ताव रेलवे बोर्ड को भेजा जा रहा है। |
| 2. | महेन्द्रगढ़ स्टेशन पर निम्नलिखित सुविधाएं अपेक्षित है।<br>1. महाप्रबंधक के वार्षिक उद्घाटन के समय स्टेशन की चारदीवारी और RO प्लांट का कार्य चल रहा था। उसको निरीक्षण के दिन जैसा जहां था वहीं अधूरा छोड़ दिया गया है कृपया चारदीवारी और RO का कार्य पूरा करवाएं और स्टेशन के सभी नलों से RO के पानी की सप्लाई सुनिश्चित कराएं।<br>2. प्लेटफार्म नंबर 2 पर टीन शैड़ की व्यवस्था।<br>3. प्लेटफार्म नंबर 2 पर माइक की सुविधा प्रदान की जाए और प्लेटफार्म नंबर 1 के आखिरी छोर तक सुनाई नहीं देती है उसको ठीक करवाया जाए।<br>4. बुकिंग कार्यालय और प्लेटफार्म पर CCTV कैमरा।<br>5. इलेक्ट्रोनिक ट्रेन कोच इंडिकेशन सिस्टम।<br>6. पार्सल बुकिंग सुविधा।<br>7. स्टेशन पर किसी भी बैंक का ATM<br>8. बोजावास हाल्ट (BJWS) का प्लेटफार्म लेवल ऊंचा किया जाए। |
| | **रिमार्क्सः–**<br>महेन्द्रगढ़ स्टेशन की चारदीवारी का कार्य शीघ्र ही पूरा करा दिया जायेगा तथा आर ओ प्लान्ट का काम पूर्ण हो चुका है तथा आर.ओ. से स्टेशन व कॉलोनी में पानी आपूर्ति लगातार की जा रही है ।<br>2. प्लेटफार्म नम्बर 2 पर निर्धारित मापदण्डानुसार 50 वर्गमीटर स्टील छायावान उपलब्ध है इसके अतिरिक्त चार सिंगल शीट छायावान भी उपलब्ध है, जो वर्तमान यात्री भार के अनुसार पर्याप्त है ।<br>3. प्लेटफार्म संख्या–1 पर माइक को ठीक करा दिया गया है तथा प्लेटफार्म संख्या–02 पर माईक की व्यवस्था उपलब्ध कराने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।<br>4. बीकानेर मण्डल के महेन्द्रगढ़ रेलवे स्टेशन पर CCTV लगाने का कार्य निर्भया फण्ड के अन्तर्गत वर्क्स प्रोग्राम 2018–19 में स्वीकृत है तथा यह कार्य रेलटेल द्वारा किया जाना प्रस्तावित है। |

| | |
|---|---|
| | 5. रेलवे बोर्ड के मापदण्डानुसार महेन्द्रगढ NSG-5 श्रेणी स्टेशन है जहां पर इस सुविधा प्रावधान नहीं है ।<br>6. दिनांक 18.04.2016 को जारी वाणिज्य एवं परिचालन विभाग के जेपीओ अनु महेन्द्रगढ़ स्टेशन पर पार्सल आय रू एक लाख से कम होने के कारण पार्सल कार्यालय कर दिया गया। इस स्टेशन पर पार्सल ऑफिस को पुनः शुरू करने की संभावनाओं विचार किया जा रहा है।<br>7. महेन्द्रगढ़ स्टेशन पर एटीएम लगाने हेतु टेण्डर आमंत्रित किया गया है, जिसे दि 07.05.18 को खोला जायेगा।<br>8. बोजावास हाल्ट स्टेशन का प्लेटफार्म ऊंचा करने का कार्य प्रस्तावित है एवं ये कार्य वित्तीय वर्ष में पूर्ण करने की योजना है । |
| 3. | सतनाली स्टेशन पर निम्नलिखित सुविधाएं अपेक्षित है।<br>1. गाड़ी संख्या 22471/72, 15623/24, 04735/36 का ठहराव।<br>2. स्टेशन पर टीन शैड़ बनवाया जाए।<br>3. दोनों प्लेटफार्म पर वॉटर टैप और शौचालय का निर्माण।<br>4. वेटिंग रूम की सुविधा।<br>5. ATVM मशीन की सुविधा।<br>6. GRP अथाव RPF की तैनाती।<br>7. पार्किंग व हाइ मास्ट लाइट।<br>8. स्टेशन पर फुट ओवर ब्रिज।<br>9. बुकिंग कार्यालय और प्लेटफार्म पर CCTV कैमरा।<br>10. इलेक्ट्रोनिक ट्रेन कोच इंडिकेशन सिस्टम।<br>11. स्टेशन पर किसी भी बैंक का ATM |
| | **रिमार्क्सः—**<br>1. सतनाली स्टेशन पर प्रति दिन, प्रति गाड़ी यात्री भार 136.04 एवं आय 3479.04 रेलवे बोर्ड द्वारा निर्धारित मानक से कम है। इस स्टेशन पर गाड़ी सं. 22421/22422 सराय रोहिल्ला–भगत की कोठी सालासर एक्सप्रेस का प्रायोगिक ठहराव दिनांक 16.1 से दिया जा चुका है। सुझावित गाड़ियों के ठहराव हेतु परिचालनिक एवं वाणिज्यिक अ जाँच कर उचित कार्यवाही किया जाना संभावित है।<br>2. निर्धारित मापदण्ड के अनुसार दोनों प्लेटफार्म पर तीन स्टील छायावान 50 वर्गमीट उपलब्ध हैं जो वर्तमान यात्री भार के अनुसार पर्याप्त है।<br>3. दोनों प्लेटफार्म पर नल एवं शौचालय बनाने का कार्य स्वीकृत हो चुका है तथा शी कार्य पूर्ण करा दिया जायेगा ।<br>4. सतनाली स्टेशन "ई" श्रेणी का स्टेशन है, जहाँ पर रेलवे बोर्ड की नीति अ प्रतिक्षालय का प्रावधान नहीं है।<br>5. सतनाली स्टेशन पर एटीवीएम की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु खरीद की प्रक्रिया क रही है। मशीन उपलब्ध होने के पश्चात लगा दी जावेगी।<br>6. पिछले 03 वर्षो में सतनाली रेलवे स्टेशन पर रेल सम्पत्ति का कोई मामला रिपो हुआ है। वर्ष 2016 एवं 2017 में आईपीसी सम्बन्धित क्रमशः 01 एवं 02 मामले प्रकाश जिसके संदर्भ में राजकीय रेलवे पुलिस द्वारा विधिवत एवं समयसर संज्ञान लेते हुये दर्ज किये, जिस हेतु रेसुब द्वारा आवश्यक समन्वय किया गया। |

| | |
|---|---|
| | सीमित बल संसाधनो के मद्देनजर, प्रत्येक स्टेशन पर बल की सदैव तैनाती कराया जाना सम्भव नहीं है। फिर भी अपराध की स्थिती पर मुख्यालय एवं मंडल स्तर पर सतत् समीक्षा की जाती है और विश्लेषण कराया जाता है। उक्तानुसार रेसुब, बीकानेर को अपराध स्थिती पर कडी नजर रखने एवं तदानुसार जीआरपी से समन्वय कर बल की तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश निर्गत किये गये है।<br>7. स्टेशन पर पार्किंग की पर्याप्त व्यवस्था है। सतनाली स्टेशन पर सर्कुलेटिंग एरिया में रोशनी के लिये ऊर्जा दक्ष फिटिंग की उपयुक्त एवं पर्याप्त व्यवस्था कर दी गयी है।<br>8. सतनाली स्टेशन पर फुटओवर ब्रिज का निर्माण कार्य 2017–18 के अन्तर्गत आउट ऑफ टर्न के आधार पर लॉ बुक में स्वीकृत किया गया है। शीघ्र ही इस वित्त वर्ष में पूर्ण करने की योजना है ।<br>9. बीकानेर मण्डल के सतनाली रेलवे स्टेशन पर CCTV लगाने का कार्य निर्भया फण्ड के अन्तर्गत वर्क्स प्रोग्राम 2018–19 में स्वीकृत है तथा यह कार्य रेलटेल द्वारा किया जाना प्रस्तावित है।<br>10. सतनाली स्टेशन NSG-6 श्रेणी का स्टेशन है जहाँ पर निर्धारित मापदण्डानुसार इलेक्ट्रोनिक ट्रेन कोच इंडीकेशन सिस्टम लगाने का प्रावधान नहीं है।<br>11. रेलवे बोर्ड की नीति अनुसार "ई" श्रेणी के स्टेशनों पर एटीएम मशीन लगाने का प्रावधान नहीं है। |
| 4. | अटेली स्टेशन पर निम्नलिखित सुविधाएं अपेक्षित है।<br>1. स्टेशन पर फुट ओवर ब्रिज।<br>2. आरक्षण विण्डो।<br>3. बुकिंग कार्यालय और प्लेटफार्म पर CCTV कैमरा।<br>4. इलेक्ट्रोनिक ट्रेन कोच इंडिकेशन सिस्टम।<br>5. स्टेशन से शहर की ओर जाने वाला रोड़ कच्चा है जिस पर बारिश के मौसम में यात्रियों को चलने में बहुत परेशानी होती है इस रोड़ को पक्का बनाया जाए। |
| | **रिमार्क्स:–**<br>1. स्टेशन पर फुट ओवर ब्रिज बनाने का कार्य स्वीकृत है तथा इस कार्य का ठेका दिनांक 27.04.18 को दिया जा चुका है ।<br>2. अटेली स्टेशन पर वर्तमान में एसटीबीए कार्यरत है। रेलवे बोर्ड के नीति निर्देशानुसार जहां एसटीबीए कार्यरत है वहां पर आरक्षण सुविधा का प्रावधान नहीं है। अटेली से मात्र 14 कि.मी. दूरी पर स्थित नारनौल स्टेशन पर आरक्षण सुविधा उपलब्ध है किंतु वहां पर भी मात्र 64 आरक्षण मांग पत्रों का कार्यभार है जो कि निर्धारित मानदण्ड से कम है। यह भी संज्ञान में लाया जाता हैं कि भारतीय रेल में अधिकांशतः आरक्षण टिकट इन्टरनेट पर बनाये जा रहे हैं जिसकी सुविधा लगभग हर जगह उपलब्ध है।<br>3. इस संबंध मे यह अवगत कराया जाता है कि जयपुर मण्डल के अटेली रेलवे स्टेशन पर CCTV लगाने का कार्य निर्भया फण्ड के अन्तर्गत वर्क्स प्रोग्राम 2018–19 में स्वीकृत है तथा यह कार्य रेलटेल द्वारा किया जाना प्रस्तावित है।<br>4. यात्री सुविधाओं के संबंध में जारी नीति अनुसार NSG-6 श्रेणी के स्टेशन पर इलेक्ट्रोनिक ट्रेन कोच इण्डीकेशन सिस्टम की सुविधा देय नहीं है।<br>5. रेलवे सीमा के अंदर स्टेशन को जोड़ने वाला रोड को शीघ्र ही पक्का करने की कार्यवाही की जा रही है । |

| | |
|---|---|
| 5. | पतुवास मेहराणा स्टेशन (PUW) पर 59721/22 और 54751/52 का ठहराव |
| | **रिमार्क्सः–**<br>पातूवास मेहराण रेलवे स्टेशन पर प्रति दिन प्रति गाड़ी यात्री भार 15 यात्री है एवं<br>223/ रू है जबकि रेलवे बोर्ड के पत्र संख्या 2004/कोचिंग–।।/13/ठहराव नीति दि<br>07.12.2015 के अनुसार प्रतिगाड़ी प्रति दिन यात्री आय 12716/रू से 24506/रू<br>आवश्यक है। पाटूवास मेहराणा हाल्ट स्टेशन पर 4 जोड़ी सवारी गाड़ियों का ठहराव<br>सुझावित गाड़ियों के ठहराव हेतु परिचालनिक एवं वाणिज्यिक औचित्य जाँच कर उचित<br>जाने पर प्रस्ताव भेजा जायेगा। |
| 6. | गाड़ी संख्या 54413 का दिल्ली से चलने का समय 03:20 बजे की बजाय 02:20 बजे कर<br>जाए ताकि रेवाड़ी से आगे रींगस और सादुलपुर रूट पर अटेली, महेन्द्रगढ़, सतनाली, क<br>लोहारू के यात्री, रेवाड़ी से चलने वाली गाड़ियाँ पकड़ सके। |
| | **रिमार्क्सः–**<br>गाड़ी सं. 54413 दिल्ली–रेवाड़ी सवारी गाड़ी का दिल्ली से प्रस्थान समय परिवर्तित<br>जाने हेतु पत्र दिल्ली मण्डल को भेजा जायेगा। उक्त गाड़ी का रेवाड़ी आगमन 05.45 ब<br>एवं महेन्द्रगढ़–सादुलपुर की ओर जाने वाली गाड़ियों से मिलान हो रहा है। |
| 7. | फरटीया भीमा, आजमपुर व अन्य गाँवों का मांग पत्र संलग्न है। सोहांसड़ा–लोहारू के<br>फाटक नंबर 121 और 122 के बीच खंबा नंबर 196/6 आर.यू.बी का निर्माण करवाया जा |
| | **रिमार्क्सः–**<br>समपार संख्या 121 व 122 के मध्य किमी 169/6–7 है न कि 196/6। समपार सं<br>121 व 122 के मध्य कि मी 169/6–7 पर आर यू बी फिजिबल है, लेकिन उक्त स्थान<br>800 मीटर की दूरी पर ही हरियाणा सरकार के अनुरोध पर डिपोजिट टर्म पर कि<br>170/4–5 पर आर यू बी बनाने का कार्य प्रगति पर है । अतः उक्त लोकेशन अर्थात कि<br>169/6–7 पर आर.यू.बी डिपोजिट टर्म पर राज्य सरकार से प्रस्ताव आने पर बनाया<br>सकता है। |
| 8. | सैनीवास तहसील सिवानी जिला, भिवानी के लोगों ने मिलकर बताया कि सादुलपुर–हि<br>फाटक संख्या 28–सी पर जो आरयूबी बन रहा है से वो राजस्थान से चारा लाते हैं<br>आरयूबी की चौड़ाई बढ़ाकर 21 फीट करवाई जाए ताकि चारे के साधन निकालने में परे<br>नहीं हो। |
| | **रिमार्क्सः–**<br>जिला कलेक्टर के द्वारा प्रदत एनओसी में वर्णित साईज के आरयूबी का निर्माण किया<br>रहा है। |
| 9. | बवानी खेड़ा का मांग पत्र संलग्न कर रहा हूँ जिसमें फाटक संख्या 65–सी फाटक बना<br>मांग की गई है क्योंकि बवानी खेड़ा के 13 वार्डो में से 2 वार्ड फाटक की दूसरी तरफ है<br>जनता को फाटक से आने जाने में बहुत परेशानी होती है। |
| | **रिमार्क्सः–**<br>बवानी खेड़ा स्थित फाटक संख्या 65 सी को राज्य सरकार की अनुमति के बाद बन्द<br>दिया गया है तथा इस स्थान पर आरयूबी के निर्माण का प्रस्ताव राज्य सरकार से प्र<br>होने पर ही आगे आवश्यक कार्यवाही की जायेगी । |

(26)

| | |
|---|---|
| 10. | चरखी दादरी रेलवे स्टेशन पर फाटक संख्या 34–सी पर आयूबी का निर्माण करवाया जाए (CM Announcement-20387) |
| | रिमार्क्स:– <br> समपार संख्या 34 जो कि चरखीदादरी में स्थित है तथा उसके आस पास बाजार एवं अन्य आबादी क्षेत्र होने के कारण यहां मानद आर यू बी बनाना फिजिबल नहीं है। इस स्थान पर 2.0 मीटर चौड़ाई एवं 1.8 मीटर उंचाई का पैदल पारपथ बनाना ही फिजिबल है। कार्य की अनुमानित लागत इस वक्त 3.50 करोड़ रूपये आंकी गयी है, तथापि राज्य सरकार से इस संबंध में प्रस्ताव प्राप्त होने व फण्ड के लिए मदद होने से कार्य आगे बढ सकता है । |
| 11. | चरखी दादरी रेलवे स्टेशन पर फाटक संख्या 52–सी पर आरओबी का निर्माण करवाया जाए (CM Announcement-10514) |
| | रिमार्क्स:– <br> उक्त फाटक संख्या 52–सी पर आरओबी का कार्य इसी वर्ष 2018–19 की रेलवे पिंक बुक में स्वीकृत हुआ है। इस कार्य के संबंध में राज्य सरकार से पहुँच मार्ग का प्राक्कलन एवं GAD अपेक्षित है। |
| 12. | रेवाड़ी से रींगस लाइन पर अटेली से निजामपुर सेक्शन पर नई गाड़ियों और ठहराव से संबन्धित :– <br> 1. निजामपुर स्टेशन पर 22451/52 (चंडीगढ़ से बांद्रा) और 12065/66 (अजमेर–दिल्ली) का ठहराव करवाया जाए। <br> 2. अजमेर से कुरूक्षेत्र दोनों धर्मनगरी को नई एक्सप्रेस गाड़ी के माध्यम से जोड़ा जाए। <br> 3. 74001/4 के लाई ओवर का प्रयोग करके रींगस तक विस्तार किया जाए। <br> 4. 74015/16 के लाई ओवर का प्रयोग करके रोहतक से रींगस के लिए सीधी पैसेंजर गाड़ी चलाई जाए इस सेक्शन पर केवल 3 ही पैसेंजर गाड़ियाँ चल रही हैं। <br> 5. मिर्जापुर बाछोद हाल्ट की शिपिटंग अभी तक नहीं हुई है अतः इस काम को वरीयता पर करवाया जाए इस बारे में मैं पहले भी कई पत्र लिख चुका हूँ। <br> 6. 19609/10 उदयपुर से हरिद्वार जो 3 दिन चलती है को दैनिक/नियमित किया जाए बाकी 4 दिन वाया नरनौल चलाया जाए। |
| | रिमार्क्स:– <br> 1. निजामपुर स्टेशन पर 3 जोड़ी सवारी गाड़ियों का ठहराव है। यहाँ प्रतिदिन, प्रतिगाड़ी यात्री भार 85 यात्री एवं 1883/ रू है, जो कि रेलवे बोर्ड द्वारा निर्धारित मानक से कम है। गाड़ी सं. 22451/22452 चण्डीगढ–बान्द्रा एवं गाड़ी सं. 12065/12066 अजमेर–दिल्ली सराय रोहिल्ला सुपरफास्ट श्रेणी की गाड़ियाँ हैं। अधिक ठहराव दिये जाने से इनकी औसतन गति एवं समय पालना पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा तथा यात्रियों में असंतोष की भावना होगी। <br> 2. अजमेर से कुरूक्षेत्र नई गाड़ी हेतु दो अतिरिक्त रेक/लोको, उत्तर रेलवे की सहमति एवं रेलवे बोर्ड की स्वीकृती आवश्यक है। उल्लेखनीय है कि अजमेर स्टेशन पर सीमित अनुरक्षण सुविधायें ही उपलब्ध हैं। <br> 3. पूर्व में 74001/74004 के लाई ऑवर से इस गाड़ी को नीम का थाना तक विस्तारित किया गया था पर यात्री भार काफी कम होने के कारण इसे बंद कर दिया गया था । पुनः रींगस तक विस्तारण करना रेलवे बोर्ड का क्षेत्राधिकार है। <br> 4. गाड़ी संख्या 74015/74016 रेवाड़ी–जिंद–रेवाड़ी, गाड़ी संख्या 74017/74018/74019/74020 के लिंक में चलती है। समय सारणी एवं रेक लिंक के अनुसार गाड़ी |

| | |
|---|---|
| | संख्या 74018 रोहतक–रेवाड़ी (05.05–06.50) से 74015 रेवाड़ी जिंद (07.10–10.10 ) चलती है तथा गाड़ी संख्या 74016 जिंद–रेवाड़ी (16.15– 19.20) से 74017 रेवाड़ी –रोहतक (19. 50–21.35) चलती है। इस प्रकार प्रभावी रूप से 74015/74016 का रेवाड़ी में क्रमशः 20/30 मिनिट का लाई ऑवर उपलब्ध है अतः 74015/74016 का रींगस तक विस्तारण परिचालनिक रूप से संभव नहीं है।<br>5. रेलवे बोर्ड के पत्र संख्या 99/टीजी–4/हाल्ट /नीति दिनांक 17.05.1999 के पैरा 1 (2) के अनुसार उपनगरीय क्षेत्र के अलावा प्रस्तावित हाल्ट स्टेशन से दोनों ओर के स्टेशनों की दूरी कम से कम 05 किमी होनी चाहिए। मिर्जापुर बाछोद स्टेशन से मिर्जापुर बाछोद हाल्ट स्टेशन के मध्य की दूरी 1.25 किमी है तथा अटेली से 5.84 किमी है। अतः मिर्जापुर बाछोद में हाल्ट स्टेशन बनाना वाणिज्यिक दृष्टी से औचित्य पूर्ण नही है। फिर भी यात्री सुविधा को देखते हुए रेलवे बोर्ड से पत्राचार किया जा रहा है।<br>6. गाड़ी संख्या 19609/10 उदयपुर–हरिद्वार के पाथ पर गाड़ी संख्या 04735/04736 बीकानेर–हरिद्वार होली डे एक्सप्रेस चल रही है। शेष 3 दिन नारनोल होकर चलाये जाने हेतु अतिरिक्त रेक लिंक/लोको/ उत्तर रेलवे की सहमति व रेलवे बोर्ड की स्वीकृति भी आवश्यक है। उल्लेखनीय है कि उदयपुर स्टेशन पर उक्त गाड़ी हेतु प्रतिदिन अनुरक्षण स्लॉट उपलब्ध नहीं है । |
| 13. | रेवाड़ी से बीकानेर लाइन पर रेवाड़ी से लोहारू सेक्शन पर नई गाड़ियों और ठहराव से संबन्धितः–<br>1. NWR की सभी 6 पैसेंजर गाड़ियाँ रेवाड़ी में ही खत्म हो जाती हैं जबकि सभी सवारियां गुरूग्राम और दिल्ली की होती है महाप्रबंधक वार्षिक निरीक्षण के दौरान भी सेक्शन के सभी स्टेशन से केवल यही मांग रखी गई थी। बीकानेर और दिल्ली मण्डल आपसी तालमेल करके रेवाड़ी में पैसेंजर गाड़ियों के खत्म होने की समस्या का समाधान किया जाए। इस बारे में मैंने कई पत्र लिखे और NWR ने कई प्रस्ताव भी बनाए परन्तु हासिल कुछ नहीं हुआ समस्या जस की तस बनी हुई है। अतः इस समस्या को वरीयता दिया जाए और रेवाड़ी में पैसेंजर गाड़ियों के खत्म हाने की समस्या का निवारण किया जाए। 54412/16 को सूरतगढ़ तक बढ़ाया जाए 54309/10 को सादुलपुर तक बढ़ाया जाए।<br>2. 14055/56 ब्रह्मपुत्र मेल को महेंद्रगढ़ के रास्ते जोधपुर/बीकानेर/गंगानगर तक बढ़ाया जाए यह प्रस्ताव लंबे समय से रेक की कमी के कारण लंबित है अतः अगर नया रेक नहीं मिल सकता तो दिल्ली से जोधपुर/बीकानेर चलने वाली किसी एक्सप्रेस गाड़ी में मर्ज किया जाए ताकि क्षेत्र को लंबी दूरी की गाड़ी मिल सके और उत्तर –पूर्व क्षेत्र से सीधा रेल संपर्क हो सके।<br>3. गाड़ी सं. 04735/36 जो बीकानेर से पुरी के रेक के लाई ओवर से चलाई जाती है को स्थायी किया जाए इसके लिए मैंने कई पत्र लिखे हैं और यह गाड़ी पिछले 5 साल से स्पेशल के तौर पर चल रही है और उत्तर रेलवे ने भी इस पर कोई ऐतराज नहीं जताया है और लिखा है कि मामला NWR से संबन्धित है।<br>4. बीकानेर से दिल्ली नई एक्सप्रेस गाड़ी चलाई जाए जो बीकानेर से सुबह 4 बजे चलकर महेंद्रगढ़ 9 बजे के आसपास तक पहुंचे।<br>5. गंगानगर से दिल्ली नई एक्सप्रेस गाड़ी चलाई जाए।<br>6. हावड़ा से बाड़मेर वाया सादुलपुर नई एक्सप्रेस गाड़ी चलाई जाए। |

7. लोहारू स्टेशन पर 12371/72 (हावड़ा से जैसलमेर) का ठहराव करवाया जाए।
8. भोपाल एक्सप्रेस 12155/56 को बीकानेर तक बढ़ाया जाए।
9. लखनऊ मेल 12229/30 को सीकर तक बढ़ाया जाए।
10. 22471 में 2S की सुविधा दोबारा शुरू की जाए इस बारे में मैने 2 पत्र लिखे हैं और बीकानेर मण्डल की तरफ से CCM/NWR मुख्यालय को प्रस्ताव भी भेजा गया है।
11. दिल्ली से जैसलमेर वाया महेन्द्रगढ़ 200 किलोमीटर छोटा रास्ता है परन्तु जैसलमेर के लिए सिर्फ 12371/72 साप्ताहिक ही चलती है अतः दिल्ली से जैसलमेर दैनिक एक्सप्रेस चलाई जाए या 22471/72 का जैसलमेर तक विस्तार किया जाए।
12. 54011/12 जब चलाई गई थी तब सुबह शाम रेवाड़ी में 20 मिनट का ठहराव दिया गया था जिसे बाद में सुबह की गाड़ी 54012 के ठहराव को 10 मिनट कर दिया है परन्तु शाम की गाड़ी 54011 का ठहराव अभी भी 15 मिनट है उसे कम करके 5 मिनट किया जाए।
13. 74848 हिसार से रेवाड़ी DMU का रेवाड़ी पहुँचने का समय 08:00 किया जाए और आश्रम एक्सप्रेस से कनैक्ट किया जाए।

**रिमार्क्सः—**

1. गाड़ी सं.54412/54416 दिल्ली—रेवाड़ी सवारी गाड़ी को सूरतगढ़ तक विस्तारण हेतु प्रस्ताव उत्तर रेलवे एवं रेलवे बोर्ड को एक अतिरिक्त रेक की आवश्यकता के साथ भेजा गया था जिस पर उत्तर रेलवे द्वारा सहमति प्राप्त नहीं हुई। अब पुनः गाड़ी सं. 54309/54310 दिल्ली—रेवाड़ी सवारी गाड़ी को एक अतिरिक्त रेक के साथ हिसार तक विस्तारण हेतु प्रस्ताव भेजा जा रहा है। जिस पर उत्तर रेलवे एवं रेलवे बोर्ड की स्वीकृती आवश्यक होगी।

2. गाड़ी सं.14055/14056 ब्रहमपुत्र मेल का श्रीगंगानगर तक विस्तारण हेतु प्रस्ताव रेलवे बोर्ड को भेजा गया था, जिस पर स्वीकृती नहीं मिली। उत्तर पश्चिम रेलवे की सभी गाड़ियँ Integrated@Standard rake link के तहत चल रही हैं। अतः इनका ब्रहमपुत्र मेल के साथ समाकलन, परिचालनिक रूप से संभव नहीं है।

3. गाड़ी संख्या 04735/04736 बीकानेर—हरिद्वार विशेष गाड़ी को स्थाई किये जाने हेतु प्रस्ताव आईआरटीटीसी 2016 व 2018 में भेजा गया था, जिस पर रेलवे बोर्ड की स्वीकृती अपेक्षित है।

4. बीकानेर—दिल्ली सराय रोहिल्ला के मध्य दो जोड़ी एक्सप्रेस गाड़ियां प्रतिदिन चल रही हैं। सुझावित गाड़ी का परिचालनिक एवं वाणिज्यिक औचित्य जांच कर उचित कार्यवाही की जाएगी।

5. श्री गंगानगर से दिल्ली वाया हनुमानगढ़—सादुलपुर चलाये जाने हेतु प्रस्ताव रेलवे बोर्ड एवं उत्तर रेलवे को भेजा गया था, पर रेलवे बोर्ड की स्वीकृति नहीं मिली।

6. बाड़मेर—हावड़ा नई गाड़ी हेतु प्रस्ताव आईआरटीटीसी 2017 व 2018 में भेजा गया था पर मार्गस्थ रेलवे की सहमति नहीं मिली।

7. गाड़ी सख्या 12371/12372 हावड़ा—जैसलमेर का लोहारू स्टेशन पर ठहराव हेतु प्रस्ताव रेलवे बोर्ड को भेजा हुआ है। रेलवे बोर्ड से स्वीकृति अपेक्षित है।

8. गाड़ी संख्या 12156 हजरत निजामुद्दीन—हबीबगंज शान—ऐ भोपाल एक्सप्रेस का हजरत निजामुद्दीन स्टेशन पर 12.55 घण्टे लाई ऑवर है, जो कि बीकानेर स्टेशन तक विस्तारण हेतु अपर्याप्त है। अतिरिक्त रेक/इंजन के बिना बीकानेर तक विस्तारण करना संभव नहीं है।

| | |
|---|---|
| | 9. गाड़ी संखा 12229/12230 लखनऊ मेल का नई दिल्ली स्टेशन पर कुल 14.55 घण्टे क लाई ऑवर है। इसे सीकर जं. तक विस्तारण हेतु उत्तर रेलवे तथा रेलवे बोर्ड की स्वीकृत आवश्यक है। हालांकि उपलब्ध लाई ऑवर भी अपर्याप्त है तथा सीकर जं. पर टर्मीनल सुविध भी उपलब्ध नहीं है।<br>10. गाड़ी संख्या 22471 के स्लीपर कोच को 2एस कोच के रूप में संचालित करने पर 0 एस श्रेणी की उपयोगिता अत्यन्त कम (लगभग 19 प्रतिशत) रहने के कारण इस सुविधा व वापस ले लिया गया है। इस के अतिरिक्त वर्तमान में इस गाड़ी में 06 सामान्य एवं 0 एसएलआर कोच संचालित है जिनका उपयोग पूर्ण रूप से नहीं हो पा रहा है।<br>11. गाड़ी संख्या 22471/22472 का प्राथमिक अनुरक्षण बीकानेर स्टेशन पर किया जाता क्योंकि जैसलमेर स्टेशन पर उक्त सुविधा उपलब्ध नहीं है। अतः गाड़ी संख्या 22471/224 का जैसलमेर तक विस्तारण परिचालनिक रूप से संभव नहीं है।<br>12. गाड़ी सख्या 54011/54012 तिलक ब्रिज–सादुलपुर सवारी गाड़ी में रेवाड़ी स्टेशन कर्मीदल परिवर्तन एवं पानी भराई का कार्य किया जाता है जिस हेतु पर्याप्त समय दिया जा आवश्यक है। गत समय सारणी में यथा संभव परिवर्तन किया गया है। आगामी समय सार में पुनर्विचार संभव है।<br>13. गाड़ी संख्या 74848 हिसार–रेवाड़ी डेमू सवारी गाड़ियां जनप्रतिनिधि एवं दैनिक यात्रि की मांग पर 7.10 के स्थान पर 06.55 किया गया था, जिससे रेवाड़ी से गाड़ी संख्या 54 रेवाड़ी–दिल्ली सवारी गाड़ी (प्रस्थान 07.05) से मिलान हो सके। 08.00 बजे किये जाने दिल्ली की ओर जाने वाले यात्रियों में पुनः असंतोष होगा । |
| 14. | दिल्ली से भिवानी लाइन पर नई गाड़ियों से संबन्धितः–<br>1. 14085 सिरसा से दिल्ली (हरियाणा एक्सप्रेस) का विस्तार बठिंडा तक किया जाए।<br>2. 12443/4 नई दिल्ली से हल्दिया का विस्तार भिवानी तक किया जाए।<br>3. 14009/10 नई दिल्ली से हल्दिया का विस्तार भिवानी तक किया जाए।<br>4. 15273/4 नई दिल्ली से हल्दिया का विस्तार भिवानी तक किया जाए।<br>5. 14207 प्रतापगढ़ से दिल्ली का भिवानी तक विस्तार किया जाए।<br>6. 14041/42 मसूरी एक्सप्रेस पूरा दिन दिल्ली खड़ी रहती है अतः इस गाड़ी का रेवाड़ी, भिवानी/हिसार तक विस्तार किया जाए। |
| | **रिमार्क्सः–**<br>1. गाड़ी संख्या 14085/14086 तिलक ब्रिज–सिरसा का सिरसा स्टेशन पर अपर्याप्त ल ऑवर (02.50 घण्टे) होने के कारण बठिंडा तक विस्तार परिचालनिक रूप से संभव नहीं बठिंडा स्टेशन उत्तर रेलवे पर स्थित है। इस संबंध में उत्तर रेलवे की टिप्पणी भी वांछन है। क्योंकि टर्मिनल सुविधा हेतु कम से कम 75 मिनिट आवश्यक है।<br>2–5. भिवानी स्टेशन पर केवल 17 कोच की पिट लाईन है तथा अनुरक्षण हेतु 06.00 का एक भी स्लॉट उपलब्ध नहीं है। अतः सभी गाड़ियों का प्राथमिक अनुरक्षण भिवानी स पर नहीं किया जा सकता है एवं अनुरक्षण सुविधा के अभाव के कारण उक्त गाड़िय विस्तारण संभव नहीं है।<br>6. गाड़ी संख्या 14041/14042 मंसूरी एक्सप्रेस का प्राथमिक अनुरक्षण दिल्ली सराय रो स्टेशन पर किया जाता है। भिवानी स्टेशन पर प्रतिदिन अतिरिक्त स्लॉट की अनुपलब्ध कारण विस्तारण संभव नहीं है। |

| | |
|---|---|
| 15. | रेवाड़ी जंक्शन पर जब मीटर गेज की लाइन थी जब प्राथमिक मरम्मत की सुविधा थी परन्तु ब्रॉड गेज की लाइन बनने के बाद प्राथमिक मरम्मत (Pit line) की सुविधा शुरू नहीं की गई है अतः इस सुविधा को दोबारा शुरू किया जाए क्योंकि प्राथमिक मरम्मत की सुविधा रेवाड़ी में होने से इलाके में चलने वाली गाड़ियां सुचारू रूप से चल सकेंगी। |
| | **रिमार्क्सः—**<br>रेवाड़ी के पास भिवानी, रोहतक एवं दिल्ली में पिट लाईन उपलब्ध है। अतः रेवाड़ी स्टेशन पर बड़ी लाईन की पिट लाईन का वर्तमान परिप्रेक्ष्य में औचित्य नहीं बनता है। |
| 16. | गाड़ी संख्या 19609/10 उदयपुर से हरिद्वार का ठहराव दिल्ली कैंट स्टेशन पर करवाया जाए। |
| | **रिमार्क्सः—**<br>दिल्ली छावनी स्टेशन उत्तर रेलवे पर स्थित है। इस हेतु उत्तर रेलवे को पत्र भेजा जा रहा है। |
| 17. | गाँव जवाहर नगर से ढाणी कुम्हारान (महेन्द्रगढ़) के बीच में रेलवे लाईन का अंडर पास के पोल नं— 161/2 और 161/3 के बीच में बनाने हेतु। |
| | **रिमार्क्सः—**<br>गांव जवाहर नगर से ढाणी कुमहारान/महेन्द्रगढ़ के बीच रेलवे लाइन का अण्डर पास पोल 161/2 और 161/3 के बीच बनाने का प्रस्ताव राज्य सरकार से प्राप्त होने पर आवश्यक कार्यवाही की जायेगी । |

| 5. श्री दिप सिंह राठौड़ | |
|---|---|
| 1. | मोडासा–हिम्मतनगर–शामलाजी रेलवे ट्रेक प्रोग्रेस रिपोर्ट की जानकारी देने के संदर्भ में और इस काम को पूरा होने में कितना समय लगेगा? इसकी माहीती दीजिए। |
| | **रिमार्क्सः–**<br>उदयपुर–हिम्मतनगर आमान परिवर्तन परियोजना के हिम्मतनगर–शामलाजी खण्ड का कार्य उत्तर पश्चिम रेलवे द्वारा करवाया जा रहा है। मोडासा से शामलाजी नई रेल लाईन का कार्य पश्चिम रेलवे द्वारा किया जा रहा है। हिम्मतनगर–रायगढ़ खण्ड का ट्रैक बिछाने का कार्य जुलाई 2018 तक पूरा कर लिया जावेगा। डूंगरपुर से हिम्मत नगर तक आमान परिवर्तन का कार्य दिनांक 31.12.18 तक पूरा करने की संभावना है। |
| 2. | भिलोडा तहसील के खोडंबा LHS-761 के संदर्भ को विकसित करना। |
| | **रिमार्क्सः–**<br>यह स्थान कर्व संख्या 339 के पास रेलवे कि.मी 280.500 से 281.500 के बीच स्थित है। जहाँ भूमि इस कर्व के आसान (डिग्री कम करने के लिये) होने के लिए अधिग्रहित की गई हैं। ग्रामीणों की सिंचाई भूमि रेलवे लाईन द्वारा एक तरफ है और दूसरी ओर मेषवो नहर द्वारा त्रिकोणीय आकार में है। इस स्थान पर एलएचएस की मांग को रेलवे के खर्च पर नहीं करवाया जा सकता है। यदि राज्य सरकार निर्माण खर्च वहन करने की सहमति देती है तो रेलवे द्वारा इस कार्य को करने पर विचार किया जा सकता है। |
| 3. | हिम्मतनगर तहसील के बलवंतपुरा फाटक नं. 210 के देवभूमि सर्वे नं. 50 का रास्ता खोलने के संदर्भ में। |
| | **रिमार्क्सः–**<br>एलसी संख्या 210 हिम्मतगनर शहर में स्थित है। कलेक्टर हिम्मतनगर द्वारा एनओसी जारी करने के बाद इस स्थान पर 5 गुना 4 मीटर का एलएचएस डाला गया है। अप्रोच वाल का काम पूरा हो चुका है और सड़क का काम प्रगति पर है और जल्द ही पूरा होने की संभावना है। अप्रोच वाल का काम सरकारी भूमि में किया गया है। |
| 4. | हिम्मतनगर तहसील के बलवंतपूरा फाटक संख्या 209 को खोलने के संदर्भ में:– |
| | **रिमार्क्सः–**<br>समपार संख्या 209 low TUV की वजह से जिलाधीश के द्वारा एन.ओ.सी दिये जाने पर साल 2010 में बंद किया गया था । इस समपार फाटक से 1.5 कि.मी दूर समपार संख्या 208 पर एल.एच.एस बनाया जा चुका है व 1 कि.मी दूर समपार फाटक संख्या 210 पर एल.एच.एस का कार्य प्रगति पर है जो शीघ्र पूर्ण कर दिया जायेगा। समपार संख्या 209 की समपार संख्या 208 व 210 से clear connectivity है। अतः समपार फाटक संख्या 209 के उपयोगकर्ता समपार फाटक संख्या 208 व 210 पर बने एल.एच.एस को उपयोग में ले सकते हैं । |
| 5. | मोड़ासा–टिंटोई नवीन रेलवे ब्रॉडगेज लाईन का सर्वे जमीन संपादन करने हेतु कलेक्टर साबरकांठा के 2011 के अभिप्राय अनुसार विकल्प–4 पेकी विकल्प–3 उचित रखकर कलेक्टर अरवल्ली के आदेश तहत दिनांक 23.08.2017 तहत जीतपुर गांव तक सर्वे की कार्यवाही करके उसमें बदलाव करके दिनांक 11.07.2017 के तहत फिर से सर्वे करने की कार्यवाही होने से नवा वाघोड़िया गांव के 60 रहिशों के मकान एवं प्राथमिक विद्यालय को नुकसान हो रहा है। तो उन्होंने दिनांक 23.08.2017 तहत सर्वे कराने के संदर्भ में। |
| | **रिमार्क्सः–**<br>यह मद पश्चिम रेलवे से सम्बन्धित है। सम्बंधित रेलवे को अग्रेषित किया जायेगा। |

| | |
|---|---|
| 6. | हिम्मतनगर तहसील के खेड़तासीया रोड़ के गोकुलनगर रेलवे फाटक वाले रास्ते ओवरब्रिज बनाने के संदर्भ में। |
| | **रिमाक्सः–**<br>खेड़तासीया रोड़ के गोकुलनगर रेलवे फाटक संख्या 212 आबादी क्षेत्र में स्थित है । तक इस फाटक पर आर.ओ.बी. बनाने एवं इसके निर्माण राशि का कुल 50 प्रतिशत वहन करने की सहमति राज्य सरकार से प्राप्त नहीं हुई है । यदि राज्य सरकार इस फाटक पर आर.ओ.बी. को बनाने में खर्च होने वाली राशि 50 प्रतिशत वहन करने की स का प्रस्ताव रेलवे को भिजवाती है तो आर.ओ.बी. निर्माण हेतु प्रस्ताव रेलवे बोर्ड को भेज जायेगा । वर्तमान में चल रहे आमान परिवर्तन के कार्य के दौरान इस फाटक को चौड़ा मानव युक्त रखा जायेगा । |
| 7. | इडर तहसील के वीरपुर गांव में खेती की पियत जमीन में अंडरग्राउंड 4 इंच पाईपलाईन पूर्व से पश्चिम करने के संदर्भ में। |
| | **रिमार्क्सः–**<br>यह मद पश्चिम रेलवे से सम्बन्धित है। सम्बंधित रेलवे को अग्रेषित किया जायेगा। |
| 8. | इडर तहसील के जादर गांव में से गुजरती रेल लाईन के नीचे पानी की लाईन ब्लॉक ह है, जिसका निराकरण जल्द करने के संदर्भ में। |
| | **रिमार्क्सः–**<br>यह मद पश्चिम रेलवे से सम्बन्धित है। सम्बंधित रेलवे को अग्रेषित किया जायेगा। |
| 9. | हिम्मतनगर तहसील के मथासूलिया गांव से ब्रिज नं. 832, पिलर नं. 708 को लोकि नागरिकों को आवागमन के लिये मंजूरी देना जरूरी है जिसके लिये कार्यवाही करें। |
| | **रिमार्क्सः–**<br>ब्रिज सं. 832 जो कि रेलवे कि.मी 301/7–8 उदयपुर–हिम्मत नगर लाईन पर रायगढ़ और वीरावाड़ा स्टेशन के मध्य स्थित है तथा यह 1 गुना 12.20 मीटर स्पान का मेजर है। वर्तमान निर्देशों के अनुसार किसी भी ब्रिज के जल मार्ग के उपयोग की अनुमति के प्रतिदिन के आवागमन के लिए नहीं दी जा सकती<br>है। फिर भी आम जनता नजदीक के फाटक संख्या 197 पर बने हुए एल.एच.ए उपयोग आवागमन के लिए कर सकती है। |

(22)

| | |
|---|---|
| | **6. श्री हरिओम सिंह राठौड़** |
| | **(अजमेर मण्डल)** |
| 1. | समय–समय पर मावली–मारवाड़ ब्राड गेज की प्रगति रिपोर्ट से अवगत कराना। |
| | **रिमार्क्सः–**<br>अजमेर मण्डल में मावली–मारवाड़ के आमान परिवर्तन परियोजना का कार्य वर्ष 2017–18 में स्वीकृत हुआ था जिसकी विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (DPR) अनुमोदन हेतु रेलवे बोर्ड को भेज दी गई है। रेलवे बोर्ड की स्वीकृति प्रतीक्षित है । |
| 2. | अजमेर मण्डल में कौन–कौन सी ट्रेने कैटेगिरी वाईज स्टेशन पर रूक रही हैं और जो स्टेशन निर्धारित माप–दण्ड पूरे नहीं करते हैं, उनमें से किन–किन स्टेशनों पर ये ट्रेनें रूक रही हैं तो कब से रूकना शुरू हुई? |
| | **रिमार्क्सः–**<br>अजमेर मण्डल पर संचलित सभी गाड़ियों के आगमन/प्रस्थान की विस्तृत सूचना पब्लिक टाईम टेबल में उपलब्ध है। गाड़ियों का संचालन एवं ठहराव रेलवे बोर्ड के अधिकार क्षेत्र का विषय है। |
| 3. | स्वीकृतशुदा पुष्कर–मेड़ता का बजट शीघ्र आवंटित कराना। |
| | **रिमार्क्सः–**<br>जोधपुर मण्डल में पुष्कर से मेड़तासिटी नई रेल लाईन का प्रस्तावित कार्य वर्ष 2013–14 में स्वीकृत हो चुका है। इस परियोजना की कुल लागत रूपये 323 करोड़ है एवं गेज 1676 एम. एम. रखा गया है। इस परियोजना को चालू करने के लिए CCEA की अनुमति रेल मंत्रालय से प्रतीक्षित है। रेलवे बोर्ड को पुनः अनुरोध किया जा रहा है। |
| 4. | ब्यावर स्टेशन का अपग्रेडेशन करवाना। |
| | **रिमार्क्सः–**<br>किसी भी स्टेशन का अपग्रेडेशन उस स्टेशन की यात्री आय के आधार पर रेलवे बोर्ड द्वारा किया जाता है वर्तमान में ब्यावर स्टेशन को बी श्रेणी अथवा एनएसजी–4 में रखा गया है।<br>इस स्टेशन पर आदर्श स्टेशन की नीति अनुसार फुटओवर ब्रिज, महिला एवं पुरूष यात्रियों हेतु प्रतिक्षालय, हाईलेवल प्लेटफार्म, वाटर कूलर, साईनेज, 400 वर्गमीटर का छायावान, मूत्रालय, शौचालय, बैठने की समुचित व्यवस्था आदि सहित सभी न्यूनतम आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हैं। इस के अतिरिक्त स्टेशन पर एक अतिरिक्त फुटओवर ब्रिज, एस्केलेटर एवं डबलिंग कार्य के अर्न्तगत अन्य सभी सुविधाएं दिया जाना प्रस्तावित है। |
| 5. | विभिन्न ट्रेनों के ठहराव के लिए लिखे गये पत्रों अनुसार उन पर की गई कार्यवाही का विवरण |
| | **रिमार्क्सः–**<br>इस कार्यालय के पत्र स. टी. 425/2/3 दिनांक 23/12/16 के द्वारा कुल 17 स्टेशनों पर 22 गाड़ियों के वाणिज्यक औचित्य होने व प्रमुख स्टेशनों के लिए ठहरावों हेतु अनुशंसा रेलवे बोर्ड को भेजी गयी है। प्रति उपलब्ध है। इस सूची में से गाड़ी सं. 15013/15014 रानीखेत का दिनांक 16.04.2018 से प्रायोगिक ठहराव दे दिया गया है। |
| 6. | वर्तमान में संचालित हो रही ट्रेनों के विस्तार के पूर्व प्रस्ताव जो स्वीकृतशुदा हैं, प्रारम्भ हुए या नहीं, विशेषकर चैन्नई से चलने वाली ट्रेनों के यात्रीभार को दृष्टिगत रखते हुए जयपुर–उदयपुर तक चलाई जाये। |

| | |
|---|---|
| | **रिमार्क्सः—**<br>गाड़ी संख्या 19609/19610 हरिद्वार—अजमेर (त्रि—साप्ताहिक) एक्सप्रेस का विस्तारण गाड़ी संख्या 19667/19668 उदयपुरसिटी—मैसूर हमसफर एक्सप्रेस तथा गाड़ी स 22985/22986 उदयपुरसिटी—दिल्ली सराय रोहिल्ला साप्ताहिक एक्सप्रेस नई सुविधा प्रदान गई है। इसके अतिरिक्त गाड़ी संख्या 19611/19612 तथा 19613/19614 अमृतसर—अ का उदयपुरसिटी तक विस्तार का प्रस्ताव रेलवे बोर्ड को भेजा हुआ है। फिर भी उल्लेखनी कि गाड़ी संख्या 19609/19610 अजमेर—हरिद्वार त्रि—साप्ताहिक का उदयपुरसिटी तक वि हो चुका है एवं गाड़ी संख्या 19611/19612 तथा 19613/19614 अमृतसर—अ त्रि—साप्ताहिक से चार दिन का उदयपुरसिटी तक विस्तार का प्रस्ताव रेलवे बोर्ड को भेजा है। |
| 7. | नई ट्रेनों के विस्तार जो पूर्व में ही संचालित हो रही हैं। |
| | **रिमार्क्सः—**<br>रेलवे बोर्ड द्वारा स्वीकृत गाड़ियों के विस्तार पर परिणति हो चुकी है। |
| 8. | रानीखेत एक्सप्रेस ट्रेन नंबर 15013 एवं 15014 (काठगोदाम से जैसलमेर) का ब्यावर स्टेशन पर ठहराव के संबंध में। |
| | **रिमार्क्सः—**<br>ब्यावर स्टेशन पर गाड़ी सं. 15013/15014 जैसलमेर—काठगोदाम एक्सप्रेस का दिनांक 2018 से प्रायोगिक ठहराव दे दिया गया है। |
| 9. | मावली—मारवाड़, मारवाड़—मावली एवं बड़ी सादड़ी ट्रेनों के समय परिवर्तन करा अगली ट्रे लिंक करना |
| | **रिमार्क्सः—**<br>मावली—बड़ी सादड़ी खण्ड आमान परिवर्तन हेतु बन्द है। मावली—मारवाड़ —मावली खण यात्री भार के अनुसार गाड़ियां चलाई जा रही हैं, एवं समय सारणी के अनुसार यथ मिलान उपलब्ध करा दिये गये हैं। उल्लेखनीय है कि रेलवे बोर्ड के पत्र दिनांक 27.04.20 अनुसार रात्रिकालीन सेवा बंद कर समय परिवर्तन विचाराधीन है एवं दिन की सेवा क संभव मारवाड़ मावली में मिलान दिया जायेगा। |
| 10. | अजमेर (राज.) रेलवे मण्डल के ब्यावर रेलवे स्टेशन पर लंबी दूरी की ट्रेनों के ठहराव, अपग्रेडेशन एवं अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के संबंध में।<br>**रिमार्क्सः—**<br>वर्तमान यात्री यातायात को देखते हुए ब्यावर स्टेशन पर बीस जोड़ी एक्सप्रेस तथा दो सवारी गाड़ियों का ठहराव दिया हुआ है। जिसमें 16.04.2018 से गाड़ी संख्या 15013/ काठगोदाम—जैसलमेर रानीखेत एक्सप्रेस का ठहराव भी है। किसी भी स्टेशन का अप उस स्टेशन की यात्री आय के आधार पर रेलवे बोर्ड द्वारा किया जाता है वर्तमान में स्टेशन को बी श्रेणी अथवा एनएसजी—4 में रखा गया है। इस स्टेशन पर आदर्श स्टे नीति अनुसार फुटओवर ब्रिज, महिला पुरूष यात्रियों हेतु प्रतिक्षालय, हाईलेवल प्लेटफार्म कूलर, साईनेज, 400 वर्गमीटर का छायावान, मुत्रालय, शौचालय, बैठने की समुचित आदि सहित सभी न्यूनतम आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हैं। इस के अतिरिक्त स्टेशन अतिरिक्त फुटओवर ब्रिज, एस्केलेटर एवं डबलिंग कार्य के अन्तर्गत अन्य सभी सुविधा जाना प्रस्तावित है। |

11.

| क्रम संख्या | नाम ट्रेन | ट्रेन नं. | कहां से | कहां को | कहां तक विस्तारित किया जाना है। |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | कवि गुरू एक्सप्रेस | 19710<br>19709 | कामाख्या<br>जयपुर | जयपुर<br>कामाख्या | उदयपुर<br>उदयपुर |
| 2. | मेवाड़ एक्सप्रेस | 12963<br>12964 | निजामुद्दीन<br>उदयपुर | उदयपुर<br>निजामुद्दीन | हरिद्वार<br>हरिद्वार |

**रिमार्क्सः**— गाड़ी संख्या 19709/19710 जयपुर–कामाख्या (साप्ताहिक) गाड़ी का उदयपुर तक विस्तारण हेतु अन्तर रेलवे समय सारणी बैठक–2018 में प्रस्ताव भेजा गया था, जो रेलवे बोर्ड में विचाराधीन है। तथा गाड़ी संख्या 12963/12964 उदयपुर–निजामुद्दीन मेवाड़ एक्सप्रेस का हरिद्वार तक विस्तारण हेतु निजामुद्दीन से हरिद्वार तक सम्पूर्ण रेल खण्ड उत्तर रेलवे के स्वामित्व का होने के कारण सुझाव उत्तर रेलवे एवं रेलवे बोर्ड को अग्रेषित किया जा रहा है।

12. बडीसादड़ी से मावली तक चलने वाली ट्रेन नंबर 52071 एवं 52072 जो वर्तमान ट्रेक का काम चलने से बन्द है, उसे कामलीघाट तक चलाने के संबंध में।

**रिमार्क्सः**—

गाड़ी सं. 52071/52072 मावली– बड़ी सादड़ी खण्ड आमान परिवर्तन हेतु बन्द है। मावली–मारवाड़–मावली खण्ड पर यात्री भार के अनुसार गाड़ियां चलाई जा रही हैं। एवं उल्लेखनीय है कि रेलवे बोर्ड के पत्र दिनांक 27.04.2018 के अनुसार रात्रिकालीन सेवा बंद कर समय परिवर्तन विचाराधीन है एवं दिन की सेवा को यथा संभव मारवाड़ मावली में मिलान दिया जायेगा।

13. राजसमंद जिले में कन्टेनर डिपो स्थापित करना।

**रिमार्क्सः**—

राजसमंद जिले में कंटेनर डिपो से संबंधित प्रस्ताव प्राप्त होने पर विचार किया जायेगा। नजदीक, खेमली में एक कन्टेनर डिपो पहले से कार्यरत है।

14. कामलीघाट स्टेशन पर आरक्षण सुविधा पीआरएस चालू कराने के संबंध में।

**रिमार्क्सः**—

कामलीघाट स्टेशन पर पीआरएस खोलने के प्रस्ताव की जांच कराई गई जिसमें कामली घाट पर प्रतिदिन औसत अनारक्षित यात्री भार 64 एवं आय 1408/– है। अतः वर्तमान यात्री यातायात को देखते हुए पीआरएस खोलने का वाणिज्यिक औचित्य नहीं है।

15. नाथद्वारा (मण्डियाना) स्टेशन को नाथद्वारा शहर के निकट स्थापित कराना।

**रिमार्क्सः**—

सर्वे के दौरान यह पाया गया कि शहर की ओर ऊँचा ग्रेडियेंट होने के कारण नाथद्वारा (मण्डियाना) स्टेशन यथा स्थान उपयुक्त है।

16. इन्दौर से उदयपुर ट्रेन नंबर 19329 को रात्रिकालीन चलाना।

**रिमार्क्सः**—

गाड़ी सं. 19329 इंदौर–उदयपुरसिटी वीरभूमि एक्सप्रेस को रात्रिकालीन सेवा के रूप में संचालन की सहमति अन्तर रेलवे समय सारणी बैठक–2018 में हो गई है। पश्चिम रेलवे द्वारा रेक उपलब्ध होने पर संचालन शुरू होगा।

| | |
|---|---|
| 17. | उदयपुर–हरिद्वार–उदयपुर ट्रेन नं. 19609–19610 को नियमित चलाना। |
| | **रिमार्क्सः–**<br>गाड़ी सं. 19609/19610 अजमेर–हरिद्वार–अजमेर एक्सप्रेस को उदयपुरसिटी तक विस<br>कर वर्तमान में उदयपुर सिटी से हरिद्वार के मध्य त्रि–साप्ताहिक चलाया जा रहा है।<br>स्टेशन (छोड़कर) हरिद्वार तक सम्पूर्ण रेल खण्ड उत्तर रेलवे के स्वामित्व का रेल खण्<br>के कारण सुझाव उत्तर रेलवे एवं रेलवे बोर्ड को अग्रेषित किया जा रहा है। |
| 18. | ऐसी साधारण एवं एक्सप्रेस ट्रेन जिनका अजमेर रेलवे स्टेशन पर दो घण्टे से ज्यादा<br>है। |
| | **रिमार्क्सः–**<br>ऐसी किसी भी गाड़ी का अजमेर रेलवे स्टेशन पर दो घण्टे से ज्यादा का ठहराव नहीं है। |
| 19. | सांसदो की स्थानीय रेल समस्याओं के निदान हेतु मण्डल रेल प्रबंधक स्तर पर तिमाही<br>आयोजित करना। |
| | **रिमार्क्सः–**<br>मण्डलों की स्थानीय समस्याओं के लिये महाप्रबंधक व मण्डल रेल प्रबंधक के साथ मण<br>समिति की बैठक की जाती है। वैसे सांसद महोदय जब भी समय हो मण्डल रेल प्रबंध<br>साथ अनौपचारिक बैठक कर सकते हैं, उनका सदैव स्वागत है। |
| | **(जोधपुर मण्डल)** |
| 1. | गोटन स्टेशन पर रेलवे फाटक प्रायः बंद रहती है, जिससे आवागमन में भारी असुविधा हे<br>और कई बार भारी जाम लग जाता है। |
| | **रिमार्क्सः–**<br>जोधपुर मंडल के मेड़ता–जोधपुर खंड पर गोटन स्टेशन यार्ड में तीन समपार फाटक<br>सी–113 कि.मी. 540/2–3, सी–114 कि.मी. 540/8–9 व सी–115 कि.मी. 541/8–9<br>है। इन समपार फाटकों का टी.वी.यू क्रमशः 68157 (मई 2016), 70249 (जून 2016) व<br>(अप्रेल 2017) है। इन तीनों समपार फाटकों के स्थान पर सबवे के निर्माण का कार्य स्वीव<br>एवं पिंक बुक 2018–19 के मद संख्या 106 पर अंकित है परन्तु उक्त तीनों लोकेशन<br>अप्रोच बहुत सकड़ी है अतः सबवे का निर्माण फिजीबल नहीं है। इन पर आरओबी<br>फिजिबिलिटी दिखवायी जाएगी। यदि राज्य सरकार सहमत हो तो इसे स्वीकृती हेतु भेज<br>जायेगा। मेड़ता–जोधपुर खण्ड पर चल रही गाड़ियों की संख्या अधिक है। फिर भी<br>सम्बन्धित को निर्देश दिये गये हैं कि एक बार में 10 मिनिट से अधिक फाटक बन्द नही<br>जावे। |
| 2. | सभी ट्रेनें मेड़ता सिटी स्टेशन पर होकर नहीं गुजरती हैं और वे बाई पास से निकल जात<br>इन ट्रेनों को मेड़ता सिटी स्टेशन से होकर चलाई जाये और उनका मेड़ता सिटी पर<br>कराया जाय। |
| | **रिमार्क्सः–**<br>कुछ सुपरफास्ट श्रेणी की गाड़ियों को मेड़ता रोड़ पर रिवर्सल एवं शंटिंग होने के<br>यात्रियों की संरक्षा एवं गाड़ी का समय बचाने के लिए मेड़ता रोड बाईपास होकर संच<br>किया जा रहा है। मेड़ता रोड बाईपास पर यात्री सुविधाओं की उपलब्धता होने के प<br>मेल/एक्सप्रेस गाड़ियों का ठहराव दिया जाना संभव हो सकेगा। |

(20)

| | |
|---|---|
| 3. | 1. राजसमंद लोकसभा क्षेत्र के जोधपुर मण्डल के रेलवे स्टेशनों का ग्रेडवाईज सूची सहित पूर्ण विवरण।<br>2. किस ग्रेड के स्टेशन पर कौन–कौन सी गाड़ियां संचालित हो रही हैं और ये गाड़ियां स्टेशन के ग्रेड अनुसार रूक रही हैं अथवा नहीं?<br>3. क्या ऐसी गाड़ियां भी रूक रही है, जिनका ग्रेड नीचे का है। |
| | **रिमार्क्स:–**<br>जोधपुर मण्डल पर संचलित सभी गाड़ियों के आगमन/प्रस्थान की विस्तृत सूचना पब्लिक ट्राईम टेबल में उपलब्ध है। गाड़ियों का संचालन एवं ठहराव रेलवे बोर्ड के अधिकार क्षेत्र का विषय है। |
| 4. | वर्तमान में संचालित हो रही ट्रेनों के विस्तार के पूर्व प्रस्ताव जो स्वीकृतशुदा हैं, प्रारंभ हुए या नहीं। |
| | **रिमार्क्स:–**<br>रेलवे बोर्ड द्वारा स्वीकृत गाड़ियों के विस्तार पर परिणति हो चुकी है। |
| 5. | नई ट्रेनों के विस्तार जो पूर्व में ही संचालित हो रही है। |
| | **रिमार्क्स:–**<br>रेलवे बोर्ड द्वारा स्वीकृत गाड़ियों के विस्तार पर परिणति हो चुकी है। |
| 6. | मेड़ता सिटी से जोधपुर, बीकानेर एवं पर्वतसर/फुलेरा तक डी एम यू चलाने एवं डी एम यू का ही सही समय निर्धारण कराना। |
| | **रिमार्क्स:–**<br>मेड़ता सिटी से जोधपुर, बीकानेर एवं पर्वतसर/फुलेरा तक डी.एम.यू. चलाने अतिरिक्त नई सीधी सेवा संचालन हेतु डेमू रैक की आवश्यकता होगी। उत्तर पश्चिम रेलवे पर डी.एम.यू. रेक सीमित संख्या में उपलब्ध हैं तथा उत्तर पश्चिम रेलवे द्वारा रेलवे बोर्ड से अतिरिक्त डी.एम.यू. रेक की माँग की गई है। डी.एम.यू. रेक की उपलब्धता होने पर आपके सुझाव के अनुसार नयी डी.एम.यू. सेवा समय परिवर्तन पर विचार संभव हो सकेगा। |
| 7. | मेड़ता सिटी से मेड़ता रोड़ (जिला नागौर) के रेल बस में फेरों की संख्या बढ़ाने बाबत्। |
| | **रिमार्क्स:–**<br>वर्तमान में मेड़ता रोड–मेड़ता सिटी के मध्य 09 जोड़ी रेल बस एवं एक जोड़ी डेमू सर्विस दी जा रही है, परिचालनिक आवश्यकताओं के मध्यनजर और फेरे बढ़ाये जाना व्यावहारिक नहीं है। उत्तर पश्चिम रेलवे को सीमित मात्रा में डेमू रेक आवंन्टित हैं। अधिक रेकों की माँग रेलवे बोर्ड से की गई है। |
| 8. | बर स्टेशन से बिलाड़ा नयी ब्रॉडगेज लाईन बिछाने हेतु बजट स्वीकृत कराने के संबंध में। |
| | **रिमार्क्स:–**<br>जोधपुर मण्डल में बर स्टेशन से बिलाड़ा नई ब्राडगेज लाईन बिछाने के कार्य की सर्वे रिपोर्ट रेलवे बोर्ड को भेजी जा चुकी है, जिसका अनुमोदन अभी रेलवे बोर्ड से आना अपेक्षित है। |
| 9. | रेण व गोटन रेलवे स्टेशन पर निम्न ट्रेनों का ठहराव:–<br>1. जोधपुर–इन्दौर इन्टर सिटी एक्सप्रेस ट्रेन नंबर 12465–12466<br>2. जयपुर–जोधपुर इन्टर सिटी एक्सप्रेस ट्रेन नंबर 12477–12478<br>3. दिल्ली सरायरोहिल्ला–जोधपुर एक्सप्रेस (मण्डोर एक्सप्रेस) ट्रेन नंबर 12462–12461<br>4. सालासर एक्सप्रेस का गोटन में ठहराव ट्रेन नंबर 22421/22 |

| | |
|---|---|
| | रिमार्क्सः— रेन स्टेशन पर वर्तमान में चार जोड़ी एक्सप्रेस तथा दो जोड़ी सवारी गाड़ियों व गोटन पर चोदह जोड़ी एक्सप्रेस तथा तीन जोड़ी सवारी गाड़ियों का ठहराव है। रेन स्टेश दिनांक 17.01.2017 से गाड़ी संख्या 22477/22478 जयपुर–जोधपुर–जयपुर सुप एक्सप्रेस का ठहराव दिया गया है। |
| 10. | दादर–बीकानेर एक्सप्रेस ट्रेन नंबर 12490–12489 का मेड़ता रोड़ जंक्शन पर ठहराव के में। |
| | रिमार्क्सः— वर्तमान में मेड़ता रोड़ जं. स्टेशन पर 33 जोड़ी मेल/एक्सप्रेस तथा 16 जोड़ी सवारी का ठहराव है। जाँच में मेड़ता रोड़ स्टेशन पर औसत प्रतिदिन प्रति गाड़ी यात्री व आय बोर्ड द्वारा निर्धारित मापदण्डो से अत्यन्त कम पाया है। पुनः जाँच कर वाणिज्यिक औचि अनुसार आपके सुझाव पर विचार किया जायेगा। |
| 11. | रेण स्टेशन के रेलवे फाटक के ओवर ब्रिज को शीघ्र पूर्ण करवाना। |
| | रिमार्क्सः— जोधपुर मंडल के डेगाना–मेड़ता खंड पर रेन स्टेशन के पास समपार फाटक सं. सी–85 503/1–2 पर स्थित है। मई 2017 की गणना के अनुसार उक्त समपार फाटक का 128164 है। उक्त समपार फाटक के स्थान पर बीओटी आधार पर आरओबी के निम कार्य पीडब्ल्यूडी, द्वारा कराया जा रहा है। |
| 12. | संसदीय क्षेत्र राजसमंद में संचालित ट्रेनों को विस्तारित किये जाने के संबंध में। |
| | रिमार्क्सः— किसी भी संचालित गाड़ी का विस्तारण करना रेलवे बोर्ड के अधिकार क्षेत्र का विषय है। |
| 13. | मेड़ता से पुष्कर तक की रेल लाईन का कार्य शीघ्र करवाये जाने बाबत्। बाड़मेर–हाव रेल सेवा बाड़मेर–बालोतरा–डेगाना, छोटी खाटू, लाड़नू, सुजानगढ़, रतनगढ़, चूरू, स महेन्द्रगढ़, लुहारू से हावड़ा तक प्रारंभ करना। |
| | रिमार्क्सः— जोधपुर मण्डल में पुष्कर से मेड़तासिटी नई रेल लाईन का प्रस्तावित कार्य वर्ष 2013 स्वीकृत हो चुका है। इस परियोजना की कुल लागत रूपये 323 करोड़ है एवं गेज 16 एम. रखा गया है। इस परियोजना को चालू करने के लिए CCEA की अनुमति रेल मंत्र प्रतीक्षित है। रेलवे बोर्ड को पुनः अनुरोध किया जा रहा है। बाड़मेर से हावड़ा नई गाड़ी जाने हेतु प्रस्ताव विगत IRTTC-2016 & 2018 में भेजा गया था पर मार्गस्थ रेलों की एवं रेलवे बोर्ड की स्वीकृति के अभाव में प्रस्ताव पर परिणामी कार्यवाही नहीं हो सकी। |
| 14. | ऐसी साधारण एवं एक्सप्रेस ट्रेन जिनका जोधपुर रेलवे स्टेशन पर दो घण्टे से ज्यादा है। |
| | रिर्माक्सः— कोई भी साधारण एवं मेल/एक्सप्रेस का जोधपुर रेलवे स्टेशन पर दो घण्टे से अधि ठहराव नहीं है। |
| 15. | सांसदो की स्थानीय रेल समस्याओं के निदान हेतु मण्डल रेल प्रबंधक स्तर पर तिमाही आयोजित करना। |

| | |
|---|---|
| | **रिमार्क्सः–**<br>मण्डलों की स्थानीय समस्याओं के लिये महाप्रबंधक व मण्डल रेल प्रबंधक के साथ मण्डलीय समिति की बैठक की जाती है। वैसे सांसद महोदय जब भी समय हो मण्डल रेल प्रबंधकों के साथ अनौपचारिक बैठक कर सकते हैं, उनका सदैव स्वागत है। |
| 16. | डेगाना जंक्शन पर सुलभ कांपलेक्स निर्माण कराना। |
| | **रिमार्क्सः–**<br>डेगाना स्टेशन पर यात्री यातायात के दृष्टीगत यथेष्ठ प्रसाधन 05 शौचालय एवं 06 मूत्रालय उपलब्ध हैं जो कि निर्धारित नोर्मस से अधिक है। सर्कुलेटिंग ऐरिया में शौचालय के लिये नगरपालिका/स्थानीय प्रशासन से कोई प्रस्ताव प्राप्त होता है तो विचार किया जा सकेगा। पोस्टर के माध्यम से खुले में शौच न करने हेतु यात्रियों को शिक्षित (educate) किया जा रहा है। |
| 17. | डेगाना की रेल फाटक (फुलेरा एण्ड की तरफ) ओवर ब्रिज अथवा अण्डर ब्रिज का निर्माण। |
| | **रिमार्क्सः–**<br>जोधपुर मंडल के फुलेरा–डेगाना खंड पर डेगाना स्टेशन के पास समपार फाटक सं. सी–72 कि.मी. 107/7–8 पर स्थित है। मई 2017 की गणना के अनुसार उक्त समपार फाटक का टीवीयू 100236 है। उक्त समपार फाटक के स्थान पर सबवे के निर्माण का कार्य स्वीकृत है एवं पिंक बुक 2018–19 के मद सं. 106 पर अंकित है परन्तु उक्त लोकेशन पर सबवे का निर्माण फिजीबल नहीं है। यद्यपि उक्त समपार फाटक के स्थान पर कॉस्ट शेयरिंग आधार पर आरओबी का निर्माण किया जा सकता है परन्तु राज्य सरकार से इस संबंध में अभी तक कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।<br>निर्माणः– |
| 18. | डेगाना जंक्शन पर सूचना डिस्पले एवं यात्री प्रतीक्षालय की बेहतर सुविधा उपलब्ध कराना। |
| | **रिमार्क्सः–**<br>डेगाना स्टेशन के प्लेट फार्म संख्या 01 पर कोच इंडिकेशन बोर्ड की सुविधा उपलब्ध है। डेगाना स्टेशन पर वर्तमान में 175 वर्ग मीटर का यात्री प्रतिक्षालय उपलब्ध है जो कि निर्धारित नोर्मस 30 मीटर से कहीं अधिक है।<br>डेगाना स्टेशन पर कोच इण्डिकेशन बोर्ड के साथ अन्य सूचना जैसे यात्री किराया सूची, समय सारणी, रिफण्ड रूल्स, पोर्टरेज प्रभार इत्यादि का विवरण यात्री प्रतीक्षालय में प्रदर्शित है एवं प्रतिक्षालय में भी समस्त सुविधाएं उपलब्ध हैं। |
| 19. | पार्किंग, सी.सी.टी.वी. व्हील चेयर पथ (प्लेट फार्म नं. 1 से 4 हेतु)। |
| | **रिमार्क्सः–**<br>वर्तमान में डेगाना स्टेशन पर पार्किंग, व्हील चेयर एवं व्हील चेयर पथ की सुविधा उपलब्ध है। इस संबंध मे यह अवगत कराया जाता है कि जोधपुर मण्डल के डेगाना रेलवे स्टेशन पर CCTV लगाने का कार्य निर्भया फण्ड के अन्तर्गत वर्क्स प्रोग्राम 2018–19 में स्वीकृत है तथा यह कार्य रेलटेल द्वारा किया जाना प्रस्तावित है। |
| 20. | डेगाना जंक्शन से विभिन्न मार्गो पर डीएमयू रेल सेवा उपलब्ध कराना। |
| | **रिमार्क्सः–**<br>उत्तर पश्चिम रेलवे पर डी.एम.यू. रेक सीमित संख्या में उपलब्ध हैं तथा उत्तर पश्चिम रेलवे द्वारा रेलवे बोर्ड से अतिरिक्त डी.एम.यू. रेक की माँग की गई है। डी.एम.यू. रेक की उपलब्धता होने पर उक्त सेवा के संचालन पर विचार किया जा सकेगा। |

| 7. श्री हर्षवर्धन सिंह डूंगरपुर | |
|---|---|
| 1. | उदयपुर से अहमदाबाद आमान परिवर्तन का कार्य की गति धीमी चल रही है। इस कार्य को समय पर पूर्ण कराये जाने से आदिवासी बाहुल्य जिलों को इससे काफी राहत प्राप्त होगी। इस कार्य को समय पर पूर्ण कराये जाने की आवश्यकता है। |
| | **रिमार्क्सः–**<br>उदयपुर–हिम्मतनगर आमान परिवर्तन परियोजना के हिम्मतनगर–शामलाजी खण्ड का कार्य उत्तर पश्चिम रेलवे द्वारा करवाया जा रहा है। मोडासा से शामलाजी नई रेल लाईन का कार्य पश्चिम रेलवे द्वारा किया जा रहा है। हिम्मतनगर–रायगढ़ खण्ड का ट्रैक बिछाने का कार्य जुलाई 2018 तक पूरा कर लिया जावेगा। डूंगरपुर से हिम्मत नगर तक आमान परिवर्तन का कार्य दिनांक 31.12.18 तक पूरा करने की संभावना है। |
| 2. | रतलाम–बांसवाड़ा–डूंगरपुर की रेल परियोजना का कार्य काफी लम्बे समय से बन्द पड़ा हुआ है। इस परियोजना के बन्द हो जाने से क्षेत्र के लोगों में काफी निराशा है तथा सरकार के प्रति लोगों का आक्रोश बना हुआ है। अतः इस परियोजना का कार्य पुनः प्रारंभ कराया जाना नितान्त आवश्यक है। इस कार्य के प्रारंभ होने से मध्यप्रदेश, राजस्थान एवं गुजरात के लोगों को इससे काफी राहत प्राप्त होगी। |
| | **रिमार्क्सः–**<br>डूँगरपुर–रतलाम–बांसवाड़ा नई लाईन के निर्माण हेतु रेलवे एवं राजस्थान सरकार के मध्य एम ओ यू हस्ताक्षर हुआ है। इस एम ओ यू के अन्तर्गत राज्य सरकार को नई लाईन हेतु जमीन मुफ्त में देना एंव परियोजना हेतु 50 प्रतिशत हिस्सा देना था परन्तु राज्य सरकार द्वारा जमीन का अधिग्रहण का मुआवजा एवं परियोजना का कार्य करने के लिए धन राशि नहीं दी गई। राज्य सरकार ने भी भूमि अधिग्रहण का कार्य रोक दिया है तथा परियोजना निर्माण वास्ते तय 50 प्रतिशत राशि देने से भी मना कर दिया गया है।<br>अतः रेलवे बोर्ड के पत्र संख्या 2011/WI/NWR/NL/20 दिनांक 22.03.2017 के तहत इसे बन्द कर दिया गया है। |

(17)

| 8. डॉ. करण सिंह यादव | |
|---|---|
| 1. | अलवर जंक्शन से दिल्ली जंक्शन के बीच प्रातः 7:45 बजे गाड़ी संख्या 14060 जैसलमेर दिल्ली इंटरसिटी एक्सप्रेस प्रातः 11:00 बजे गाड़ी संख्या 14312 बरेली भुज व दोपहर 15:40 बजे, गाड़ी संख्या 19263 पोरबन्दर एक्सप्रेस के मध्य इस समय में कोई गाड़ी नही है। जबकि यात्री भार को देखते हुए इस बीच में दो गाड़ियों का संचालन होना जरूरी है। |
| | **रिमार्क्सः–**<br>वर्तमान में अलवर – दिल्ली के मध्य 22 जोड़ी मेल/एक्सप्रेस गाड़ियों का संचालन किया जा रहा है। गाड़ी सं. 14660 एवं 14312 के मध्य दिल्ली हेतु गाड़ी सं. 12985/12986 जयपुर–दिल्ली सराय रोहिल्ला स्टेशन डबल डेकर एक्सप्रेस चलाई जा रही है जिसका अलवर स्टेशन पर ठहराव दिया हुआ है। इसके अतिरिक्त समय समय पर गाड़ी सं. 09725/09726 जयपुर– दिल्ली सराय रोहिल्ला विशेष गाड़ी एवं गाड़ी सं. 09301/09302 इन्दौर–दिल्ली सराय रोहिल्ला विशेष गाड़ी का संचालन किया जा रहा है। गाड़ियों की प्रारम्भ/समाप्ति की आधारभूत अवसंरचना का अभाव होने के कारण अलवर जं. से दिल्ली के मध्य नई गाड़ी का चलाया जाना संभव नहीं है। अलवर–बांदीकुई दौहरीकरण एवं अलवर स्टेशन पर अतिरिक्त प्लेटफार्म एवं लाईनों का कार्य प्रगति पर है, पूर्ण होने पर विचार करना संभव होगा। |
| 2. | दिल्ली जंक्शन से रेवाड़ी जंक्शन तक चलने वाली पैसेन्जर गाड़ी क्रमशः गाड़ी नं. 54421–54422, 54085–54086 एवं गाड़ी संख्या 54411–54412 मेरठ जंक्शन से रेवाड़ी जंक्शन एवं गाड़ी नं 54835–54836 हिसार जंक्शन से रेवाड़ी जंक्शन एवं गाड़ी नं. 14041–14042 मंसूरी एक्सप्रेस देहरादून से दिल्ली सराय रोहिल्ला इसे अलवर तक किया जाना चाहिये। उक्त गाड़ियां अंतिम स्टेशन पर करीब 7–15 घंटे खड़ी रहती हैं। |
| | **रिमार्क्सः–**<br>गाड़ी सं. 54421/22, 54085/86 व 54411/12 का रेक आपस में अन्तर्बद्व होने एवं रेवाड़ी स्टेशन पर सीमित लाई ओवर होने के कारण अलवर तक विस्तारण करना परिचालनिक रूप से संभव नहीं है। अलवर जं. पर गाड़ियों हेतु टर्मिनल सुविधायें उपलब्ध नहीं होने के कारण अलवर गाड़ी सं. 54835/36 व गाड़ी सं. 14041/42 का अलवर तक विस्तारण करना संभव नहीं है। गाड़ी सं. 14042/41 देहरादून–दिल्ली सराय रोहिल्ला का दिल्ली सराय रोहिल्ला स्टेशन पर प्राथमिक अनुरक्षण (रखरखाव) किया जाता है। अतः उक्त गाड़ी का अलवर तक विस्तारण परिचालनिक कारणो से संभव नहीं है। अलवर स्टेशन पर अतिरिक्त प्लेटफार्म एवं लाईनों का कार्य प्रगति पर है, पूर्ण होने पर विचार करना संभव होगा। |
| 3. | अलवर जिले के अनेक छात्र/छात्राऐं पढ़ाई करने हेतु शिक्षा नगरी कोटा जाते हैं, जिनके लिये अलवर से सीधे कोई गाड़ी कोटा के लिये नहीं है इसलिए छात्र–छात्राओं की सुविधा को देखते हुये अलवर से कोटा के लिये सीधे गाड़ी संचालित होनी चाहिये या जयपुर–कोटा एक्सप्रेस गाड़ी संख्या 12807–12808 को अलवर से कोटा व कोटा से अलवर तक गाड़ी का संचालन किया जाये व दिल्ली से कोटा मुम्बई मार्ग वाली कुछ ट्रेनों का मार्ग परिवर्तन कर दिल्ली–अलवर–जयपुर–अलवर–कोटा–मुम्बई मार्ग से संचालित की जावे। जिससे छात्र–छात्राओं व यात्रियों को सुविधा का लाभ मिल सके। |

| | |
|---|---|
| | **रिमार्क्सः–**<br>अलवर में गाड़ियों के प्रारम्भ/समाप्ति की आधारभूत अवसंरचना उपलब्ध नहीं है दूसरा सी सेवा को जयपुर एवं सवाई माधोपुर (दो जगह) इन्जन रिवर्सल होने से समय अधिक लगेग गाड़ी सं. 19807/19808 कोटा–जयपुर एक्सप्रेस गाडी सं. 59805/59806 के साथ अन्त है अतः इस गाड़ी का विस्तार अलवर तक अभी करना परिचालनिक रूप से संभव नहीं अलवर से जयपुर एवं जयपुर से कोटा के लिए पर्याप्त संख्या में यात्री गाड़ियों की मिलान सुविधा उपलब्ध है। अतः अलवर से कोटा सीधी सेवा संचालित किया जाना वर्तमान परिपे में औचित्यपूर्ण नहीं है। किन्तु दौसा–गंगापुर सिटी नई लाईन का कार्य प्रगति पर है, होने पर रिवर्सल नहीं होगा एवं आपके सुझाव पर विचार संभव होगा। |
| 4. | गाड़ी संख्या 12957–12958 अप–डाउन स्वर्ण जयंती राजधानी अहमदाबाद से दिल्ली दिल्ली से अहमदाबाद वाया अलवर स्टेशन होकर गुजर रही है, परन्तु अलवर में इस ग का ठहराव नहीं है। यात्रियों की सुविधा व सहूलियत के मध्येनजर इस गाड़ी का ठह करने का श्रम करावें। |
| | **रिमार्क्सः–**<br>गाड़ी सं. 12957/12958 नई दिल्ली–अहमदाबाद स्वर्ण जयन्ती राजधानी तीव्र श्रेणी एवं गति की लम्बी दूरी की महत्वपूर्ण गाड़ी है। राजधानी गाड़ियों के ठहराव के मापदण्ड अल इसे कम दूरी पर जगह–जगह रोकना संभव नहीं है क्योंकि इस गाड़ी में प्रारम्भिक स्टेशन अंतिम स्टेशन के मध्य यात्रा कर रहे अधिसंख्य यात्रियों को यात्रा में समय अधिक लगने असंतोष व्याप्त होगा। |
| 5. | अजमेर से दिल्ली व दिल्ली से अजमेर के बीच की दूरी पर पूर्व की तरह पैसेन्जर गाड़ी संचालन किया जाना चाहिये। |
| | **रिमार्क्सः–**<br>अजमेर से दिल्ली नई सवारी गाड़ी संचालित करना रेलवे बोर्ड के क्षेत्राधिकार का विषय फिर भी अलवर– बांदीकुई दोहरीकरण के बाद आपके सुझाव के अनुसार प्रस्ताव रेलवे भिजवाया जा सकेगा। |
| 6. | अलवर जिले में लाखों की संख्या में सैन्य कर्मचारी व धार्मिक आस्था का केन्द्र वैष्णो अमरनाथ यात्रा का ध्यान रखते हुये जम्मू–पंजाब मार्ग की रेलों का अन्तिम ठहराव दिल्ल बढ़ाकर अलवर किया जावे। साथ ही सामान्य कोचों की संख्या में आरक्षण कोटा में वृद्धि जावे। |
| | **रिमार्क्सः–**<br>अलवर में गाड़ियों के प्रारम्भ/समाप्ति की आधारभूत अवसंरचना उपलब्ध नहीं है, अतः अ जं. से नई सेवा संचालित किया जाना वर्तमान परिप्रेक्ष्य में संभव नहीं है। किन्तु अ स्टेशन पर अतिरिक्त प्लेटफार्म एवं लाईनों का कार्य प्रगति पर है, पूर्ण होने पर आपके पर विचार संभव हो सकेगा। समान्य कोचों में किसी प्रकार का आरक्षण नहीं होत आरक्षित कोचों में डिमान्ड एवं ट्रॉफिक पैटर्न के आधार पर समय समय पर आरक्षण कोट समीक्षा की जाती है। |
| 7. | गाड़ी संख्या 12413–12414 अप–डाउन पूजा एक्सप्रेस अजमेर से जम्मूतवी एवं जम्मूत अजमेर गाड़ी में आरक्षण का कोटा बढ़ना चाहिये। |

(16)

| | |
|---|---|
| | **रिमार्क्सः–**<br>रेलवे बोर्ड की नीति अनुसार गाड़ी के प्रारंभिक स्टेशन पर अधिकांश कोटा (70 प्रतिशत के लगभग) रखा जाता है। आरक्षित कोचों में डिमान्ड एवं ट्रॉफिक पैटर्न के आधार पर समय समय पर आरक्षण कोटा की समीक्षा की जाती है। यहाँ यह भी संज्ञान में लाया जाता है कि हाल ही में गाड़ी संख्या 12413/14 रैक में बदलाव के कारण प्रत्येक श्रेणी में शायिकाओं की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। |
| 8. | गाड़ी संख्या 19415–19416 अप–डाउन अहमदाबाद से कटरा एवं कटरा से अहमदाबाद इस गाड़ी के फेरे की संख्या में वृद्वि की जावे। |
| | **रिमार्क्सः–**<br>गाड़ी संख्या 19415/19416 अहमदाबाद–कटरा एक्सप्रेस पश्चिम रेलवे के स्वामित्व की गाड़ी है। सम्बधित रेलों की सहमति प्राप्त कर उक्त सेवा की बारम्बारता बढ़ाया जाना पश्चिम रेलवे एवं रेलवे बोर्ड के क्षेत्राधिकार का विषय है। इसलिये आपका सुझाव पश्चिम रेलवे को भेजा जा रहा है। |
| 9. | अलवर शहर की जनसंख्या एवं क्षेत्रफल को देखते हुए शिवाजी पार्क में एक हाल्ट (Halt) स्टेशन बनाया जावे जिससे विजयनगर, बुद्वविहार, धोबी–घट्टा, शिवाजी पार्क, कर्मचारी कॉलोनी, हसन खाँ मेवाती नगर, सेठ नगर, शालीमार, तिजारा फाटक सहित अनेक क्षेत्रवासियों को लाभ हो सके। |
| | **रिमार्क्सः–**<br>रेलवे बोर्ड के पत्र संख्या 99/टीजी–4/हाल्ट/नीति दिनांक 17.05.1999 के पैरा 1 (2) के अनुसार उपनगरीय क्षेत्र के अलावा प्रस्तावित हाल्ट स्टेशन से दोनों ओर के स्टेशनों की दूरी कम से कम 05 किमी होनी चाहिए। शिवाजी पार्क एवं अलवर स्टेशन के मध्य की दूरी 05 किमी से कम है। अतः शिवाजी पार्क में हाल्ट स्टेशन बनाना औचित्य पूर्ण नहीं है। |
| 10. | अलवर स्टेशन पर स्वचालित सीढ़ी लगवाई जावे जिससे की बुजुर्ग महिला, विकलांग, असहाय, प्रसूताओं, बीमार एवं बच्चों को सुविधा मिल सके। |
| | **रिमार्क्सः–**<br>अलवर स्टेशन हेतु 2 एस्केलेटर स्वीकृत किये गये हैं एवं 2 एस्केलेटर आउट ऑफ टर्न 2017–18 में स्वीकृत हैं। इसके अतिरिक्त रेलवे बोर्ड द्वारा 2 लिफ्ट एवं आउट ऑफ 2017–18 में 1 लिफ्ट स्वीकृत हैं।<br>यात्रियों की सुविधाओं के मद्देनजर उक्त कार्यो को मार्च 2019 तक पूर्ण करने का प्रयास किया जाएगा। |
| 11. | अलवर जंक्शन के प्लेटफार्म नं. 02 पर प्रवेश द्वार, टिकिट–घर, स्वचालित सीढ़ी, वेटिंग रूम, महिला/पुरूष शौचालय की व्यवस्था की जावे। |
| | **रिमार्क्सः–**<br>अलवर स्टेशन पर वर्तमान में प्लेटफार्म संख्या 02 की ओर टिकट बुकिंग हेतु 02 जेटीबीएस उपलब्ध हैं। अलवर स्टेशन पर प्लेटफार्म नं. 2 पर अलवर–बांदीकुई खण्ड के दोहरीकरण के अंतर्गत प्लेटफार्म की चौड़ाई बढ़ाई जा रही है, इसके पश्चात स्वचालित सीढ़ियों का प्रावधान किया जायेगा। प्लेटफार्म नं. 2 पर वेटिंग रूम की सुविधा प्रदान करने हेतु उपयुक्त चौड़ाई उपलब्ध नहीं है। |

| | |
|---|---|
| 12. | अलवर जंक्शन की सुविधाओं को ए कैटेगरी से ए–1 कैटेगरी में किया जाना चाहिए और राजगढ़, खैरथल, मालाखेड़ा एवं हरसौली को सी से बी कैटेगरी में किया जाना चाहिये। |
| | **रिमार्क्स:–**<br>स्टेशनों की श्रेणी का निर्धारण संबंधित स्टेशन की यात्री आय के आधार पर रेलवे बोर्ड द्वारा किया जाता है। |
| 13. | मालाखेड़ा कस्बा जिसकी जनसंख्या 25 हजार (लगभग) यहां पर महाराजा भृतहरि की तपोभूमि है एवं सरिस्का बाघ परियोजना इसी रेलवे स्टेशन के करीब है। मालाखेड़ा स्टेशन से प्रतिदिन करीब 1200–1500 यात्री यात्रा करते हैं व 2016–2017 का राजस्व करीब 60 लाख था। जहां पर आये दिन हजारों श्रद्धालु व पर्यटक आते जाते हैं व इसमें 3 पंचायत समिति लक्ष्मनगढ़, उमरण, थानागाजी के लोगों को लाभ होगा। निम्न गाड़ियों का ठहराव किया जाना सुनिश्चित करें।<br>A. गाड़ी संख्या 04805–04806 का ठहराव मालाखेड़ा स्टेशन पर किया जाना चाहिये ताकि क्षेत्रवासियों को इन गाड़ियों का लाभ मिल सके।<br>B. गाड़ी संख्या 15013–15014 रानी खेत एक्सप्रेस गाड़ी का ठहराव मालाखेड़ा स्टेशन पर किया जाना चाहिये ताकि क्षेत्रवासियों को इन गाड़ियों का लाभ मिल सके। |
| | **रिमार्क्स:–**<br>मलाखेड़ा रेलवे स्टेशन पर प्रति दिन प्रति गाड़ी यात्री भार 62 यात्री है एवं आय 1675/ रू है जबकि रेलवे बोर्ड के पत्र संख्या 2004/कोचिंग–II/13/ठहराव नीति दिनांक 07.12 2015 के अनुसार प्रतिगाड़ी प्रति दिन यात्री आय 12716/रू से 24506/रू होना आवश्यक है।<br>मालाखेड़ा स्टेशन पर वर्तमान में 04 मेल/एक्सप्रेस तथा तीन जोड़ी सवारी गाड़ियों का ठहराव दिया हुआ है। सुझावित गाड़ी सं. 15013/15014 रानी खेत एक्सप्रेस लम्बी दूरी की गाड़ी है, ठहराव दिये जाने से इन गाड़ियों की गति एवं समयपालना पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा, जिससे लम्बी दूरी के यात्रियों को असुविधा होगी। गाड़ी सं. 04805/04806 के ठहराव के वाणिज्यिक औचित्य की जाँच करवाकर न्यायोचित हुआ तो विचार किया जायेगा। |
| 14. | राजगढ़ कस्बा जिसकी जनसंख्या 01 लाख (लगभग) यहां के स्थानीय लोग अधिकतर दिल्ली व जयपुर में रेलवे व अन्य सरकारी दफतरों में नौकरी करते हैं। इसमें 02 पंचायत समिति लगती है। इन सभी लोगों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये निम्न गाड़ियों का ठहराव किया जाना सुनिश्चित करें।<br>A. गाड़ी संख्या 19609–19610 उदयपुर से हरिद्वार एवं हरिद्वार से उदयपुर अप–डाउन की दूरी के मध्य सप्ताह में तीन दिन उक्त गाड़ियों के स्थाई ठहराव की स्थाई स्वीकृति जारी की जावे।<br>B. गाड़ी संख्या 15012–15014 जैसलमेर से काठगोदाम एवं काठगोदाम से जैसलमेर अप–डाउन की दूरी के मध्य संचालित है। अतः क्षेत्रवासियों की मांग है कि उक्त गाड़ियों के स्थाई ठहराव की स्थाई स्वीकृति जारी की जावे।<br>C. इस संबंध में वाणिज्य औचित्य के आधार पर पत्र संख्या टी 425/2/दिनांक 3/9/2017 द्वारा 6माह के लिए प्रायोगिक ठहराव की अनुशंसा दी गई है। परन्तु क्षेत्रवासियों की आर्थिक एवं समय बर्बादी की परेशानी मध्येनजर रखते हुए उक्त गाड़ियों का राजगढ़ स्टेशन पर स्थाई ठहराव करने का श्रम करावें। |

| | |
|---|---|
| | रिमार्क्सः–<br>राजगढ़ रेलवे स्टेशन पर प्रति दिन प्रति गाड़ी यात्री भार 121 है एवं आय 3423/ रू है जबकि रेलवे बोर्ड के पत्र संख्या 2004/कोचिंग–।।/13/ठहराव नीति दिनांक 07.12.2015 के अनुसार प्रतिगाड़ी प्रति दिन यात्री आय 12716/रू से 24506/रू होना आवश्यक है।<br>वर्तमान में राजगढ़ स्टेशन पर नौ जोड़ी मेल/एक्सप्रेस तथा तीन जोड़ी सवारी गाड़ियों का ठहराव दिया हुआ है।<br>(A) गाड़ी संख्या 19609/19610 उदयपुरसिटी–हरिद्वार एक्सप्रेस का राजगढ़ स्टेशन से गुजरने का समय मध्य रात्रि का होने एवं वाणिज्यिक औचित्य के नहीं होने के कारण उक्त सेवा का रेलवे बोर्ड की नीति अनुरूप नया ठहराव दिया जाना संभव नहीं है।<br>(B) गाड़ी संख्या 15013/15014 रानीखेत एक्सप्रेस का राजगढ़ स्टेशन पर वाणिज्यिक औचित्य नहीं है, किन्तु Passenger amenity के आधार पर ठहराव हेतु प्रस्ताव रेलवे बोर्ड को भेजा हुआ है।<br>(C) वर्तमान में संचालित किसी भी गाड़ी का राजगढ़ स्टेशन पर स्थायी/प्रायोगिक ठहराव देना रेलवे बोर्ड के क्षेत्राधिकार का विषय है। |
| 15. | खैरथल कस्बा जिसमें 1 लाख से अधिक आबादी है। खैरथल स्टेशन पर लगभग 4 पंचायत समिति क्षेत्र लगते हैं किशनगढ़ बास, कोटकासिम, मुण्डावर, बानसूर के लोग रेलवे सुविधाओं का उपयोग करते हैं। खैरथल कस्बे में स्थित कृषि मण्डी का पूरे भारत में सरसों/कपास में महत्वपूर्ण योगदान है। खैरथल स्टेशन का राजस्व प्रतिदिन का 1.50 लाख रूपये है। करीब 4–5 हजार यात्री प्रतिदिन इस रेलवे सुविधा का उपयोग करते हैं। सत्र 2016–17 का खैरथल स्टेशन का राजस्व करीब 5.50 करोड़ रूपये से अधिक था। इन सभी तथ्यों को ध्यान में रखते हुए खैरथल कस्बा व आस–पास के लोगों की जनभावनाओं को ध्यान में रखते हुये निम्न गाड़ियों का ठहराव किया जावे।<br>A. गाड़ी संख्या 12215–12216 दिल्ली–बान्द्रा एवं बान्द्रा–दिल्ली गरीब रथ अप–डाउन सप्ताह में तीन दिन चलने वाली गाड़ी का ठहराव खैरथल स्टेशन पर किया जाना चाहिये।<br>B. गाड़ी संख्या 19407–19408 अहमदाबाद–वाराणसी एवं वाराणसी–अहमदाबाद सप्ताहिक का खैरथल स्टेशन पर खैरथल व आस–पास के क्षेत्रवासियों की सुविधा को देखते हुए ठहराव किया जाना चाहिऐ।<br>C. गाड़ी संख्या 12461–12462 दिल्ली–जोधपुर एवं जोधपुर–दिल्ली मण्डोर एक्सप्रेस को खैरथल स्टेशन पर खैरथल व आस–पास के क्षेत्रवासियों की सुविधा को देखते हुए ठहराव किया जाना चाहिए।<br>D. गाड़ी संख्या 04805–04808 जयपुर से खैरथल एवं खैरथल से जयपुर को पिछले करीब 2 माह से अधिक समय से अलवर खैरथल रेल मार्ग के रखरखाव कार्य की वजह से इसे अलवर स्टेशन तक सीमित कर दिया गया था। खैरथल क्षेत्र के यात्रियों को भारी परेशानी एवं असुविधा हो रही है। अतः इस गाड़ी को पुनः खैरथल तक संचालित किया जावे।<br>E. कोच इण्डिकेशन सिस्टम नहीं होने से वृद्वजनों, दिव्यांगों को कोच की पोजिशन खोजने में परेशानी आती है। जिससे कई मर्तबा कोच को खोजने में समय लगने से गाड़ी रवाना हो जाती है। इसलिये स्टेशन पर कोच इण्डिकेशन सिस्टम लगाने की व्यवस्था करवाई जाए।<br>F. खैरथल स्टेश्न पर स्टेशन मास्टर कार्यालय के सामने टीन शेड का अभाव है और पड़ीसल की ओर प्लेटफार्म की लम्बाई अधिक है एवं टीन शेड कम है जिससे सर्दी, गर्मी एवं बरसात में यात्रियों को भारी परेशानी होती है। |

| | |
|---|---|
| | G. खैरथल स्टेशन के प्लेटफार्म नं. 02 पर जब गाड़ी पड़ीसल की ओर गाड़ी खड़ी होती तो इसके लगभग दो कोच प्लेटफार्म के नीचे रूकते हैं जिससे यात्रियों को उतरने–चढ़ने काफी दिक्कत होती है। प्लेटफार्म नं. 02 की तरफ यहाँ की आधी आबादी निवास करती इसलिए इस प्लेटफार्म पर आने जाने के लिए एलसी–93 से प्लेटफार्म नं. 02 तक स बनवाई जावे। इस प्लेटफार्म के पीछे गंदगी का ढ़ेर व भारी तादाद में स्क्रैप पड़ा है प्लेटफार्म के पीछे चारदिवारी नहीं होने से लोगों ने इसे खुला शौचालय बना रखा है।<br>H. खैरथल प्लेटफार्म नं. 1 व 2 पर वृद्वों, दिव्यांग एवं बिमारी से ग्रस्त लोगों हेतु बनवाया जाना चाहिए साथ ही इन दोनों प्लेटफार्म पर यात्रियों को बैठने के लिए पय व्यवस्था होनी चाहिए जोकि वर्तमान में नहीं है। |
| | **रिमार्क्सः–**<br>खैरथल रेलवे स्टेशन पर प्रति दिन प्रति गाड़ी यात्री भार 145 है एवं आय 4509/रु जबकि रेलवे बोर्ड के पत्र संख्या 2004/कोचिंग–II/13/ठहराव नीति दिनांक 07.12.2 के अनुसार प्रतिगाड़ी प्रति दिन यात्री आय 12716/रू से 24506/रू होना आवश्यक अतः खैरथल स्टेशन पर अतिरिक्त गाड़ियों के ठहराव का वाणिज्यिक औचित्य नहीं है।<br>(A) गाड़ी संख्या 12215/16 बान्द्रा टर्मिनस–दिल्ली सराय रोहिल्ला गरीब रथ एक्स लम्बी दूरी की द्रुतगामी गाड़ी के ठहराव से गति एवं समयपालना पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ कारण खैरथल स्टेशन पर उक्त सेवा का वाणिज्यिक औचित्य के बिना अतिरिक्त ठ प्रदान किया जाना वर्तमान में संभव नहीं है।<br>(B) खैरथल स्टेशन पर वर्तमान में 14जोड़ी मेल/एक्सप्रेस तथा तीन जोड़ी सवारी ग का ठहराव दिया हुआ है। सुझावित अतिरिक्त लम्बी दूरी की गाड़ी संख्या 19407/1 अहमदाबाद – वाराणसी एक्सप्रेस का ठहराव वाणिज्यिक औचित्य के बिना वर्तमान में नहीं है।<br>(C) गाड़ी संख्या 12461/12462 जोधपुर–दिल्ली मण्डोर एक्सप्रेस खैरथल स्टेशन से रात्रि को गुजरती है, वाणिज्यिक औचित्य के बिना रेलवे बोर्ड की नीति अनुसार मध्य रा नया ठहराव दिया जाना उचित नहीं है।<br>(D) रखरखाव का कार्य गाड़ी संचालन सुरक्षा के लिये आवश्यक था जो अब पूरा हो एवं अब यह गाड़ी (04805/04806) खैरथल तक संचालित की जा रही है।<br>(E) वर्तमान में खैरथल स्टेशन 'डी' श्रेणी का स्टेशन है। रेलवे बोर्ड की नीति अनुस श्रेणी के स्टेशनों पर कोच इंडीकेशन बोर्ड का प्रावधान नहीं है।<br>(F) वर्तमान में खैरथल स्टेशन पर 740 वर्गमीटर का प्लेटफार्म शैल्टर उपलब्ध है ज बोर्ड की यात्री सुविधा नीति (100 वर्गमीटर) से अधिक है एवं वर्तमान यात्री भार के पर्याप्त है।<br>(G) प्लेटफार्म नं. 2 के विस्तार का (लम्बाई बढ़ाने) का कार्य प्रस्तावित कर स्वीकृत जायेगा। प्लेटफार्म नं. 2 पर कोई बुकिंग कार्यालय नहीं है व प्रवेश सिर्फ प्लेटफार्म न तरफ से है इसलिए एल सी– 93 की तरफ से अप्रोच रोड़ बनवाने की आवश्यकता प्लेटफार्म नं. 1 व 2 के बीच में पाथ–वे बना हुआ है। प्लेटफार्म नं. 2 की तरफ रेलवे जो कचरा पड़ा है वह खैरथल कस्बे के निवासियों द्वारा अनाधिकृत रूप से डाला हुअ खैरथल नगरपालिका के सहयोग से हटवाने का प्रयास किया जा रहा है व निवासियों द्वारा कचरा डाले जाने की आदत को भी खैरथल नगरपालिका की रूकवाये जाने का प्रयास किया जा रहा है। |

(14)

| | |
|---|---|
| | (H) फुट ओवर ब्रिज पर रैम्प बनाने का कार्य प्रस्तावित किया जायेगा। वैसे वर्तमान में प्लेटफार्म नं. 1 व 2 के बीच में पाथ–वे बना हुआ है। वर्तमान में खैरथल स्टेशन पर 174 यात्रियों के बैठने की व्यवस्था उपलब्ध है जो रेलवे बोर्ड की यात्री सुविधा नीति (100 सीट) से अधिक है एवं वर्तमान यात्री भार के अनुसार पर्याप्त है। |
| 16. | काली मोरी फाटक संख्या 116 को मोती नगर, हिराबास, आर.एस.बी. कॉलोनी, देव नगर, लक्ष्मी नगर एवं कटारिया कॉलोनी के रहवासियों की जन समस्या को देखते हुए इसे पुनः खोलने या अण्डर पास का निर्माण करवाना चाहिये। |
| | **रिमार्क्सः–**<br>मानवरहित समपार फाटक सं. 116 (कालीमोरी फाटक) जयपुर मंडल के अलवर–बांदीकुई खंड पर किमी. 74/8–9 पर स्थित था। वर्ष 2017 में उक्त समपार फाटक के स्थान पर कॉस्ट शेयरिंग के आधार पर आरओबी के निर्माण के पश्चात उक्त समपार को संबंधित जिला कलेक्टर से प्राप्त अनापत्ति प्रमाण पत्र के आधार पर बंद कर दिया गया है। रेलवे सुरक्षा एवं संरक्षा की दृष्टि से उक्त समपार फाटक को पुनः खोला जाना संभव नहीं है। उक्त लोकेशन पर अण्डरपास का निर्माण फिजीबल नहीं है। |
| 17. | अलवर जंक्शन से मथुरा जंक्शन रेलवे लाईन पर जाडोली का बास में फाटक संख्या 84–85 जो कि कई वर्षो से बंद है। यहां रास्ता गोविंदगढ़ को स्टेट हाईवे से जोड़ता है। जिसकी वजह से ग्रामीण काफी परेशान हैं स्थानीय ग्राम वासियों द्वारा पूर्व में लोकसभा/विधानसभा चुनावों में मतदान का बहिष्कार किया जा चुका है। कृपया करके जल्द से जल्द इस फाटक को खुलवाने की अनुमति जारी करें। |
| | **रिमार्क्सः–**<br>अत्यधिक कम यातायात घनत्व होने के कारण समपार फाटक सं. 84 को संबंधित जिला कलेक्टर से प्राप्त अनापत्ति प्रमाण पत्र के आधार पर बंद कर दिया गया था। रेलवे सुरक्षा एवं संरक्षा की दृष्टि से उक्त समपार फाटक को पुनः खोला जाना संभव नहीं है। मानवरहित समपार फाटक सं. 85 जयपुर मंडल के रेवाड़ी–अलवर खंड पर किमी 37/3–4 पर स्थित है। उक्त समपार फाटक के स्थान पर सबवे के निर्माण का कार्य स्वीकृत है। |
| 18. | अलवर शहर में दाउदपुर फाटक संख्या 114 दाउदपुर कॉलोनी, दयानगर आदर्श कॉलोनी, गुरूनानक कॉलोनी, भूदर कॉलोनी, सुभाष नगर, फौजी कॉलोनी, एन.डी.बी. कॉलोनी, रणजीतनगर के स्थानीय निवासियों की समस्या को ध्यान में रखते हुये दाउदपुर फाटक पर अण्डर पास का निर्माण किया जाये। |
| | **रिमार्क्सः–**<br>मानवरहित समपार फाटक सं. 114 (दाउदपुर फाटक) जयपुर मंडल के अलवर–बांदीकुई खंड पर किमी 73/2–3 पर स्थित है। माह मार्च 2016 की गणना के अनुसार उक्त समपार फाटक का टीवीयू 148926 हैं। उक्त समपार फाटक के दोनों ओर दुकानें एवं आवासीय मकान होने के कारण उक्त समपार फाटक के स्थान पर आरओबी/आरयूबी का निर्माण फिजीबल नहीं है। |
| 19. | राठ नगर रेलवे डबल फाटक नम्बर एल.सी. 111 पर अण्डर पास का निर्माण करवाना चाहिए। |
| | **रिमार्क्सः–**<br>मानवसहित समपार फाटक सं. 111 (राठ नगर रेलवे डबल फाटक) जयपुर मंडल के रेवाड़ी–अलवर खंड पर किमी 74/8–9 पर स्थित था। उक्त समपार फाटक के स्थान पर |

| | |
|---|---|
| | आरओबी के निर्माण के पश्चात उक्त समपार फाटक को संबंधित जिला कलेक्टर से प्रा अनापत्ति प्रमाण पत्र के आधार पर बंद कर दिया गया है। वर्तमान में उक्त लोकेशन पर को समपार फाटक स्थित नहीं है। रेलवे नियमानुसार उक्त लोकेशन पर अण्डरपास का निर्मा डिपोजिट आधार पर ही किया जा सकता है। यदि राज्य सरकार द्वारा उक्त लोकेशन प अण्डरपास के निर्माण हेतु डिपोजिट आधार पर अर्थात कार्य की संपूर्ण लागत वहन करने व सहमति के साथ प्रस्ताव प्राप्त होता है तो उस प्रस्ताव पर रेलवे द्वारा फिजीबिलिटी के आध पर शीघ्र नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। |
| 20. | ग्राम हेकड़ा फाटक संख्या एल.सी. 107 ई 1 आवागमन हेतु क्षेत्रवासियों की सुविधा को देख हुए प्रतिदिन 24 घण्टे के लिए खुलवाया जाना चाहिए। |
| | **रिमार्क्सः–**<br>मानवसहित समपार फाटक सं. 107 जयपुर मंडल के रेवाड़ी–अलवर खंड पर किमी 64/8– पर स्थित है। माह मार्च 2015 की गणना के अनुसार उक्त समपार फाटक का टीवीयू 108 है। उक्त समपार फाटक के स्थान पर सबवे के निर्माण का कार्य स्वीकृत है। रात्री के सम उक्त समपार फाटक पर यातायात दबाव काफी कम होने के कारण रात्री में उक्त समप फाटक पर गेटकीपर नियुक्त किया जाना युक्तिसंगत नहीं है एवं रेलवे सुरक्षा एवं संरक्षा दृष्टि से उक्त समपार फाटक को 24 घंटे खुला रखा जाना संभव नहीं है। आरयूबी का क जल्दी कराया जायेगा। |
| 21. | मालाखेड़ा–ढ़िगावड़ा रेल मार्ग के अचलपुरी फाटक नम्बर 131 पर अधूरा चल रहा अण् पास का निर्माण कार्य को तुरन्त प्रभाव से पूरा कराकर इसको जनहित के लाभ हेतु च किया जाना चाहिए। |
| | **रिमार्क्सः–**<br>रेलवे लाईन के नीचे आरसीसी बॉक्स डालने का काम पूरा हो चुका है। अप्रोच रोड़ के लि जमीन अधिगृहण की कार्यवाही की जा रही है। |
| 22. | अलवर–जयपुर रेलमार्ग पर महुवा खुर्द स्टेशन के फाटक नम्बर 122 पर बने हुये रेलवे अण पास बना हुआ है। जोकि बरसात के दिनों में पानी भरने से ग्रामवासियों का 4 से 5 महि के लिये आवागमन बंद हो जाता है। इसी पानी में पूर्व में डूबने से एक मौत हो चुकी थ अतः इस स्थान पर भरने वाले पानी के निकास की व्यवस्था की जानी चाहिये जिससे लो को हो रही परेशानी से मुक्ति मिल सके। |
| | **रिमार्क्सः–**<br>इस अंडर पास के शेष कार्य नवंबर 2018 तक पूर्ण कर दिये जायेंगे व पानी की निकासी व्यवस्था की जा रही है। |
| 23. | रेलवे द्वारा आज भी 20–25 वर्षो पुरानी पद्वति से सभी गाड़ियों में 2 या 3 साधारण क लगाकर चलाई जा रही है। लेकिन जनसंख्या वृद्वि एवं रोड़वेज किराये में वृद्वि से रेल य भार में तेजी से वृद्वि हुई है। जिससे साधारण कोचों मे यात्री क्षमता से अधिक होने के का बाहर खिड़कियों, गेट लटक कर या कोच की छत पर जाना जोखिम में डालकर सफर क हैं। जिससे अक्सर दुर्घटना होती है। भविष्य में इनको रोकने के लिए जरूरी है कि प्रत गाड़ियों में साधारण कोचों की संख्या 4 से 5 के बीच होनी ही चाहिये। |

(13)

| | |
|---|---|
| | रिमार्क्सः– सभी गाड़ियों में सामान्य श्रेणी के निर्धारित कोच चल रहे हैं। कन्वेन्शनल सामान्य कोचों का निर्माण बन्द होने से गाड़ी सं. 54791/54792 भिवानी–मथुरा सवारी गाड़ी में सामान्य कोचों की कमी के कारण वर्तमान में निर्धारित कोचों से कम है, जिन्हे वापस बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। मेल/एक्सप्रेस में 12915/12916 अहमदाबाद–दिल्ली आश्रम को कन्वेन्शनल की जगह एल.एच.बी. कोच से चलाने के कारण चार से कम कर दो कोच से तकनिकी कारणों से चलाई जा रही है। जिसमें पुनः दो सामान्य कोच बढ़ाने के लिये पश्चिम रेलवे के रेक होने के कारण पश्चिम रेलवे को अवगत कराया है। |
| 24. | अलवर जंक्शन से बांदीकुई जंक्शन तक चल रहे रेलवे लाईन का दौहरीकरण व विद्युतिकरण तीव्रगति से कराया जाये। |
| | रिमार्क्सः– अलवर जंक्शन से बांदीकुई जंक्शन तक रेलवे लाईन का दोहरीकरण का कार्य चल रहा है, जिसका टारगेट मार्च 2019 है, जो समय अवधि में पूर्ण कर दिया जायेगा। अलवर जंक्शन से बाँदीकुई जंक्शन का विद्युतिकरण कार्य रेलवे बोर्ड से स्वीकृत है। यह कार्य रेल–विद्युतिकरण द्वारा किया जा रहा है। लक्ष्य मार्च 2019 है। |

(12)

| 9. श्री मदन लाल सैनी | |
|---|---|
| 1. | मीटर गेज कन्वर्जन कार्य सीकर–जयपुर सैक्शन का सीकर से रींगस 31 मार्च, 2018 से पूर्व होना चाहिए था और 31 मार्च 2019 तक रींगस से जयपुर मीटर गेज कन्वर्जन कार्य को पूरा करने का टारगेट है। यह समय पर पूरा किये जाने की कार्यवाही की जाये। सीकर–रींगस सैक्शन में केवल सीकर से पलसाना का सी.आर.एस. कराया गया है। जबकि यह रींगस तक होना चाहिये था। अतः इस पर ध्यान देकर उचित कार्यवाही हो। |
| | **रिमार्क्सः–**<br>सीकर–पलसाना खण्ड का सी.आर.एस. दिनांक 26.02.2018 को हो चुका है तथा पलसाना से रींगस का कार्य प्रगति पर है। जयपुर तक ब्रॉड गेज का कार्य पूरा करने का टारगेट 30 जून 2019 है । यह कार्य समयावधि में पूर्ण कर दिया जावेगा |
| 2 | गाड़ी संख्या 14021/14022 दिल्ली सराय रोहिल्ला से सीकर तक बुधवार, शुक्रवार व रविवार को संचालित की जाती है। इसे प्रतिदिन नियमित किया जाना चाहिये। |
| | **रिमार्क्सः–**<br>गाड़ी सं. 14021/14022 दिल्ली सराय रोहिल्ला – सीकर उत्तर रेलवे के स्वामित्व की गाड़ी है। जिसका प्राथमिक अनुरक्षण दिल्ली सराय रोहिल्ला स्टेशन पर किया जाता है। इसे प्रतिदिन चलाये जाने हेतु एक अतिरिक्त रेक/लोको की आवश्यकता है। आपका सुझाव समुचित कार्यवाही हेतु उत्तर रेलवे एवं रेलवे बोर्ड को अग्रेषित किया जा रहा है। |
| 3 | गाड़ी संख्या 14021/14022 का रैक सुबह 5.40 बजे से रात को 22.15 बजे तक सीकर में खड़ा रहता है और इस अवधि में इसे सीकर से बीकानेर और बीकानेर से सीकर चलाने से रेलवे को राजस्व भी मिलेगा और एक नयी ट्रेन भी क्षेत्र को मिलेगी। |
| | **रिमार्क्सः–**<br>सीकर–जयपुर रेल खंण्ड के आमान परिवर्तन पश्चात् इस गाड़ी को जयपुर जं. तक बढ़ाये जाना प्रस्तावित है। |
| 4. | वर्तमान में सीकर–रेवाड़ी के मध्य सुबह व शाम को दो यात्री गाड़ी संचालित की जाती है। दोपहर के समय 14 से 16 बजे के बीच एक गाड़ी चलाने की आवश्यकता है। पहले भी हो–राडिया (यामी एक्सप्रेस) चलती थी। यह क्षेत्र की आवश्यकता है इस पर भी ध्यान दें। |
| | **रिमार्क्सः–**<br>सीकर एवं रेवाड़ी जं. पर अनुरक्षण सुविधायें उपलब्ध नहीं है। कालांतर में जयपुर सीकर खण्ड के आमान परिवर्तन पश्चात ही सीकर लोहारू रेवाड़ी खण्ड पर अतिरिक्त गाड़ियाँ चलाये जाने पर विचार किया जाना संभव होगा। |
| 5. | सीकर–चुरू के मध्य केवल एक गाड़ी संचालित की जाती है। इस सैक्शन में और गाड़ी चलाने की आवश्यकता है। |
| | **रिमार्क्सः–**<br>सीकर चूरू खण्ड पर एक सवारी गाड़ी डेमू रेक से चलाई जाती है। उत्तर पश्चिम रेलवे पर सीमित संख्या में डेमू रेक उपलब्ध हैं तथा अतिरिक्त डेमू रेकों की माँग रेलवे बोर्ड से की गई है। नये रेक मिलने के पश्चात ही परिचालनिक साध्यता जाँच कर नई गाड़ियाँ चलाये जाने पर विचार किया जा सकेगा। सीकर चुरू खण्ड पर अतिरिक्त सेवा हेतु श्रीगंगानगर–सीकर सवारी गाड़ी का प्रस्ताव जिस पर रेलवे बोर्ड की स्वीकृति अपेक्षित है, जिसे सीकर–जयपुर खण्ड के आमान परिवर्तन के बाद जयपुर तक चलाये जाने के प्रस्ताव के साथ रेलवे बोर्ड भेजा गया है। |

| | |
|---|---|
| 6. | सीकर यार्ड में फाटक संख्या 195 पर अण्डरपास बनाने की कार्यवाही शीघ्र पूरी की जा चाहिये जो अभी प्रस्तावित है। |
| | **रिमार्क्सः–**<br>मानव सहित समपार फाटक सं. 195 (राधाकिशन पुरा फाटक) जयपुर मण्डल रींगस–सीकर खण्ड पर कि.मी. 238/2–3 पर स्थित है। उक्त समपार फाटक के स्थान सबवे के निर्माण का कार्य स्वीकृत है जिसे शीघ्र पूर्ण कर दिया जायेगा। |
| 7. | सीकर यार्ड में वर्तमान में चार रनिंग लाईन डाली गयी है। अभी यार्ड में पाँचवी लाईन डाली जानी चाहिए ताकि भविष्य में अधिक यातायात बढ़ने पर काम आ सके। |
| | **रिमार्क्सः–**<br>वर्तमान में आवश्यकतानुसार सीकर यार्ड में गेज परिवर्तन के कार्य के दौरान चार लाइ बिछाई गई है। भविष्य में यदि पाँचवी लाईन की आवश्यकता होगी तो उसे डाल दी जायेगी |
| 8. | एक ट्रेन सांयकाल सीकर से श्रीगंगानगर के मध्य भी चलाई जानी चाहिए क्योंकि पहले इ रूट पर जयपुर से श्रीगंगानगर ट्रेन चलती थी। क्षेत्र के नागरिकों की सुविधा हेतु आवश्यक है। |
| | **रिमार्क्सः–**<br>श्रीगंगानगर स्टेशन से सीकर जं. तक नई गाड़ी चलाये जाने हेतु दो अतिरिक्त रेक/लो की आवश्यकता के साथ रेलवे बोर्ड की स्वीकृति भी आवश्यक है। उल्लेखनीय है श्रीगंगानगर – जयपुर के मध्य पहले मीटर गेज के दौरान चलने वाली गाड़ी के पाथ पर बड़ी लाईन पर गाड़ी चलाने का प्रस्ताव भेजा जा रहा है जिसे सीकर जयपुर खण्ड आमान परिवर्तन तक सीकर तक चलाये जाने का प्रस्ताव विचाराधीन है। |

(11)

| 10. श्री मानशंकर निनामा | |
|---|---|
| 1. | रतलाम–डूंगरपुर वाया बांसवाड़ा रेलवे परियोजना के कार्य को शीघ्र पूर्ण किया जाए। |
| | **रिमार्क्स:–**<br>डूंगरपुर–रतलाम–बांसवाड़ा नई लाईन के निर्माण हेतु रेलवे एवं राजस्थान सरकार के मध्य एम ओ यू हस्ताक्षर हुआ है। इस एम ओ यू के अन्तर्गत राज्य सरकार को नई लाईन हेतु जमीन मुफ्त में देना एंव परियोजना हेतु 50 प्रतिशत हिस्सा देना था परन्तु राज्य सरकार द्वारा जमीन का अधिग्रहण का मुआवजा एवं परियोजना का कार्य करने के लिए धन राशि नहीं दी गई। राज्य सरकार ने भी भूमि अधिग्रहण का कार्य रोक दिया है तथा परियोजना निर्माण वास्ते तय 50 प्रतिशत राशि देने से भी मना कर दिया गया है।<br>अतः रेलवे बोर्ड के पत्र संख्या 2011/WI/NWR/NL/20 दिनांक 22.03.2017 के तहत इसे बन्द कर दिया गया है। |

| | 11. श्री निहाल चंद |
|---|---|
| 1. | गाड़ी संख्या 17623/17624 बीकानेर–नांदेड–बीकानेर एक्सप्रेस को श्रीगंगानगर तक बढ़ाया जाए। |
| | **रिमार्क्स:–**<br>वर्तमान में गाड़ी सं. 17623/17624 बीकानेर–हुजूर साहिब नादेड़ एक्सप्रेस का लाई ओवर बीकानेर स्टेशन पर 20.10 घंटे है तथा यह गाड़ी आरबीपीसी के आधार पर संचालित है। इस गाड़ी का विस्तारण श्रीगंगानगर तक किये जाने से एक बार पुनः अनुरक्षण किये जाना आवश्यक होगा जिस पर जाँच कर संभव हुआ तो विचार किया जायेगा। |
| 2 | श्रीगंगानगर–जोधपुर–श्रीगंगानगर (वाया हनुमानगढ़) व श्रीगंगानगर–सीकर–श्रीगंगानगर (वाया हनुमानगढ़) होते हुये नई रेल सेवा को शुरू किया जाए। |
| | **रिमार्क्स:–**<br>श्रीगंगानगर से जोधपुर, श्रीगंगानगर से सीकर वाया हनुमानगढ़ नई गाड़ी संचालित करना परिचालनिक एवं वाणिज्यिक रूप से औचित्यपूर्ण है। इस सम्बध में अन्तर रेलवे समय सारणी बैठक–2018 में सहमति बन गई है। इस सम्बन्ध में रेलवे बोर्ड से रेक एवं स्वीकृति अपेक्षित है। |
| 3. | गाड़ी संख्या 17037/17038 (बीकानेर–सिकंदराबाद–बीकानेर) को वाया कैनाल लूप श्रीगंगानगर तक बढ़ाया जाए। |
| | **रिमार्क्स:–**<br>गाड़ी सं. 17037/38 सिकंदराबाद–बीकानेर (द्वि–साप्ताहिक) एक्सप्रेस दक्षिण मध्य रेलवे के स्वामित्व की गाड़ी है जिसका द्वितीय अनुरक्षण बीकानेर स्टेशन पर किया जाता है। इसे श्रीगंगानगर तक विस्तारित किये जाना परिचालनिक रूप से संभव है। इस सम्बध में अन्तर रेलवे समय सारणी बैठक–2018 में सहमति बन गई है। इस सम्बन्ध में रेलवे बोर्ड से रेक एवं स्वीकृति अपेक्षित है। |
| 4. | गाड़ी संख्या 14601/14602 (फिरोजपुर–श्रीगंगानगर–फिरोजपुर) को हनुमानगढ़ रेलवे स्टेशन तक बढ़ाया जाए। |
| | **रिमार्क्स:–**<br>गाड़ी सं. 14601/14602 फिरोजपुर–श्रीगंगानगर–फिरोजपुर इन्टरसिटी का श्रीगंगानगर स्टेशन पर लाई ओवर केवल 02.50 घण्टे है जो कि हनुमानगढ़ तक विस्तार किये जाने हेतु अपर्याप्त है। आपका सुझाव समुचित कार्यवाही हेतु उत्तर रेलवे एवं रेलवे बोर्ड को अग्रेषित किया जा रहा है। |
| 5. | दिल्ली–श्रीगंगागनर–दिल्ली (वाया हनुमानगढ़) के लिए एक नई इंटरसिटी रेल की शुरूआत की जाए। |
| | **रिमार्क्स:–**<br>श्रीगंगानगर से दिल्ली वाया हनुमानगढ़, सादुलपुर, रेवाड़ी नई गाड़ी संचालित करना वाणिज्यिक रूप से औचित्यपूर्ण है। नई रेल सेवा संचालन हेतु एक अतिरिक्त रेक/लोको के साथ उत्तर रेलवे की सहमति एवं रेलवे बोर्ड की स्वीकृति आवश्यक है इस सम्बन्ध में प्रस्ताव रेलवे बोर्ड भेजा हुआ है। |
| 6. | जिला श्रीगंगानगर के अंतर्गत पृथ्वीराजपुरा और बुधसिंहवाला स्टेशनों को पैसेंजर रेलगाड़ियों के ठहराव हेतु हाल्ट स्टेशन बनाया जाए। |

| | |
|---|---|
| | **रिमार्क्सः–**<br>वर्तमान मे पृथ्वीराजपुरा हाल्ट स्टेशन पर 2 जोड़ी सवारी गाड़ी एक जोड़ी विशेष गाड़ी<br>बुधसिंहवाला हाल्ट स्टेशनों पर 1 जोड़ी सवारी गाड़ी 2 जोड़ी विशेष गाड़ियों का यात्रियो<br>अनुकूल समय पर चलने वाली सभी गाड़ियों का ठहराव दिया गया है। |
| 7. | सरदारगढ़ हाल्ट रेलवे स्टेशन (सूरतगढ़, जिला श्रीगंगानगर) को फ्लैग 'डी' स्टेशन के रू<br>विकसित किया जाए और एक रिजर्वेशन काउंटर खोला जाए। |
| | **रिमार्क्सः–**<br>सरदारगढ़ हाल्ट स्टेशन पर विगत छः माह के आंकडों के अनुसार प्रतिदिन प्रति गाड़ी<br>यात्री व प्रतिदिन प्रति गाड़ी आय रू 290/– है, जो रेलवे बोर्ड द्वारा निर्धारित मापदण्ड<br>कम है। अतः उक्त यात्री भार को देखते हुए इस स्टेशन पर आरक्षण की सुविधा प्रदान क<br>का औचित्य नहीं है। इसके अतिरिक्त सरदारगढ़ हाल्ट स्टेशन से 09 किमी दूरी पर ि<br>जैतसर स्टेशन पर आरक्षण की सुविधा उपलब्ध है।<br>रेलवे बोर्ड के नियमानुसार नया पीआरएस खोलने हेतु किसी भी संचालित पीआरएस<br>प्रस्तावित पीआरएस/स्टेशन की न्यूनतम दूरी 15 कि.मी. होना आवश्यक है । अतः स<br>शहर स्टेशन पर पीआरएस खोलने का औचित्य नहीं बनता है ।<br>वाणिज्य सरकुलर संख्या 99/टीजी–4/हाल्ट/पालिसी दिनांक 24.06.2005 के मद स<br>10 के अनुसार हाल्ट स्टेशन को फ्लैग स्टेशन बनाने के लिए दस वर्ष तक 300 या अ<br>(निर्गामी यात्री) औसत प्रतिदिन व यात्री आय नौ लाख से अधिक प्रति वर्ष होनी चाहिए<br>रेलवे बोर्ड द्वारा निर्धारित मापदण्ड से कम है। अतः सरदारगढ़ हाल्ट स्टेशन को फ्लैग रू<br>बनाने के प्रस्ताव का वाणिज्य औचित्य नहीं है। |
| 8. | हनुमानगढ़ जंक्शन रेलवे स्टेशन पर एक नई वाशिंग लाईन का निर्माण किया जाए। |
| | **रिमार्क्सः–**<br>अभी बीकानेर मण्डल पर बीकानेर में 2, लालगढ़ में 1, भिवानी में 1, वाशिंग लाईन पह<br>ही उपलब्ध है एवं अभी हाल ही में श्रीगंगानगर में 2 एवं हिसार में 1 वाशिंग लाईन उ<br>करा दी गई है। हनुमानगढ़, रेलवे स्टेशन पर नई वाशिंग लाईन का निर्माण परिचाल<br>दृष्टि से अभी न्याय संगत नहीं है। |
| 9. | हनुमानगढ़ जंक्शन रेलवे स्टेशन और संगरिया रेलवे स्टेशन पर एक–एक फुट–ओवर<br>का निर्माण किया जाए। |
| | **रिमार्क्सः–**<br>हनुमानगढ़ स्टेशन पर एक फुट ओवर ब्रिज पहले से ही उपलब्ध है तथा दूसरा फुट<br>ब्रिज प्लान हैड 53 यात्री सुविधा वर्ष 2017–18 में स्वीकृत है।<br>संगरिया स्टेशन पर लॉबुक 2018–19 में प्रस्तावित कार्यो की अतिरिक्त सूची में सं<br>स्टेशन पर फुट ओवरब्रिज सहित अतिरिक्त दूसरा प्लेटफार्म प्लान हैड 53 एवं 64 के अ<br>प्रस्तावित है। |
| 10. | श्री सतवीर चाहर (निवासी हनुमानगढ़) राष्ट्रीय वॉलीबॉल खिलाड़ी को टैलेंट कोटे के अ<br>किसी पद पर नियुक्ति दिए जाने बाबत्। |
| | **रिमार्क्सः–**<br>खेलकूद कोटा टेलेंट स्काउटिंग स्कीम वर्ष 2017–18 के तहत भर्ती हेतु श्री सतवीर<br>बॉलीवाल खिलाड़ी का आवेदन प्राप्त हुआ था। लेकिन इस खेल के अन्तर्गत इस वित्ती<br>में रिक्ति उपलब्ध नहीं होने के कारण भर्ती प्रक्रिया नहीं की गई। |

| | |
|---|---|
| 11. | श्री संदीप, ए.ई.एन. (रेलवे) हनुमानगढ़ रेलवे स्टेशन व श्री हंसराज खरोड़, स्टेशन अधीक्षक, श्रीकरणपुर रेलवे स्टेशन (जिला श्रीगंगानगर) के खिलाफ सरकारी पद का दुरूपयोग करने, स्थानीय निवासियों से दुर्व्यवहार करने अन्य स्थानीय एजेंसियों को विकास कार्य न करने देने के खिलाफ दंडात्मक कार्यवाही कर इनको किसी और जगह स्थानांतरित किए जाने बाबत्। |
| | **रिमार्क्स:–**<br>इस मुददे पर सांसद महोदय से पृथक से चर्चा की जायेगी। |
| 12 | श्रीगंगानगर–स्वरूपसर–बीकानेर रेल मार्ग पर चल रही पैसेंजर रेलगाड़ियों में महिलाओं हेतु आरक्षित डिब्बा कोच की व्यवस्था होनी चाहिए और साथ ही महिला सुरक्षा फोर्स को भी तैनात किया जाये। |
| | **रिमार्क्स:–**<br>गाड़ियों में महिलाओं हेतु एक समान्य कोच गाड़ी के गार्ड के डिब्बे के साथ सदैव महिलाओ के लिए आरक्षित/ईयर मार्क किया जाता है। यदि किसी महिला यात्री को इस संबंध में शिकायत हो तो वो गार्ड को शिकायत कर आवश्यक कार्यवाही एवं शिकायत का निस्तारण करवा सकते हैं।<br>श्रीगंगानगर–स्वरूपसर–बीकानेर रेलमार्ग महिला विषयक अपराधों से प्रभावित नहीं है।<br>पिछले 03 वर्षो में इस रेल खण्ड में मात्र एक घटना महिला यात्रियों के साथ यात्रा कर रहे पुरूषों के आपसी वाद–विवाद में चेन पुलिंग और अभद्रता की प्रकाश में आई थी, जिसमें रेसुब व राजकीय रेलवे पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये छः व्यक्तियों की गिरपतारी का अभियोग पंजीकृत किया गया था।<br>पैसेन्जर गाड़ियों में महिला विषयक अपराधों का निरन्तर विश्लेषण किया जाता है और समय–समय पर आवश्यकता होने पर महिला आरपीएफ कर्मियों से आकस्मिक रूप से सघन चैकिंग कराई जाती है।<br>रेलवे सुरक्षा हेल्प लाईन–182 एवं अन्य माध्यमों से भी प्राप्त सूचनाओं पर तत्काल प्रभावी कार्यवाही की जाती है और इस हेल्प लाईन की मदद लेने के लिए व्यापक प्रचार–प्रसार किया जा रहा है। |
| 13. | इस रेलमार्ग पर चलने वाली पैसेंजर ट्रेनों में यात्री भार की अधिकता की वजह से कोचों की संख्या बढ़ायी जाये। |
| | **रिमार्क्स:–**<br>वर्तमान में उत्तर पश्चिम रेलवे पर सामान्य कोचों की अत्यधिक कमी चल रही है जिसके लिए रेलवे बोर्ड को कई बार लिखा गया है। रेलवे बोर्ड से पर्याप्त मात्रा में कोच प्राप्त होने पर उक्त मांग पूरी की जा सकेगी। |

8

## 12. श्री राहुल कस्वां

1. निम्न स्थानीय रेल अंडर ब्रिज निर्माण कि मांग काफी समय से की जा रही है। इनके अभाव में ग्रामीण भारी संकट का सामना कर रहे हैं। यहाँ काफी बार भयंकर दुर्घटनाएं भी हो चुकी हैं। 20–20 किलोमीटर तक कोई भी समपार नहीं है। ग्रामीण खेतों में व अन्य गाँवों में कैसे जाएं यह गंभीर प्रश्न है। राजस्थान सरकार से संपर्क कर इनके निर्माण की प्रभावी कार्यवाही की जावे।

| S. No. | Section | Location | Connecting Villages | Railway KM | Remarks |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Rewari – SDLP | Near Kandhran Village | Radwa – Kandhran | 215/0-1 | Feasible |
| 2. | Rewari – SDLP | Between Bewad Bhojan Village | Kalri – Bewad | 208/209 | Feasible |
| 3. | Rewari – SDLP | Near Kirtan Village | Bhojan – Bewad | 202/2-3 | Feasible |
| 4. | Rewari – SDLP | Near Kirtan Village | Gugalwa Kirtan – Bewad | 199/4 | Feasible |
| 5. | Hisar – SDLP | Near Lasedi – Village | Lasedi – Mitthi Reduwan | 56/5-6 | Feasible |
| 6. | Hisar – SDLP | Near NH 65 | NH 65 – Lutana Puran | 58/7-8 | Feasible |
| 7. | Hisar – SDLP | Near NH 65 | NH 65 – Lutana Sadasukh | 62/7-8 | Feasible |
| 8. | Hisar – SDLP | Near NH 65 | Nh 65 – Lutana Amichand | 62/12-13 | Feasible |
| 9. | Bhadra – SDLP | East side of Bhadra Railway Station | Bhadra City | 115/1-2 | Feasible |
| 10 | Bhadra – SDLP | Road Connecting Bhadra – Sahwa & Bhadra – Sadulpur | Sardarpura | 117/2-2 | Feasible |

**रिमार्क्स:–**

(i) 1 से 8 एंव 10 उपरोक्त –आर.यू.बी बनाना फिजिबल है। राज्य सरकार से औपचारिक प्रस्ताव प्राप्त होने पर सकारात्मक कार्यवाही की जायेगी।

(ii) 9 उपरोक्त:– भादरा रेलवे स्टेशन के दक्षिण पूर्व की ओर किमी. 115/1–2 में दाँयीं ओर एवं पहुँच मार्ग हेतु खाली भूमि उपलब्ध नहीं है एवं आवासीय सरंचना है। पहुँच मार्ग हेतु आवश्यक भूमि राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध कराये जाने के पश्चात ही आर.यू.बी का निर्माण संभव है। इस लोकेशन पर 30x2.5 मीटर साईज का आर.यू.बी बनाया जा सकता है।

2. सादुलपुर रेलवे स्टेशन बीकानेर डिवीजन का एक बहुत महत्वपूर्ण स्टेशन हैं। पिछले काफी समय से इस स्टेशन पर दो अतिरिक्त प्लेटफार्म बनाये जाने की मांग की जा रही है, इस मामले में मैंने भी काफी बार विभिन्न स्तर पर यह मांग की है लेकिन अभी तक इनकी स्वीकृति नहीं हुई है। नयी गाड़ियों के संचालन के बाद इस स्टेशन पर भारी ट्रैफिक होगा व यहां दो प्लेटफार्म अत्यंत आवश्यक हैं अतः जल्द से जल्द इनका निर्माण करवाया जावे।

**रिमार्क्स:–**

पिंक बुक 2018–2019 की मद संख्या 350 के अर्न्तगत सादुलपुर स्टेशन पर दो नये प्लेटफार्म बनाने का कार्य स्वीकृत हो चुका है। कार्य का प्लान व प्राक्कलन बनाया जा रहा है ।

| | |
|---|---|
| 3. | रतनगढ़–सरदारशहर खंड के आमान परिवर्तन से पूर्व रतनगढ़ वेस्ट स्टेशन वर्षों से संचा रहा है, आमान परिवर्तन के कारण रेल लाईन शहर से बाहर करने के कारण उक्त स्टे बंद कर दिया गया। उक्त स्टेशन के पास ही हुडेरा स्टेशन घोषित किया जाए, यह महत्वपूर्ण स्थान है। काफी गाँवों के ग्रामीण इसकी मांग कर रहे हैं। इसके लिए काफी निवेदन किया जा चुका है। |
| | **रिमार्क्स:–**<br>रेलवे बोर्ड के पत्र संख्या 99/टीजी–4/हाल्ट/नीति दिनांक 17.05.1999 के पैरा 1 (2 अनुसार उपनगरीय क्षेत्र के अलावा प्रस्तावित हाल्ट स्टेशन से दोनों ओर के स्टेश्नों की कम से कम 05 किमी होनी चाहिए। हुडेरा, नोसरिया से 3.24 किलो मीटर एवं रतनगढ़ से 6.5 कि.मी. की दूरी पर है। अत: हुडेरा में हाल्ट स्टेशन बनाना औचित्य पूर्ण नही है। |
| 4. | सादुलपुर–हनुमानगढ़ खंड पर सरदारपुरिया व सोती बड़ी हाल्ट स्टेशन किया जावे। इ मांग काफी समय से की जा रही है। |
| | **रिमार्क्स:–**<br>रेलवे बोर्ड के पत्र संख्या 99/टीजी–4/हाल्ट/नीति दिनांक 17.05.1999 के पैरा 1 (2 अनुसार उपनगरीय क्षेत्र के अलावा प्रस्तावित हाल्ट स्टेशन से दोनों ओर के स्टेश्नों की कम से कम 05 किमी होनी चाहिए। सरदारगढिया गोगामेडि से 04 किमी एवं तहसिल से 9.45 किमी, सोती बड़ी दीपलाना स्टेशन से 3.63 किमी एवं नौहर से 6.24 किमी है । सरदारगढिया व सोती बड़ी हाल्ट स्टेशन बनाना औचित्य पूर्ण नही है। |
| 5. | हनुमानगढ़–दिल्ली व हनुमानगढ़–जोधपुर तक इंटरसिटी गाड़ी व हनुमानगढ़–सीकर के एक एक्सप्रेस व एक सवारी गाड़ी का संचालन किया जावे। |
| | **रिमार्क्स:–**<br>हनुमानगढ़ स्टेशन पर अनुरक्षण सुविधायें उपलब्ध नहीं है। इसके स्थान प गंगानगर–दिल्ली वाया सादुलपुर– हनुमानगढ़ गाड़ी चलाये जाने हेतु प्रस्ताव रेलवे बोर्ड गया है।श्री गंगानगर–जोधपुर तथा श्री गंगानगर– सीकर गाड़ियों हेतु प्रस्ताव विगत II में भेजे गये हैं जिन पर रेलवे बोर्ड द्वारा कार्यवाही अपेक्षित है। उल्लेखनीय है वि गाड़ियाँ चलाने हेतु अतिरिक्त रेक लोको की आवश्यकता के साथ साथ रेलवे बो स्वीकृति भी आवश्यक है। |
| 6. | बीकानेर से दिल्ली के लिए सुबह चलकर वापस सांय को आने वाली इंटरसिटी गा चालू किया जाये। |
| | **रिमार्क्स:–**<br>वर्तमान में बीकानेर–दिल्ली के मध्य दो जोड़ी गाड़ियाँ दैनिक आधार पर चल रही हैं अतिरिक्त सुझावित इन्टरसिटी गाड़ी चलाये जाने हेतु वाणिज्यिक औचित्य के आध अगली IRTTC में रेलवे बोर्ड को प्रस्ताव भेजा जायेगा। उल्लेखनीय है कि नई गाड़ी जाने हेतु अतिरिक्त रेक लोको की आवश्यकता के साथ रेलवे बोर्ड की स्वीकृ आवश्यक है। |
| 7. | बांद्रा–जम्मूतवी विवेक एक्सप्रेस, बांद्रा–हिसार, हावड़ा–जैसलमेर साप्ताहिक गाड़ि प्रतिदिन किया जावे। |

(7)

| | |
|---|---|
| | **रिमार्क्सः–**<br>गाड़ी सं. 19027 / 19028 BDTS-JAT Vivek Exp. गाड़ी सं. 22915 / 22916 BDTS-HSR एंव गाड़ी सं.12371 / 12372 HWH-JSM Exp. क्रमश WR एंव ER के स्वामित्व की गाड़ियाँ हैं। इन्हे नियमित आधार पर चलाने हेतु वाणिज्यिक औचित्य के आधार पर सम्बधित रेलवे एंव रेलवे बोर्ड को आपका प्रस्ताव पुनः भेजा जायेगा। उल्लेखनीय है कि गाड़ी सं. 12371 / 12372 के रेक को द्वितीय अनुरक्षण सुविधा जैसलमेर में न होने के कारण लालगढ़ स्टेशन पर किये जाने हेतु JSM-LGH के मध्य खाली रेक का आवागमन किया जाता है अतः सीमित अनुरक्षण सुविधाओं के मध्यनजर उक्त गाड़ी को प्रतिदिन चलाया जाना वर्तमान में परिचालनिक रूप से संभव नहीं हैं। |
| 8. | सीकर–चूरू अतिरिक्त गाड़ी का संचालन किया जावे जो सुबह के समय चूरू से चलकर सीकर पहुंचे व शाम के समय सीकर से वापिस चलकर चूरू पहुंचे। वर्तमान में संचालित गाड़ी से यात्रियों को विशेष राहत नहीं मिल रही है। |
| | **रिमार्क्सः–**<br>सीकर चूरू के मध्य अतिरिक्त सेवा प्रदान किये जाने हेतु रेलवे बोर्ड से अतिरिक्त डेमू रेकों की मांग करी गई है। डेमू रेकों के आवंटन पश्चात अतिरिक्त ट्रेन चलाये जाना संभव हो पायेगा। वर्तमान रेकों से अतिरिक्त सुविधा प्रदान किये जाना परिचालनिक रूप से संभव नहीं है। इस सम्बन्ध में रेलवे बोर्ड को प्रस्ताव भेजा हुआ है। |
| 9. | सरदारशहर–रतनगढ़ चलने वाली गाड़ियों की समय सारिणी जनहित में नहीं है। इसे रिवाइज किया जावे, इसकी काफी समय से मांग की जा रही है। |
| | **रिमार्क्सः–**<br>दिनांक 01.11.17 से प्रभावी समय सारिणी में जनप्रतिनिधियों एंव दैनिक यात्री संगठनों की मांग पर परिवर्तन किये गये थे। चूँकि यह गाड़ियाँ बीकानेर–रतनगढ़ डेमू रेक (गाड़ी सं. 74855 / 74856) के lie-over रेक से संचलित है। RTGH-SRDR खंड की समय सारिणी में बदलाव हेतु बीकानेर –रतनगढ़ सवारी गाड़ी की समय सारिणी में भी बदलाव होगा जो यात्रियों के लिये उचित नहीं होगा। हालांकि अगली समय सारणी में यथा संभव परिवर्तन का प्रयास किया जायेगा। |
| 10. | गाड़ी संख्या 14705 / 14706 का ठहराव पड़िहार स्टेशन पर किया जावे, जिसके लिये क्षेत्र की जनता काफी समय से मांग कर रही है। |
| | **रिमार्क्सः–**<br>पड़िहारा स्टेशन पर प्रतिदिन प्रतिगाड़ी यात्रीभार एंव आय रेलवे बोर्ड द्वारा किसी एक्सप्रेस गाड़ी के ठहराव हेतु जारी नीति से काफी कम है। गाड़ी सं. 22421 / 22422 DEE-BGKT सुपरफास्ट एक्सप्रेस है इस गाड़ी के पडिहारा जैसे छोटे स्टेशन पर अधिक ठहराव से इसकी औसत गति पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा। |
| 11. | सादुलपुर–हनुमानगढ़ खंड पर सादुलपुर में सी–43 के पास रेल अंडर ब्रिज का निर्माण किया गया है, डिजाईन सही नहीं होने एवं मोहल्लेवासियों के विरोध कि वजह से उक्त अंडर ब्रिज संचालित नहीं हो पाया है। उक्त अंडर ब्रिज में रेल लाइनों तक पानी भरा रहता है, किसी भी समय कोई भी दुर्घटना हो सकती है। इस संबंध में मेरा सुझाव है कि सी–43 को यथावत रखते हुए उक्त अंडर ब्रिज में 3 फुट का भराव कर उसका निर्माण पूर्ण करवाया जावे ताकि छोटे वाहनों का इससे आवागमन हो सके। |

| | |
|---|---|
| | **रिमार्क्स:–**<br>रेलवे द्वारा समपार संख्या 43 के स्थान पर फाटक से 45 मीटर की दूरी पर आ<br>4.0 x 4.0 Meter साईज का निर्माण किया जा चुका है लेकिन स्थानीय नागरिकों के<br>के कारण अप्रोच रोड़ का कार्य नहीं हो पाया है। बाद में एस.डी.एम सादुलपुर एवं रे<br>बीच मीटिंग में सहमति हुई कि फाटक के एक तरफ 2.50 मीटर उंचाई का एक और अ<br>बना दिया जाये। लेकिन मौके पर स्थानीय लोगों के विरोध के कारण यह कार्य भी न<br>पाया। राज्य सरकार द्वारा समपार बन्द करवाने की स्थिति में ही रेलवे द्वारा कुछ दिया<br>संभव होगा । |
| 12. | सादुलपुर–हिसार खंड पर समपार सी–34 को यथावत रखा जावे। राजस्थान सरक<br>धनराशि से मानव सहित समपार का निर्माण किया गया है। उक्त समपार के पास<br>राष्ट्रीय राजमार्ग भी गुजर रहा है। इस समपार की जगह आरयूबी का निर्माण किया<br>फिजिबल भी नहीं है, व ग्रामवासी भी इसका भारी विरोध कर रहे हैं। अतः इसे यथावत<br>जावे। |
| | **रिमार्क्स:–**<br>यह कार्य के लिये कलेक्टर चूरू द्वारा फाटक बंद करने की स्वीकृति दी गई है एवं ए<br>एस का कार्य स्वीकृत है। |
| 13. | सादुलपुर–हनुमानगढ़ खंड पर भादरा स्टेशन के उत्तर–पश्चिम साइड में निर्मित स<br>समपार पर आरयूबी निर्माण किया जावे। |
| | **रिमार्क्स:–**<br>तहसील भादरा स्टेशन के पास कि.मी. 113/5–6 पर समपार संख्या 62 ए स्थित है<br>इस समपार पर आर.यू.बी बनाने के लिए निविदा आमंत्रित की जा चुकी है तथा निपटा<br>प्रक्रिया में है। |

(6)

| 13. श्रीमती संतोष अहलावत | |
|---|---|
| 1. | गाड़ी संख्या 14021 और 14022 को नियमित करना:– वर्तमान में यह गाड़ी सप्ताह में केवल तीन दिन ही संचालित की जा रही है। यह गाड़ी सीकर से सोमवार, गुरूवार और शनिवार की रात्री में तथा दिल्ली से मंगलवार, बुधवार एवं शनिवार की रात्री में संचालित हो रही है, जिस के कारण जिले वासियों को कम से कम 36 घंटे दिल्ली में या सीकर में रूकना पड़ता है। यह गाड़ी प्रतिदिन गाड़ी है परन्तु उद्घाटन के समय रैक्स की अनुपलब्धता के कारण स्थाई रूप से सप्ताह में तीन दिन संचालित करने का निर्णय लिया गया था। अतः इस गाड़ी को प्रतिदिन चलाया जाए, जिससे जिलेवासी को इस गाड़ी का सही में लाभ मिल सके तथा सरकार को भी इस रूट पर वित्तीय मुनाफा मिल सके। |
| | **रिमार्क्स:–**<br>गाड़ी सं. 14021/14022 दिल्ली सराय रोहिल्ला–सीकर–दिल्ली सराय रोहिल्ला एक्सप्रेस उत्तर रेलवे के स्वामित्व की गाड़ी है। उक्त गाड़ी का प्राथमिक अनुरक्षण दिल्ली सराय रोहिल्ला स्टेशन पर ही किया जाता है, अतः उक्त गाड़ी का दैनिक संचालन हेतु अतिरिक्त रैक, लोको तथा रेलवे बोर्ड की स्वीकृति की आवश्यकता होगी। आपके सुझाव के अनुसार पुनः प्रस्ताव उत्तर रेलवे एवं रेलवे बोर्ड को भेजा जा रहा है। |
| 2. | सीकर–चुरू के मध्य बंद हरसावा हाल्ट स्टेशन को पुनः चालू कराने बाबत्:–<br>झुंझुनू संसदीय क्षेत्र की फतेहपुर विधानसभा के अंतर्गत पड़ने वाली पंचायत समिति फतेहपुर शेखावटी जोकि जयपुर मंडल (उत्तर पश्चिम रेलवे) के खंड सीकर–चूरू में पड़ती तथा पूर्व में इस मार्ग पर हरसावा हाल्ट स्टेशन था जिसे गेज परिवर्तन के समय रेलवे द्वारा बंद कर दिया था, जिसका असर यहाँ के करीब 17 गावों जिनकी आबादी 2011 की जनगणना के अनुसार 25000 है, के जीवन पर पड़ा। हरसावा हाल्ट स्टेशन से महज 2 किमी. की दूरी पर कृषि महाविद्यालय एवम भेड़ प्रजनन फार्म है जिसमें राज्य के करीब 400 छात्र–छात्राएं विभिन्न जिलों से अध्ययन करने के लिये आते हैं। जिन्हें रेल सेवा के लिए 21 किलोमीटर दूर फतेहपुर या लक्ष्मणगढ़ जाना पड़ता है अथवा महंगी प्राइवेट बस सेवा का इस्तेमाल करना पड़ता है। जिसमें क्षेत्रवासियों की धन हानि के साथ–साथ समय की भी बहुत बर्बादी होती है। मुझे प्राप्त जानकारी के अनुसार यदि हरसावा हाल्ट स्टेशन को पुनः चालू किया जाता है तो प्रतिदिन 1000–1200 क्षेत्रवासी रेलसेवा का इस्तेमाल कर सकेंगे, जिससे रेलवे को भी वित्तीय लाभ प्राप्त हो सकेगा। अतः सीकर–चूरू के मध्य बंद पड़े हरसावा हाल्ट स्टेशन को पुनः चालू किया जाए। |
| | **रिमार्क्स:–**<br>खण्ड वाणिज्य निरीक्षक से जांचोपरांत पाया कि हरसावा हाल्ट स्टेशन यात्री यातायात एवं आय नगण्य होने के कारण दिनांक 01.06.1998 को बंद कर दिया गया था। हरवासा (बड़ा) हरसावा (छोटा) एवं अन्य गांव एनएच–52 के पास स्थित है। कृषि महाविद्यालय व भेड़ प्रजनन फार्म भी एनएच–52 के नजदीक स्थित है। एनएच–52 पर उक्त गांव वासियों के आवागमन हेतु हर 20 मिनट पर रोड़वेज बस, प्राईवेट बस एवं जीप आदि आवागमन के साधन सुलभ हैं। अतः हरसावा हाल्ट स्टेशन को यात्री यातायात हेतु पुनः खोलना वाणिज्यिक दृष्टि से औचित्यपूर्ण नहीं है। |

| | |
|---|---|
| 3. | वर्ष 2016–17 के रेल बजट में झुंझुनू में स्वीकृत रेलवे ओवर ब्रिज बनाने बाबतः– 25 फरवरी 2016 को संसद में प्रस्तुत रेल बजट 2016–17 में तत्कालीन रेल मंत्री श्री प्रभाकर प्रभु जी द्वारा झुंझुनू में एलसी संख्या 265 सीकर–झुंझुनू–लूहारू मार्ग पर एक ओवर ब्रिज स्वीकृत किया गया था। लगभग दो वर्ष बीत जाने के पश्चात भी अभी धरातल पर इस संबंध में कोई कार्य नहीं हो पाया है। रेलवे विभाग के ढुलमुल रवैये और लतीफी के कारण यह रेलवे ओवर ब्रिज केवल फाइलों तक सीमित रह गया है, जिस लेकर क्षेत्र के लागों में काफी रोष है। वर्ष 2016–17 के रेल बजट में स्वीकृत एलसी 265 सीकर–झुंझुनू–लूहारू मार्ग पर एक रेलवे ओवर ब्रिज के कार्य का शुरू ना होना मंत्रालय की कार्यशैली एवं विश्वसनीयता पर एक बड़ा प्रश्न चिन्ह खड़ा करता है। जि निर्वाचित सांसद होने के कारण क्षेत्र की जनता का सीधा सवाल मेरे से होता है, जि कोई भी जवाब मेरे पास नहीं है क्योंकि रेल मंत्रालय के सम्बंधित अधिकारी इस सम्ब कोई भी जानकारी एवं कार्य की प्रगति की स्थिति क्षेत्र की सांसद के साथ साझा नहीं अतः रेल बजट 2016–17 में स्वीकृत एलसी 265 सीकर–झुंझुनू–लूहारू मार्ग पर बनने रेलवे ओवर ब्रिज के कार्य को शीघ्र शुरू कर जल्द से जल्द पूर्ण कर जिले की जन सौंपा जाए। |
| | **रिमार्क्सः–**<br>झुंझुनु संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत सीकर–झुंझुनु–लुहारू खंड के फाटक संख्या 265 पर ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य राज्य सरकार के सिंगल इंटीटी बेसिस पर किया जाना है ओवर ब्रिज के निर्माण हेतु जीएडी ड्राईग की अप्रूवल की जा रही है। |
| 4. | कायमसर रेलवे स्टेशन को "बी" ग्रेड क्रासिंग पॉइंट स्टेशन रखने बाबत्ः–<br>उपरोक्त विषयान्तर्गत मेरे द्वारा रेलवे को पत्र संख्या MP-JJN/2016/XVI/966/Del, 21.11.16, MP-JJN/2017/XVI/59/Del दिनांक मार्च 15, 2017 और पत्र MP-JJN/2017/XVI/148/Del, दिनांक अगस्त 2, 2017 लिखे गए। उपरोक्त सभी 1956 में सीकर–चूरू सेक्शन पर बने कायसमर स्टेशन को वर्तमान में "बी–ग्रेड" स्ट रूप में यथावत रखने के सम्बन्ध में लिखे गए थे।<br>यह स्टेशन वर्ष 1956 में स्थापित किया गया था और यह स्टेशन इस क्षेत्र की 18 पचास हजार से ज्यादा जनता को सुविधाएँ देते रहा है। कायमसर स्टेशन का अपन चालित कुआं है 150 फिट ऊँची पानी की टंकी है व रेलवे की अपनी स्वतंत्र व्यवस्था है। इस रेलवे स्टेशन पर बहुत बड़ा प्लेटफार्म, यात्री विश्राम गृह एवं टिक ऑफिस, स्टेशन मास्टर, गैंगमैनो एवम अन्य स्टाफ के नव निर्मित भवन भी है। परंतु आमूल चूल परिवर्तन में कायमसर रेलवे स्टेशन को मीटर गेज की भांति "बी–ग्रेड" पॉइंट रखने की बजाय "हाल्ट स्टेशन" प्रस्तावित किया गया है जो कि इस क्षेत्र के की पचास हजार से अधिक जनता के साथ अन्याय है अतः कायमसर स्टेशन को "बी–ग्रेड" स्टेशन के रूप में रखा जाए। |
| | **रिमार्क्सः–**<br>कायमसर स्टेशन को बी क्लास स्टेशन बनाये जाने हेतु कार्यवाही की जा रही है। |

(5)

| 14. श्री सुभाष चन्द बहेड़िया | |
|---|---|
| 1. | इन्दौर–जोधपुर एक्सप्रेस गाड़ी संख्या 14801 व जोधपुर–इन्दौर एक्सप्रेस गाड़ी संख्या 14802 का ठहराव भीलवाड़ा लोकसभा क्षेत्र के रायला एवं गुलाबपुरा स्टेशनों पर किया जाना अत्यन्त आवश्यक है। क्योंकि गुलाबपुरा बड़ा कस्बा होकर यहां की जनसंख्या 35000 (पैंतीस हजार) है। तथा रायला कस्बे की जनसंख्या 15000 (पन्द्रह हजार) है। यहां यात्रियों को इस ट्रेन के नहीं रूकने से काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उक्त गाड़ी का ठहराव रायला एवं गुलाबपुरा स्टेशनों पर करना अत्यन्त आवश्यक है। इस संबंध में श्रीमान मण्डल रेल प्रबंधक अजमेर ने अपने पत्र क्रमांक टी/425/57/2017/एमपी/एमएलए दिनांक 22.11.2017 द्वारा सूचित किया कि उक्त ट्रेन का गुलाबपुरा व रायला रोड़ स्टेशन पर ठहराव वाणिज्यक दृष्टि से औचित्यपूर्ण है। आपसे निवेदन है कि उक्त कार्य प्रमुखता से कराने का श्रम करावें। |
| | **रिमार्क्स:–**<br>रायलारोड़ एवं गुलाबपुरा स्टेशन पर कुल यात्री भार एंव आय कम है। परन्तु यात्री सुविधाओं के मध्यनजर प्रस्ताव रेलवे बोर्ड को भेजा जायेगा। |
| 2. | ट्रेन नं. 12982 व 12981 भीलवाड़ा से दिल्ली के लिए एकमात्र ट्रेन है उक्त ट्रेन में I AC Cum II AC लगवाना अत्यन्त आवश्यक है। |
| | **रिमार्क्स:–**<br>I AC Cum II AC Cum III AC कोचों की मांग रेलवे बोर्ड से की गई है, आपूर्ती मिलने पर कोच उपलब्ध कराये जा सकेंगे। |
| 3. | मेरे लोकसभा क्षेत्र के ग्राम भदालीखेड़ा से खेड़ी जित्या के बीच में पोल नं. CURV/42@1232 Is 1233 के बीच में एक अण्डर ब्रिज बनाना अतिआवश्यक है अण्डरब्रिज नहीं होने के कारण ग्रामवासियों के मवेशी दुर्घटना के शिकार हो चुके हैं एवं तीन–चार महिलाएं भी चोट ग्रस्त होकर विकलांग हो चुकी हैं उक्त पोल नं. के मध्य अण्डरब्रिज बनाना अतिआवश्यक है। इस संबंध में सम्पर्क सड़क एवं निर्माण का समस्त खर्च नगर विकास न्यास भीलवाड़ा द्वारा वहन किया जायेगा। |
| | **रिमार्क्स:–**<br>उक्त प्रस्तावित लोकेशन भीलवाड़ा जिले के भदालीखेड़ा से खेड़ी जिले के पोल सं. 1232 से 1233 के मध्य कोई समपार फाटक स्थित नहीं है। रेलवे नियमानुसार उक्त लोकेशन पर अण्डर ब्रिज का निर्माण डिपोजिट आधार पर ही किया जा सकता है। यदि राज्य सरकार द्वारा उक्त लोकेशन पर अण्डर ब्रिज के निर्माण हेतु डिपोजिट आधार पर अर्थात कार्य की सम्पूर्ण लागत वहन करने की सहमति के साथ प्रस्ताव प्राप्त होता है तो उस प्रस्ताव पर रेलवे द्वारा फिजिबलिटी के आधार पर शीघ्र नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। इस संबंध में राज्य सरकार से अभी तक कोई प्रस्ताव प्राप्त नही हुआ है। |
| 4. | निवेदन है कि ट्रेन नं. 12978/12977 सप्ताह में एक दिन शुक्रवार को अजमेर से अर्नाकुलम वाया कोटा रतलाम चलती है। उक्त ट्रेन को सप्ताह में एक दिन और बढ़ाकर वाया भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़, रतलाम होते हुये अर्नाकुलम चालाया जाना चाहिए जिससे रेलवे को दूरी का फायदा तो होगा ही क्योंकि अजमेर से रतलाम वाया कोटा की दूरी 640 किमी. है एवं अजमेर से रतलाम वाया भीलवाड़ा की दूरी 375 किमी है जिससे ट्रेन 265 किमी की दूरी कम तय करके एवं अत्यधिक यात्री भार लेकर अर्नाकुलम पहुंचेगी। जिससे भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़, राजसमन्द, उदयपुर, इन्दौर लोकसभा क्षेत्र के वासियों को फायदा मिलेगा एवं |

| | |
|---|---|
| | रेलवे की आय में बढ़ोतरी होगी। अतः आपसे आग्रह है कि उक्त ट्रेन को सप्ताह में एक दिन अजमेर से अर्नाकुलम वाया भीलवाड़ा, रतलाम होकर चलाने की कृपा करावें। |
| | **रिमार्क्सः–**<br>गाड़ी सं. 12978/12977 अजमेर–एर्नाकुलम (साप्ताहिक) एक्सप्रेस गाड़ी की बारम्बारता बढ़ाने के लिए अतिरिक्त रैक, इन्जन व पाथ की उपलब्धता के साथ सम्बन्धित रेलवे व रेलवे बोर्ड की सहमति की आवश्यकता होगी। उक्त गाड़ी अजमेर–एर्नाकुलम का डायवर्जन IRTTC-2018 में अजमेर–एर्नाकुलम को जयपुर–एर्नाकुलम वाया अजमेर–चन्देरिया–रतलाम परिवर्तित मार्ग से चलाने का प्रस्ताव दिया गया था। जिस पर सहमति नहीं बन पायी। |
| 5. | भीलवाड़ा रेलवे स्टेशन पर फ्री वाई–फाई सुविधा उपलब्ध कराना अतिआवश्यक है। इस संबंध में आपने पत्र क्रमांक एस/जी/242/उपरे/रेलटेल/भाग 7 दिनांक 1.11.2017 द्वारा अवगत कराया गया कि भीलवाड़ा रेलवे स्टेशन को रेलटेल द्वारा ऑप्टीकल फाईबर नेटवर्क द्वारा जोड़ने का कार्य प्रगति पर है। भीलवाड़ा रेलवे स्टेशन को वाई–फाई से जुड़ना अतिआवश्यक है उक्त कार्य को अतिशीघ्र करावें। |
| | **रिमार्क्सः–**<br>भीलवाड़ा स्टेशन पर वाई–फाई की सुविधा दिनांक 21.04.18 से शुरू कर दी गई है। |
| 6. | अजमेर से कोटा के मध्य एक इन्टरसिटी ट्रेन चलाना अतिआवश्यक है जो अजमेर से प्रा चलकर देर रात्रि अजमेर वापस पहुंचे। इस संबंध में श्रीमान पुनीत जी चावला मण्डल रे प्रबंधक, अजमेर ने अपने पत्र क्रमांक टी/425/57/2017/एमपी/एमए दिनांक 23.11.17 द्वारा सूचित किया कि अजमेर–कोटा रूट पर आरक्षित एवं अनारक्षित य यातायात को देखते हुये अजमेर से कोटा के मध्य इन्टरसिटी वाया भीलवाड़ा मांडलगढ़ चल जाने का वाणिज्य औचित्य है। अतः इन्टरसिटी ट्रेन चलाये जाने के आदेश प्रदान करावें। |
| | **रिमार्क्सः–**<br>वर्तमान में अजमेर से कोटा (वाया भीलवाड़ा) 04 जोड़ी साप्ताहिक गाड़ियां चलाई जा रही अजमेर–कोटा (वाया भीलवाड़ा) इन्टरसिटी गाड़ी चलाये जाने हेतु अतिरिक्त रेक/लोको आवश्यकता के साथ पश्चिम मध्य रेलवे की सहमति एवं रेलवे बोर्ड की स्वीकृति आवश्य अजमेर स्टेशन पर सीमित अनुरक्षण सुविधाओं के मध्यनजर अजमेर–कोटा के मध्य प्र इंटरसिटी गाड़ी चलाया जाना परिचालनिक रूप से संभाव्य नहीं है। यदि पश्चिम मध्य द्वारा कोटा में रेक का अनुरक्षण करते हुये ऐसा प्रस्ताव दिया जाये तो सकारात्मक किया जाना संभव है। जिसके लिए आपका सुझाव पश्चिम मध्य रेलवे को भिजवाया ज है। |
| 7. | भीलवाड़ा बड़ा स्टेशन है यहाँ पहले राजकीय रेलवे पुलिस का थाना था जिसे बन्द चौकी में तब्दील कर दिया जिससे मेरे लोकसभा क्षेत्रवासियों को चितौड़ेगढ़ जाना प एवं चौकी के कारण यहाँ स्टॉफ भी पूरा नहीं है जिस कारण राजकीय रेलवे पुलि कर्तव्यों का पूरी तरह से निर्वहन नहीं कर पा रही है अतः शीघ्र ही चौकी को पुनः तब्दील करने का आदेश प्रदान करावें। |
| | **रिमार्क्सः–**<br>राजकीय रेलवे पुलिस राज्य सरकार का अंग है। जोकि रेलवे के अधीन नहीं भीलवाड़ा रेलवे स्टेशन पर स्थापित राजकीय रेलवे पुलिस चौकी को थाने में परिव के लिये राज्य सरकार द्वारा निर्णय लिया जा सकता है। भीलवाड़ा रेलवे स्टेशन प रेलवे पुलिस चौकी को राजकीय रेलवे पुलिस थाने में क्रमोन्नत किए जाने हेतु प्रस्त |

| | |
|---|---|
| | 25.10.2017 को अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस (पुनर्गठन)–जयपुर को भिजवाया गया है। राजकीय रेलवे पुलिस चौकी को राजकीय रेलवे पुलिस थाने में क्रमोन्नत किए जाने के संबंध में स्वीकृति मिल जाने पर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। |
| 8. | 59603 अजमेर–उदयपुर पैसेन्जर को अजमेर की जगह जयपुर तक बढ़ाया जावे ताकि ग्रामीण परिवेश की जनता का राजधानी से पूरा पूरा जुड़ाव हो जायेगा एवं उक्त ट्रेन को अन्त्योदया एक्सप्रेस में चलाया जावे। |
| | **रिमार्क्स:–**<br>गाड़ी सं 59603/59604 अजमेर–उदयपुर सवारी गाड़ी का अजमेर में सीमित लाई ओवर (12.10घण्टे) एवं प्राथमिक अनुरक्षण मदार स्टेशन पर होने के कारण जयपुर तक विस्तार किया जाना परिचालनिक रूप से संभव नहीं है। |
| 9. | गाड़ी नं. 9721/9722 जयपुर से उदयपुर हॉलीडे ट्रेन की श्रेणी मे चलती है उक्त ट्रेन राजधानी को जोड़ने वाली प्रमुख ट्रेन है और अपनी 100 प्रतिशत क्षमता पर चलती है। हॉलीडे ट्रेन होने के कारण उक्त ट्रेन के कोचों की स्थिति बड़ी ही खराब है विशेषकर एसी चेयरकार के डिब्बों की स्थिति को सुधारा जावे। स्पेशल ट्रेन की श्रेणी में होने के कारण मेरे लोकसभा क्षेत्र के वासियों को किराया भी अधिक देना पड़ रहा है। आपने पत्र क्रमांक जी/पीजी/156/एमपी/एमएलए/2017/121/दिनांक 08.02.18 द्वारा सूचित किया कि उक्त प्रस्ताव अन्तर रेलवे समय सारणी बैठक 2015, 2016, 2017 में भेजा गया था आपने बताया कि उक्त ट्रेन को अंत्योदय एक्सप्रेस की श्रेणी में डाला गया है आपसे निवेदन है कि उक्त ट्रेन की जगह ट्रेन नं. 59603 को अंत्योदय ट्रेन की श्रेणी में डाला जावे। |
| | **रिमार्क्स:–**<br>गाड़ी सं. 09721/09722 के स्थान पर अन्त्योदय एक्सप्रेस संचालित किया जाना रेलवे बोर्ड द्वारा घोषित किया गया है।<br>गाड़ी संख्या 09721/22 जयपुर–उदयपुर होली डे स्पेशन को अंत्योदय श्रेणी में परिवर्तित करने पर द्वितीय श्रेणी अनारक्षित किराये से 15 प्रतिशत की वृद्वि होगी तथा अंत्योदय एक्सप्रेस प्रकार की गाड़ियों में वातानुकूलित श्रेणियों की अनुपलब्धता रहती है। इस गाड़ी में चलने वाली वातानुकूलित श्रेणियों की वार्षिक औसत उपयोगिता लगभग 75 प्रतिशत होती है। यहाँ यह भी संज्ञान में लाया जाता है कि उदयपुर एवं जयपुर राजस्थान के दो प्रमुख पर्यटक स्थल है जिसके मध्य विदेशी सैलानी भी यात्रा करते हैं, ऐसे में वातानुकूलित श्रेणी अधिक लोकप्रिय रहती है। पूर्ण अनारक्षित गाड़ियों की अपेक्षा मिश्रित श्रेणी स्पेशल जिसमें सभी प्रकार की श्रेणी हो अधिक लाभप्रद है। अतः गाड़ी संख्या 09721/22 को अंत्योदय एक्सप्रेस में परिवर्तित कर संचालित करना वर्तमान परिपेक्ष में वाणिज्य दृष्टि से औचित्य पूर्ण नहीं है। इस संबध में रेलवे बोर्ड को पत्र संख्या जी/पीजी/156/एमपी–एमएलए/2107/113 दिनांक 15.12.2017 द्वारा अवगत करा दिया गया है।<br>गाड़ी संख्या 09721/09722 में कुल 11 कोच (GS-04, GSCZ-03, GSZAC-01, ACCN-01 & SLRD/SLR-02) सर्विस में चलाये जा रहे हैं। पर्यवेक्षक तथा अधिकारी स्तर पर भी कोचों को चैक कराया गया है तथा वांछित सुधार हेतु कार्यवाही की जा रही है। |

| | |
|---|---|
| 10. | अजमेर से चेन्नई वाया रेनीगुन्टा जं. सप्ताह में एक दिन ट्रेन चलाई जावे यह क्षेत्र की प्रमुख मांग है। इस संबंध में श्रीमान मंडल रेल प्रबंधक अजमेर ने अपने पत्र क्रमांक टी/425/57/2017/एमपी/एमएलए दिनांक 09.11.17 द्वारा सूचित किया कि अजमेर से चेन्नई ट्रेन वाया भीलवाड़ा वाणिज्यिक दृष्टि से औचित्यपूर्ण है। अतः उक्त ट्रेन चलाना अतिआवश्यक है। |
| | **रिमार्क्सः–**<br>अजमेर से चेन्नई के लिए यात्रियों की सुविधा हेतु उत्तर पश्चिम रेलवे द्वारा अजमेर से रामेश्वरम वाया भीलवाड़ा, रतलाम, तिरूपति, चैन्नई (साप्ताहिक) नयी गाड़ी संचालन हेतु प्रस्ताव अन्तर रेलवे समय सारणी बैठक 2018 मे भेजा गया था, रेलवे बोर्ड से स्वीकृति अपेक्षित है। |
| 11. | निवेदन है कि ट्रेन नं. 16531/16532 अजमेर से बैंगलोर सप्ताह में एक दिन सोमवार क चलती है। इसको सप्ताह में एक दिन और बढ़ाकर वाया भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़, रतलाम बड़ोदा होते हुये चलाने का ओदश प्रदान करने की कृपा करावें। इससे भीलवाड़ा जो वि औद्योगिक नगरी होने के कारण यहां पूरे देश एवं विदेश से व्यापारियों का आना–जाना लग रहता है एवं इससे भीलवाड़ा चित्तौड़गढ़, उदयपुर, रतलाम, इन्दौर लोकसभा क्षेत्र के वासिय का फायदा मिलेगा एवं रेलवे की आय में बढ़ोतरी होगी। इस संबंध में उक्त ट्रेन को एक दि बढ़ा कर भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़, रतलाम होकर चलाया जाता है तो उक्त ट्रेन वाणिज्यि दृष्टि से औचित्यपूर्ण है। इस संबंध में श्री पुनीत चालवा मंडल रेल प्रबंधक, अजमेर द्वारा प क्रमांक टी/425/57/2017/एमपी–एमएलए दिनांक 30.11.17 से सूचित किया गया। |
| | **रिमार्क्सः–**<br>गाड़ी सं. 16531/16532 अजमेर–बैंगलोर गरीब नवाज एक्सप्रेस दक्षिण पश्चिम रेलवे स्वामित्व की गाड़ी है तथा इस गाड़ी का रेक अन्य गाड़ियों के साथ अन्तर्बद्ध होने के कार इस गाड़ी की बारम्बारता बढ़ाया जाना वर्तमान परिपेक्ष्य में संभव नहीं है। आपके सुझाव समुचित कार्यवाही हेतु सम्बधित रेलवे एवं रेलवे बोर्ड को अग्रेषित किया जा रहा है। |
| 12. | निवेदन है कि अजमेर से रामेश्वरम वाया भीलवाड़ा एक यात्री ट्रेन चलाना अति आवश्यक है इस ट्रेन के चलने से अजमेर, भीलवाड़ा, राजसमन्द, चित्तौड़गढ़, उदयपुर लोकसभा क्ष वासियों को लाभ मिलेगा साथ ही तीर्थ राज पुष्कर से रामेश्वरम के लिये सीधी ट्रेन से उपलब्ध होगी। उपरोक्त ट्रेन के सम्बन्ध में उ.प.रेलवे द्वारा उक्त ट्रेन का प्रस्ताव अन्तर रेल समय सारणी बैठक में वर्ष 2012 से लगातार भेजा जा रहा है एवं वर्ष 2017 की बैठक में भेजा गया, लेकिन प्रस्ताव पर स्वीकृति प्राप्त नहीं हुई। उक्त ट्रेन का चलना अति आवश्य है। अतः मेरा आपसे आग्रह है कि अजमेर से रामेश्वरम वाया भीलवाड़ा ट्रेन सप्ताह में ए दिन चलाने का आदेश प्रदान करावें। |
| | **रिमार्क्सः–**<br>अजमेर से रामेश्वरम के लिए यात्रियों की सुविधा के लिए उत्तर पश्चिम रेलवे द्वारा अजमेर रामेश्वरम वाया भीलवाड़ा, रतलाम, तिरूपति, चैन्नई (साप्ताहिक) नयी गाड़ी संचालन प्रस्ताव अन्तर रेलवे समय सारणी बैठक 2018 में पुनः भेजा गया था, जिस पर रेलवे बोर्ड स्वीकृति अपेक्षित है। |

| | | |
|---|---|---|
| 13. | निवेदन है कि भीलवाड़ा रेलवे स्टेशन पर फूड प्लाजा स्वीकृत होकर टेण्डर अलॉट कर दिये गये हैं परन्तु भीलवाड़ा स्टेशन पर फूड प्लाजा का कार्य अभी तक शुरू नहीं हुआ है। DRUCC मेम्बर विजय कुमार लढा ने जानकारी की तो पता चला कि फूड प्लाजा RPF थाने की पुरानी जगह पर लगना है जिसे मण्डल रेल प्रबंधक अजमेर द्वारा अप्रुव्ड भी कर दिया गया है। RPF थाना जो कि नये भवन में स्थानान्तरित हो गया है और वह अपने पुराने अनुउपयुक्त भवन को खाली नहीं करना चाह रहे हैं जिससे आमजन को फूड प्लाजा जैसी महत्वपूर्ण सुविधा से वंचित होना पड़ रहा है। अतः मेरा आपसे आग्रह है कि भीलवाड़ा रेलवे स्टेशन पर स्वीकृत फूड प्लाजा को RPF थाने के अनुउपयुक्त भवन के स्थान पर अविलम्ब शुरू कराने हेतु सम्बधित को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान करावे। |
| | **रिमार्क्सः–**<br>भीलवाडा स्टेशन पर फास्ट फूड यूनिट का अधिग्रहण करने हेतु IRCTC जयपुर को सूचित कर दिया गया है। |
| 14. | निवेदन है कि भीलवाड़ा रेलवे स्टेशन पर अल्पआहार कक्ष नहीं होने के कारण यात्रियों को काफी असुविधा हो रही है। अतः श्रीमान से आग्रह है कि भीलवाड़ा रेलवे स्टेशन पर अल्प आहार कक्ष (रिफ्रेशमेंट रूम) की स्थापना कराने का अविलम्ब आदेश प्रदान करावे। |
| | **रिमार्क्सः–**<br>भीलवाड़ा रेलवे स्टेशन पर फास्ट फूड यूनिट बनाने का कार्य आरम्भ किया जा चुका है। |
| 15. | मेरे लोकसभा क्षेत्र भीलवाड़ा के अन्तर्गत आने वाले गुलाबपुरा रेलवे स्टेशन से हमीरगढ़ रेलवे स्टेशन तक आने वाले अण्डरपासों की स्थिति अत्यधिक खराब है एवं पानी की निकासी नहीं होने से बारिश के दिनों में चार महीने तक इन अण्डरपासों में पानी भरे रहने से काफी परेशानी होती है मेरा आग्रह कि इन अण्डरपासों की स्थिति में शीघ्र सुधार करावें। पानी की निकासी की उच्च गुणवत्ता वाली व्यवस्था अविलम्ब करावें। |
| | **रिमार्क्सः–**<br>लोकसभा क्षेत्र भीलवाड़ा के अन्तर्गत गुलाबपुरा रेलवे स्टेशन से हमीरगढ़ रेलवे स्टेशन तक आने वाले रोड़ अण्डर ब्रिज (आर.यू.बी) में वर्षा ऋतु में पानी की निकासी के कार्य का प्रस्ताव लॉ बुक में सम्मिलित करने हेतु भेज दिया गया है। यह कार्य स्वीकृत हो जाने पर कराया जा सकेगा। वर्तमान में विभागीय स्तर पर पम्प की सहायता से पानी निकाला जा रहा है। |

~~~*****~~~
~~~